आर.एन.आई. नं. 013178/68, पी.ओ.
रजि.नं. मालवा डिवी./04/2024-26

नं. 1 क्षेत्रीय अख़बार

# दैनिक अवन्तिका

सब पे नज़र, सबकी ख़बर

संस्थापक : स्व. श्री गोवर्धनलालजी मेहता | वर्ष 59 अंक 108 | उज्जैन, सोमवार 04 मई, 2026 | ज्येष्ठ कृष्ण 3 संवत् 2083 | पृष्ठ-12 मूल्य-5.00 | www.awantika.com

आलोट के युवक का अपहरण कर उज्जैन में हत्या करने का मामला

## आलोट में युवक का शव सड़क पर रखकर परिजनों का प्रदर्शन

### आरोपियों के घर पर चला प्रशासन का बुलडोजर

दैनिक अवन्तिका ▶▶ रतलाम/उज्जैन

रतलाम जिले के आलोट के विक्रमगढ क्षेत्र निवासी युवक मनीष पिता दिनेश का वहीं रहने वाले युवक ने रंजिश में अपहरण किया और उसे उज्जैन लाकर गलाघोंट कर उसकी हत्या कर दी गई थी। रविवार को पोस्टमार्टम के उपरांत शव आलोट भेजे जाने पर परिजनों एवं क्षेत्रीय निवासियों ने उसे सड़क पर रखकर प्रदर्शन किया। दोपहर उपरांत प्रशासन ने आरोपी युवकों के अवैध निर्माण को तोड़ने की कार्रवाई भी की है।



एक युवक की अपहरण के बाद की गई नृशंस हत्या ने पूरे क्षेत्र में तनाव पैदा कर दिया है। रविवार को गुस्साए परिजनों और ग्रामीणों ने मृतक का शव बीच सड़क पर रखकर चक्काजाम कर दिया। प्रदर्शनकारियों की मांग थी कि हत्यारों का सार्वजनिक जुलूस निकाला जाए और उनके अवैध मकानों को तत्काल जमींदोज किया जाए। प्रदर्शनकारियों के बढ़ते दबाव के बीच प्रशासन ने कार्रवाई शुरू करते हुए आरोपियों के मकानों को तोड़ने की प्रक्रिया प्रारंभ कर दी है।

घटनाक्रम के अनुसार, शुक्रवार रात को आलोट से एक युवक मनीष माली 22 वर्षीय का अपहरण किया गया था। आरोपी उसे उज्जैन शहर के नीलगंगा थाना क्षेत्र के हाटकेश्वर कॉलोनी के ए ब्लाक में अपने मकान पर लेकर आए जहां उसकी रस्सी से गला घोंटकर हत्या कर शव को छिपा दिया गया था। अपहरण के मामले में आरोपित को पकड़ने पर उसकी निशानदेही पर आलोट पुलिस ने नीलगंगा पुलिस उज्जैन के समन्वय से मकान का ताला तोड़ कर शव बरामद किया गया था। नीलगंगा पुलिस ने मर्ग कायम कर शव का पोस्टमार्टम रविवार को करवाया। उसके उपरांत शव परिजनों को सुपुर्द किया गया। सुबह पोस्टमार्टम के उपरांत शव आलोट ले जाया गया। शनिवार को जैसे ही हत्या की खबर फैली थी शाम से ही परिजनों का गुस्सा फूट पड़ा। शनिवार को थाने के घेराव के बाद, रविवार सुबह परिजनों ने शव को सड़क पर रखकर उग्र प्रदर्शन शुरू कर दिया। प्रदर्शन के दौरान परिजनों और स्थानीय निवासियों ने जमकर नारेबाजी की। उनकी मांगें है कि हत्या के आरोपियों का शहर में सार्वजनिक जुलूस निकाला जाए। अपराधियों के अवैध निर्माणों और मकानों को पूरी तरह ध्वस्त किया जाए। मामले की त्वरित सुनवाई कर दोषियों को कठोरतम सजा दी जाए।

### प्रशासनिक कार्रवाई और गिरफ्तारियां

हंगामे और बिगड़ती कानून व्यवस्था को देखते हुए भारी पुलिस बल तैनात किया गया। सूत्रों के अनुसार, प्रशासन ने जनभावनाओं और कानून सम्मत कार्रवाई के तहत आरोपियों के मकान तोड़ने की कार्रवाई शुरू कर दी है। पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए इस हत्याकांड में शामिल मयंक उर्फ महेंद्र सहित तीन मुख्य आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। गिरफ्तार आरोपियों से पूछताछ के बाद और भी गिरफ्तारियां होने की सम्भावना बताई जा रही है।

## देश विदेश


### दिल्ली में लोअर कोर्ट के न्यायिक अधिकारी ने किया सुसाइड

**नई दिल्ली।** दिल्ली में कड़कड़डूमा लोअर कोर्ट में तैनात एक न्यायिक अधिकारी अमन कुमार शर्मा की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। पुलिस और मीडिया को दिए बयान में उनके एक रिश्तेदार ने बताया कि उन्होंने पत्नी के दुपट्टे से फांसी लगाकर आत्महत्या की है। 30 साल के अमन नॉर्थ-ईस्ट डिस्ट्रिक्ट के कड़कड़डूमा कोर्ट में डिस्ट्रिक्ट लीगल सर्विसेज अथॉरिटी के फुल-टाइम सेक्रेटरी के रूप में काम करते थे। अमन ने 19 जून 2021 को दिल्ली न्यायिक सेवा जॉइन की थी। उनकी पत्नी स्वाति भी एक न्यायिक अधिकारी है। रिश्तेदार का दावा है कि मरने से पहले पति-पत्नी के बीच जमकर झगड़ा हुआ था। अमन की पत्नी ने बीच-बचाव करने आए ससुर को भी पुलिस की धमकी दी थी।

### चेन्नई में यात्री चलती फ्लाइट का इमरजेंसी गेट खोलकर कूदा

**चेन्नई।** चेन्नई इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर रविवार सुबह लैंडिंग के दौरान एयर अरेबिया की चलती फ्लाइट में एक यात्री इमरजेंसी गेट खोलकर नीचे कूद गया। यह फ्लाइट शारजाह से चेन्नई पहुंची थी और इसमें 231 यात्री सवार थे। घटना सुबह करीब 3.23 बजे हुई। एयरबस ए320 मॉडल की फ्लाइट जी9 471 रनवे से टर्मिनल की ओर बढ़ रही थी। घटना के बाद पायलट ने तुरंत विमान को रोक दिया और एयरपोर्ट अधिकारियों को सूचना दी। घटना के बाद यात्री एयरपोर्ट के कमर्शियल एरिया की ओर भागने लगा, जिससे कुछ देर के लिए अफरा-तफरी की स्थिति बन गई। हालांकि, सुरक्षा कर्मियों ने तुरंत उसे पकड़ लिया। कूदने के दौरान यात्री घायल हो गया था, उसे इलाज के लिए ले जाया गया।

### धुरंधर 2 बनी दूसरी सबसे बड़ी भारतीय फिल्म



मूवी ने बाहुबली 2 को पीछे छोड़ा अब कलेक्शन में सिर्फ दंगल आगे

**मुंबई।** धुरंधर 2 दुनियाभर में दूसरी सबसे ज्यादा कमाई करने वाली भारतीय फिल्म बन गई। फिल्म की दुनियाभर में कमाई 1,788.32 करोड़ रुपए हो गई। धुरंधर 2 ने बाहुबली 2 को पीछे छोड़ दिया, जिसने 1,788.06 करोड़ रुपए कमाए थे। अब यह सिर्फ दंगल (2070 करोड़) से पीछे है। ट्रेड वेबसाइट सैकनिल्क के अनुसार, फिल्म ने रिलीज के 45वें दिन भारत में 2.77 करोड़ का नेट कलेक्शन किया। फिल्म का कुल भारत नेट कलेक्शन अब 1,138.54 करोड़ रुपए तक पहुंच गया, जबकि भारत में इसका ग्रॉस कलेक्शन 1,362.57 करोड़ रुपए हो गया। ग्रॉस कलेक्शन टिकट से कुल कमाई और नेट कलेक्शन टैक्स के बाद की कमाई होती है। ओवरसीज में फिल्म का कुल कलेक्शन अब 425.75 करोड़ रुपए तक पहुंच गया है। वहीं, फिल्म का वर्ल्डवाइड ग्रॉस कलेक्शन 1,788.32 करोड़ रुपए हो चुका है। धुरंधर के पहले पार्ट ने भारत और अंतरराष्ट्रीय बॉक्स ऑफिस पर शानदार प्रदर्शन किया और दुनियाभर में करीब 1,307 करोड़ रुपए कमाए। भारत में फिल्म का ग्रॉस कलेक्शन 1,005.85 करोड़ रुपए रहा, जबकि नेट कलेक्शन लगभग 840 करोड़ रुपए हुआ। विदेशी बाजारों में भी फिल्म को जबरदस्त रिस्पॉन्स मिला। ओवरसीज में इसने करीब 299.5 करोड़ रुपए कमाए। अमेरिका और कनाडा में 193.06 करोड़ रुपए से ज्यादा की कमाई कर बाहुबली 2 का रिकॉर्ड भी तोड़ा।

### पाकिस्तान में 11 प्रतिशत तक जा सकती है महंगाई दर

**नई दिल्ली।** मिडिल ईस्ट में जारी तनाव और बढ़ते तेल संकट के कारण पाकिस्तान की अर्थव्यवस्था पर दबाव और बढ़ने वाला है। अगर अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमतें बढ़ती रहीं, तो पाकिस्तान में महंगाई दर फिर से दहाई के आंकड़े को पार कर 11% तक पहुंच सकती है। वहीं डॉलर के मुकाबले पाकिस्तानी रुपया की कीमत 298 तक जा सकती है। डॉन और टॉपलाइन सिक्योरिटीज लिमिटेड की पाकिस्तान स्ट्रैटेजी रिपोर्ट में इस बात की जानकारी दी गई है। रिपोर्ट के अनुसार, मौजूदा हालात में अगले एक साल तक महंगाई औसतन 9 से 10% के बीच रह सकती है। वित्त वर्ष 2026 की चौथी तिमाही में इसके 11% से ऊपर जाने का अनुमान है।

### प्रेमी जोड़े ने शिशुपाल पर्वत से कूदकर दी जान

**सरायपाली (महासमुंद)।** छत्तीसगढ़ के पर्यटन मानचित्र पर अपनी पहचान बनाने वाला शिशुपाल पर्वत रविवार सुबह एक भीषण त्रासदी का गवाह बना। सरायपाली के बलौदा थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले इस पर्वत की तराई में एक युवक और युवती के शव मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई। पुलिस की प्रारंभिक शिनाख्त में मृतकों की पहचान डिलेश्वर साव और उसी के गांव बारीकपाली की एक युवती के रूप में हुई है. बताया जा रहा है कि दोनों के बीच लंबे समय से प्रेम प्रसंग चल रहा था। रविवार सुबह जब स्थानीय ग्रामीणों और पर्यटकों ने पहाड़ी के नीचे क्षत-विक्षत शव देखे, तब जाकर इस खौफनाक कदम का खुलासा हुआ। बलौदा पुलिस ने मौके पर पहुँचकर शवों को कब्जे में लिया और पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

दिल्ली के शाहदरा इलाके के विवेक विहार में भीषण आग लग गई

## 4 मंजिला बिल्डिंग में हादसे से 9 की मौत

### इनमें डेढ़ साल का बच्चा शामिल, 15 लोगों को बचाया, एसी में ब्लास्ट की आशंका

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

दिल्ली के शाहदरा इलाके के विवेक विहार में एक चार मंजिला बिल्डिंग में रविवार सुबह भीषण आग लग गई। हादसे में 9 लोगों की मौत हो गई। इनमें 4 पुरुष, 4 महिलाएं और एक डेढ़ साल का बच्चा शामिल है।

दिल्ली फायर सर्विस के मुताबिक, उन्हें सुबह करीब 3.47 बजे आग लगने की सूचना मिली थी। 4 घंटों की मशक्कत के बाद सुबह करीब 8 बजे आग पर काबू पाया गया। बिल्डिंग के अंदर फंसे 10 से 15 लोगों को बचाया गया। इनमें दो लोग घायल हुए हैं।

मृतकों के शव बिल्डिंग के अलग-अलग फ्लोर से बरामद किए गए। स्थानीय पार्षद पंकज लूथरा ने बताया कि कुछ शव इतने बुरे तरह जल चुके हैं कि सिर्फ



कंकाल बचा है। डीएनए टेस्ट के बाद ही मृतकों का पता चल पाएगा।

हादसे को लेकर कुछ लोगों का कहना है कि शॉर्ट सर्किट के कारण आग लगी। वहीं कुछ स्थानीय लोगों ने बताया कि एसी में धमाके के बाद आग फैली। फिलहाल अधिकारियों की तरफ से असली कारण की पुष्टि नहीं हुई है।

### बिल्डिंग के पिछले हिस्से से ज्यादातर शव मिले

दिल्ली फायर सर्विस के अधिकारी मुकेश वर्मा ने बताया कि चार मंजिला बिल्डिंग के हर फ्लोर पर दो 4बीएचके फ्लैट हैं। आग बिल्डिंग के पिछले हिस्से में लगी थी और वहीं सबसे ज्यादा मौतें हुई हैं। 6 फ्लैट्स का सामान जल गया। डीएफएस के मुताबित, खिड़कियों और बालकनी पर ग्रिल और लोहे की रॉड लगी थीं, जिससे रेस्क्यू में दिक्कत आई। फिर भी करीब 15 लोगों को बचाया। इनमें से एक व्यक्ति करीब 30% तक जल गया था, जिसे इलाज के लिए गुरु तेग बहादुर हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया है। दिल्ली पुलिस के अनुसार, बिल्डिंग के पहले फ्लोर से 1 शव, दूसरे फ्लोर से 5 शव और सीढ़ियों से 3 शव मिले, जहां दरवाजा बंद था। आशंका है कि लोगों ने छत पर भागकर जान बचाने की कोशिश की थी।

## राजस्थान में आंधी-बारिश से तीन की मौत

एजेंसी ▶▶ जयपुर

यूपी, बिहार, हरियाणा और उत्तराखंड समेत देश के कई राज्यों में रविवार सुबह से बारिश हो रही है। राजस्थान के जयपुर और आसपास के इलाकों में तेज हवाओं के साथ बारिश हुई। शनिवार को जयपुर, टोंक और अजमेर में 3 लोगों की आंधी-बारिश से मौत हो गई थी। उत्तराखंड के देहरादून में सुबह से तेज बारिश हो रही है। बारिश से पहले पूरा शहर काले घने बादलों से घिर गया। इससे दिन में शाम जैसा माहौल हो गया। हरियाणा के अंबाला में भी बारिश हुई, जिससे कई कॉलोनियों में पानी भर गया है। देश के कई शहरों में अब भी हीटवेव की स्थिति है।

## नीट : सीकर में परीक्षा के दौरान स्टूडेंट बेहोश

### महिला अभ्यार्थियों के दुपट्टे उतरवाए, कलावा कटवाया

एजेंसी ▶▶ कोटा

देशभर में रविवार को सबसे बड़े मेडिकल एंट्रेंस एग्जाम नीट-यूजी 2026 की परीक्षा हुई। इसको लेकर सभी सेंटर्स में सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए। छात्र सौरभ (22) निवासी हनुमानगढ़ परीक्षा देते समय अचानक चक्कर खाकर गिर पड़ा। स्टाफ ने तुरंत 108 एंबुलेंस के प्रोग्राम मैनेजर सुनील बिश्नोई को सूचना दी। जयपुर, जोधपुर, अजमेर सहित कई जिलों में महिला अभ्यर्थियों को दुपट्टे के साथ एंट्री नहीं दी गई। कई कैंडिडेट्स के पास पेन मिला, जिसे सेंटर के बाहर ही रखवा लिया गया। स्टूडेंट्स के हाथों में बंधे कलावा तक कटवा दिए गए। जूते केंद्र के बाहर ही उतरवाए गए। केंद्रों पर तैनात सुरक्षाकर्मियों को भी मोबाइल ले जाने की इजाजत तक नहीं थी। रविवार दोपहर डेढ़ बजते ही केंद्रों के गेट बंद कर दिए गए।

### लखनऊ में 76 केंद्रों पर नीट-यूजी परीक्षा

**लखनऊ।** देशभर के मेडिकल कॉलेजों में प्रवेश के लिए नीट-यूजी परीक्षा रविवार को कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच कराई गई। लखनऊ में परीक्षा के लिए 76 केंद्र थे, जहां 37 हजार से ज्यादा अभ्यर्थियों ने पेपर दिया। जांच के बाद अभ्यर्थियों को परीक्षा केंद्रों में प्रवेश दिया गया। दोपहर 1.30 बजे गेट बंद कर दिया गया। उसके बाद किसी अभ्यर्थी को प्रवेश नहीं मिला।

## ओडिशा में दहीबड़ा खाने से 58 लोग पड़े बीमार एक महिला की मौत



एजेंसी ▶▶ भुवनेश्वर

ओडिशा के जाजपुर जिले से फूड पॉइजनिंग का एक गंभीर मामला सामने आया है। यहाँ के दशरथपुर ब्लॉक के पाटापुर गांव में सड़क किनारे एक विक्रेता से दहीबड़ा खाना ग्रामीणों को भारी पड़ गया। दूषित भोजन के सेवन से कम से कम 58 लोग बीमार हो गए, जबकि एक बुजुर्ग महिला की इलाज के दौरान मौत हो गई। स्वास्थ्य विभाग ने इसे फूड पॉइजनिंग का संदिग्ध मामला बताया है। जानकारी के मुताबिक सुबह करीब 8.30 से 9.30 बजे के बीच एक फेरीवाला गांव में दहीबड़ा बेचने आया था। गांव के कई बच्चों और बड़ों ने उससे नाश्ता खरीदा। खाने के कुछ ही घंटे के बाद लोगों को उल्टी, दस्त, पेट दर्द और चक्कर आने जैसे लक्षण महसूस होने लगे। स्थिति बिगड़ते देख परिजनों ने तुरंत मरीजों को पास के अस्पतालों में भर्ती कराया।

## काउंटिंग ड्यूटी की जानकारी लीक हो रही: सुवेंदु अधिकारी

### टीएमसी का आरोप- बीजेपी के झंडे वाली कार को बिना जांच काउंटिंग सेंटर में एंट्री मिली

एजेंसी ▶▶ कोलकाता

पश्चिम बंगाल में सुवेंदु अधिकारी ने रविवार को कहा कि काउंटिंग ड्यूटी पर तैनात कई अधिकारी अपनी ड्यूटी, लोकेशन और पद की जानकारी अपने विभागीय संगठनों और एसोसिएशन को शेयर कर रहे हैं। उन्होंने इसे नियमों के खिलाफ बताया।

सुवेंदु ने पर पोस्ट कर वॉट्सएप मैसेज के स्क्रीनशॉट भी शेयर किए। उन्होंने कहा कि एक स्प्रेडशीट और लिस्ट सकुर्लेट हो रही हैं। इसमें अधिकारी अपनी इलेक्शन ड्यूटी की जानकारी और काउंटिंग में उनकी भूमिका भर रहे हैं। कोलकाता के भवानीपुर विधानसभा क्षेत्र में रिजल्ट से एक दिन पहले काउंटिंग सेंटर के



बाहर हंगामा हुआ। टीएमसी कार्यकर्ताओं का आरोप है कि बीजेपी के झंडे वाली कार को बिना जांच स्ट्रॉन्गरूम परिसर में एंट्री दी गई। इधर, चुनाव आयोग ने फालता विधानसभा क्षेत्र के सभी 285 पोलिंग स्टेशनों पर 21 मई को दोबारा मतदान कराने का आदेश दिया है। काउंटिंग 24 मई को होगी। ईसीआई के अनुसार, 29 अप्रैल को यहां वोटिंग के दौरान चुनावी नियमों का उल्लंघन हुआ था।

ईरान के सीनियर अधिकारी ने अमेरिका को दी चेतावनी

## होर्मुज को अमेरिकी सेना की कब्रगाह बना देंगे

एजेंसी ▶▶ तेहरान

ईरान के सीनियर अधिकारी मोहसिन रजाई ने अमेरिका को चेतावनी देते हुए कहा कि होर्मुज स्ट्रेट को अमेरिकी सेना की कब्रगाह बना दिया जाएगा। मोहसिन रजाई पहले ईरान की रिवोल्यूशनरी गार्ड में कमांडर रह चुके हैं।

उन्होंने अमेरिकी सेना को समुद्री लुटेरा (पाइरेट) बताते हुए कहा कि अमेरिका दुनिया का इकलौता ऐसा पाइरेट है जिसके पास एयरक्राफ्ट कैरियर हैं।



रजाई ने पिछले महीने इस्फहान में एक अमेरिकी एफ-15ए विमान गिराए जाने का जिक्र करते हुए कहा कि जैसे उस विमान का मलबा पड़ा था, वैसे ही अमेरिकी जहाजों और सैनिकों का भी अंजाम हो सकता है।

वहीं अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने चेतावनी दी है कि ईरान ने कोई गलती की, तो उस पर फिर से हमले हो सकते हैं। उन्होंने कहा कि अमेरिका फिलहाल मजबूत स्थिति में है, जबकि तेहरान दबाव में है और समझौता करना चाहता है।

इसके अलावा ट्रम्प ने ट्रुथ सोशल पर पोस्ट कर बताया कि पाकिस्तान की मध्यस्थता में ईरान की ओर से 14-पॉइंट का प्रस्ताव मिला है, जिसके डिटेल ड्राफ्ट का इंतजार है। इस नए प्रस्ताव का हम रीव्यू भी कर रहे हैं।

5 बच्चे रील बनाने के लिए 60 फीट ऊंची पानी की टंकी पर चढ़े

## सीढ़ी टूटने से 3 बच्चे नीचे गिरे, 1 की मौत

### एयरफोर्स के एमआई-17 हेलिकॉप्टर ने दोनों बच्चों को सुरक्षित निकाला

एजेंसी ▶▶ सिद्धार्थनगर

यूपी के सिद्धार्थनगर में पानी की टंकी पर 16 घंटे से फंसे बच्चों का एयरफोर्स के एमआई-17 हेलिकॉप्टर से रेस्क्यू किया। दोनों को गोरखपुर के एयरफोर्स अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

काशीराम आवास कॉलोनी में 5 बच्चे रील बनाने के लिए 60 फीट ऊंची पानी की टंकी पर चढ़े थे। उतरते वक्त सीढ़ी टूट गई। 3 बच्चे नीचे गिर गए, इनमें से 1 की मौत हो गई, जबकि 2 की हालत गंभीर है। 2 बच्चे रॉड पकड़कर लट गए। फिर धीरे-धीरे टंकी पर चढ़ गए।

टंकी के आसपास दलदल होने की वजह से रेस्क्यू ऑपरेशन में दिक्कतें आईं। हाइड्रॉलिक क्रेन मंगाई गई, लेकिन दलदल के कारण क्रेन टंकी तक नहीं पहुंच पाई। इसलिए 150






मीटर सड़क बनाने का काम शुरू किया गया। देर रात तक 120 मीटर तक सड़क बना ली गई।

इस बीच, रात करीब 3 बजे तेज बारिश शुरू हो गई, जिससे काम रोकना पड़ा। हालात देखते हुए प्रशासन ने सेना की मदद मांगी। इसके बाद रविवार सुबह करीब 5.20 बजे एयरफोर्स का एमआई-17 हेलिकॉप्टर घटनास्थल पर पहुंचा। दोनों बच्चों को सुरक्षित निकाल लिया।



## महाकाल श्रृंगार



ज्योतिर्लिंग महाकालेश्वर का रविवार को आकर्षक श्रृंगार किया गया।

## पक्षपात की सूगबुगाहट

शहर में महाआयोजन को लेकर चौड़ीकरण से विकास को अंजाम दिया जा रहा है। इस विकास में कई आपदा में अवसर को भूना रहे हैं। इनमें जिम्मेदारों पर सवाल खडा हो रहा है। गरीब बस्ती से बाहर आ रही खबरों में यह साफ बताया जा रहा है कि शुरूआत से नपती ही गड़बड़ की गई है। किसी मकान के यहां सेंटर लाइन से नपती की है तो किसी मकान के यहां नाली से की गई है। इसके पीछे फायर बांड काम किया गया है। इसमें अगर शुरु से अंत तक एक जैसी नपती हो जाए तो सर्वे में शामिल रहे यंत्री की जंत्री बन जाएगी और बाद में आए फायर बांड की नपती बंध जाएगी। एक नहीं अनेक स्थानों पर इस मामले को क्षेत्रीय नागरिक बता रहे हैं। यहां तक कि युवा साहब को भी समस्या से अवगत करवाया गया था। युवा साहब ने भेदभाव की नपती को लेकर फायर ब्रांडेड को ताकीद किया तो उनका गुस्सा सातवें आसमान पर चढ़ गया और क्षेत्र में जाकर समस्या बताने वाले घरों को और निशाने पर ले लिया। उन्हें और 1-2 फीट चौड़ीकरण में अपना आशियाना न्यौछावर करना पड़ गया है। क्षेत्र में एक स्थान पर तो चौड़ीकरण को बदल ही दिया गया है। एक अन्य स्थान पर दुकानदार के साथ ग्रीन कार्डिनेशन ने काम किया है। यहां भी वही पुराना तेरा बहाना का उपयोग किया गया है। क्षेत्र में शहरी संस्था की चौड़ीकरण ईमानदारी की कसम पर सवाल खड़े हो रहे हैं। इसमें अब सीता की अग्नि परीक्षा के लिए आवाज उठने की स्थिति बन रही है। खुसूर-फुसूर है कि गालिब मेरे मकान की दिवार क्या गिरी लोगों ने आनेजाने का रास्ता ही बना लिया। अगर शुरूआत से लेकर गरीब बस्ती के गेल से चौड़ीकरण के अंतिम सिरे तक नपती हो जाए तो यहां के रहवासियों के साथ हो रहे भेदभाव का खुलासा ही नहीं होगा बल्कि ग्रीन कार्डिनेशन के त्याग की स्थिति भी खुलेगी।

खुसूर फुसूर

## न्यूज कॉलम

### अखिल भारत हिन्दू महासभा महिला मोर्चा की बैठक संपन्न

**उज्जैन।** मंछामन गणेश कॉलोनी स्थित वरिष्ठ सदस्य हिन्दू महासभा बीएल नामदेव के निवास पर अखिल भारत हिंदू महासभा महिला मोर्चा की बैठक आयोजित की गईं। इसमें विशेषरूप से जिला अध्यक्ष अलका शर्मा द्वारा संगठन विस्तार एवं हिंदू महासभा को जिले एवं नगर वार्ड स्तर तक महासभा का गठन किया जाएगा। बैठक में अन्य पदों पर भी नियुक्तियां की गई, जिसमें अनामिका व्यास को उज्जैन नगर अध्यक्ष बनाया गया एवं सीमा खांडेकर को नगर उपाध्यक्ष डॉ. प्रीति उपाध्याय, नगर उपाध्यक्ष सीमा शर्मा, नगर उपाध्यक्ष मनोनीत किया गया। बैठक में अलका सिन्हा, नीतू पाटीदार, सविता वर्मा एवं महिला मोर्चा की अन्य पदाधिकारी भी उपस्थित रही। जानकारी प्रदेश मीडिया प्रभारी पंडित गौरव शर्मा द्वारा दी गईं।

### जैन सोशल ग्रुप मैत्री के दिव्यांग शिविर में 25 लोगों को प्रत्यारोपित किए गए कृत्रिम अंग



**उज्जैन।** जैन सोशल ग्रुप इंटरनेशनल फेडरेशन व मध्य प्रदेश रीजन द्वारा आयोजित एवं जैन सोशल ग्रुप उज्जैन मैत्री के संयोजन में दिव्यांग शिविर लगाया गया। शिविर में 25 दिव्यांगजनों को कृत्रिम अंगों का प्रत्यारोपण किया गया। कार्यक्रम में मैत्री संस्थापक अध्यक्ष अभिषेक सेठिया ने शिविर के बारे में विस्तृत जानकारी दी। इस अवसर पर अतिथियों ने शिविर का अवलोकन कर डॉक्टर टीम का सम्मान किया। सेवा कार्य के लाभार्थी अभय कुमार अभिषेक कुमार सेठिया परिवार का फेडरेशन एवं रीजन की ओर से बहुमान किया गया। शिविर में उज्जैन उत्तर विधायक अनिल जैन कालूहेड़ा विकास प्राधिकरण अध्यक्ष रवि सोलंकी राजेन्द्र सूरि शोध संस्थान अध्यक्ष पारस जैन फेडरेशन के पूर्व अध्यक्ष अभय सेठिया मध्य प्रदेश रीजन अध्यक्ष राहुल चपड़ोद फेडरेशन के पूर्व उपाध्यक्ष दीपेंद्र कोठारी रीजन सचिव अश्विन मेहता रीजन सहसचिव संजय कोठारी रीजन कोषाध्यक्ष अमित कोठारी और रीजन पूर्वाध्यक्ष विनोद बरबोटा सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे। इस अवसर पर टीम मैत्री से संजय सोनी प्रदीप पिपाड़ा पवन दाता संदीप बाफना मनोज जैन प्रशांत फागनिया लोकेश जैन अजय जैन प्रतीक बाफना और सुलभ बाफना आदि सदस्य मौजूद रहे।

शहर में कम दबाव से पेयजल प्रदाय की शिकायत मिली

# आयुक्त ने कंट्रोल से जांचा मुद्दा तो महापौर फिल्टर प्लांट पहुंचे

## देवासगेट टंकी का सप्लाय लेवल कम मिला, विद्युत बाधा से पंप बंद होने से प्रेशर कम मिल रहा

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

शहर में कम दबाव से पेयजल प्रदाय की शिकायत मिलने पर रविवार को नगर निगम का शासन एवं प्रशासन दोनों ने आमजन की सुध ली। इस दौरान नगर निगम आयुक्त अभिलाष मिश्रा ने पीएचई कंट्रोल रूम की बखिया उधेड़ी तो महापौर मुकेश टटवाल ने फिल्टर प्लांट पर अधिकारियों से जानकारी लेते हुए पानी की जांच करवाई एवं हिदायत दी।

पिछलें कुछ दिनों से शहर में कम दबाव से पेयजल प्रदाय के कारण आम उपभोक्ता को परेशानी का सामना करना पड़ रहा था। रविवार को एमआईसी सदस्य शिवेंद्र तिवारी एवं रजत मेहता द्वारा क्षेत्रों से बराबर मिल रही समस्या से निगम आयुक्त को टंकी नहीं भर पाने के कारण वार्डों में हुई पेयजल व्यवस्था से अवगत कराया गया था। इसके बाद ही नगर निगम शासन पक्ष से महापौर एवं प्रशासन पक्ष से आयुक्त ने सिरे से ही पीएचई के काम को नब्ज से पकड़ने की कवायद की है।



**देवासगेट टंकी का सप्लाय लेवल कम मिला**

आयुक्त मिश्रा द्वारा देवासगेट पानी की टंकी स्थित कंट्रोल रूम में पहुंचकर शहर की पेयजल व्यवस्था हेतु संबंधित कंट्रोल रूम प्रभारी से सप्लाय रजिस्टर में सभी टंकियों के पूर्ण रूप से जल सप्लाई की जानकारी ली गई। सामने आया कि देवास गेट पानी की टंकी पर सप्लाय लेवल कम था जिससे रविवार को सम्बन्धित वार्डो में पेयजल व्यवस्था प्रभावित पायी गई। भेरूगढ़, इंदिरा नगर, क्षीर सागर पानी की टंकी में पानी का सप्लाई लेवल सही पाया गया।

### सप्लाय के दौरान मानिटरिंग करें

निगमआयुक्त ने पीएचई के कार्यपालन यंत्री, सहायक यंत्री को निर्देशित किया गया कि रात्रिकालीन शिफ्ट में टंकी प्रभारी सप्लाई के समय मॉनिटरिंग करें। सभी पेयजल टंकिया उच्च क्षमता के साथ पूर्ण रूप भरे, जिससे नागरिकों के घरों में पेयजल पूरे दबाव से मिले और उन्हें किसी भी तरह की दिक्कत नहीं आए। नागरिकों के घरों में शुद्ध पेयजल सप्लाय किया जाए। शहर के आंतरिक मार्गों के सभी चौड़ीकरण मार्गों पर जल सप्लाय के दौरान भी पीएचई के अधिकारी मॉनिटरिंग कार्य करे। यदि मार्ग में लाइन लीकेजिंग संबंधित कोई समस्या आती है तो उसे त्वरित निराकरण करें। गंभीर एवं गऊघाट जल यंत्रालय के द्वारा नए एवं पुराने शहर में 44 टंकियां में जल सप्लाई किया जाता है।

### फिल्टर प्लांट पर सभी पंप चालू मिले

महापौर गऊघाट स्थित जल यंत्रालय फिल्टर प्लांट का निरीक्षण करने पहुंचे थे। निरीक्षण के दौरान प्लांट के सभी पंप चालू अवस्था में पाए गए साथ ही पानी की शुद्धता की भी जांच की गई जिसमें पानी साफ एवं स्वच्छ पाया गया। अधिकारियों ने बताया कि गऊघाट फिल्टर प्लांट के साथ-साथ अंबोदिया प्लांट के सभी पंप चालू अवस्था में है। प्लांट पर कभी-कभी विद्युत सप्लाई बाधित होने के कारण पंप बंद हो जाते हैं जिसके कारण प्रेशर पूरा नहीं मिल पाता है। शहर में मार्ग चौड़ीकरण एवं निर्माण कार्य प्रचलित है जिसके कारण पीएचई की लाइन क्षतिग्रस्त एवं लीकेज हो जाता है जिसका समय रहते संधारण कार्य कर लिया जाता है। वर्तमान में गंभीर डेम में 608 एमसीएफटी पानी की क्षमता है जिससे 60 दिन तक जलप्रदाय किया जा सकता है।

8 मई को सुख और वैभव के दाता शुक्र करेंगे नक्षत्र परिवर्तन

# कुछ राशि वालों को अच्छा होगा लाभ

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

8 मई को सुख और वैभव के दाता ग्रह शुक्र मृगशिरा नक्षत्र में प्रवेश करेंगे। जिससे कुछ राशि वालों को अच्छा लाभ होता हुआ दिखाई दे रहा है।

ज्योतिष में शुक्र को को शुभ और शक्तिशाली ग्रह माना जाता है। शुक्रदेव को दैत्यों का गुरु भी कहा जाता है। शुक्र का गोचर जब भी एक से दूसरी राशि में होता है या फिर नक्षत्र परिवर्तन करते हैं तो इसका प्रभाव सभी राशियों के जातकों के ऊपर देखने को मिलता है। शुक्र ग्रह की अभी की स्थिति को देखें तो ये अभी अपनी स्व राशि वृषभ में हैं और रोहिणी नक्षत्र में संचरण कर रहे हैं। ज्योतिष शास्त्र की गणना के मुताबिक 8 मई को शुक्र नक्षत्र परिवर्तन करते हुए मृगशिरा नक्षत्र में प्रवेश कर जाएंगे। मृगशिरा नक्षत्र के स्वामी मंगल देव होते हैं। शुक्र के मृगशिरा नक्षत्र में प्रवेश करने से कुछ राशि वालों को किस्मत का अच्छा साथ मिलेगा। मान-सम्मान में वृद्धि होगी। आइए जानते हैं शुक्र के मृगशिरा नक्षत्र में जाने से किन-किन राशि वालों को लाभ मिल सकता है।



- **सिंह राशि –** शुक्र ग्रह का मृगशिरा नक्षत्र में परिवर्तन सिंह राशि वालों के लिए कई मायनों में खास रहने वाला है। इस राशि के जातकों को नौकरी के नए-नए अवसर मिल सकते हैं। लंबे समय से रुके हुए काम पूरे होंगे और आय में वृद्धि के योग हैं। आय के नए-नए स्त्रोत खुल सकेंगे। आपकी आर्थिक स्थिति बेहतर रहेगा और कार्यक्षेत्र में आपके काम की प्रशंसा होगी और आपको मेहनत का फल मिलेगा। उन्नति के पूरे योग बन रहे हैं।
- **कन्या राशि –** कन्या राशि वालों के लिए उनका भाग्य भरपूर साथ देगा। आपकी राशि में शुक्र नवम और दशम भाव में होना का पूरा लाभ मिलेगा। भाग्य में तेजी रहेगी। कार्यो में अच्छी सफलता मिलेगी। नौकरीपेशा जातकों के लिए दिन बहुत ही शुभ और अच्छा रहेगा। जीवन में मान-सम्मान की प्राप्ति होगी। आपको किसी तरह के सम्मान से नवाजा भी जा सकता है। धार्मिक गतिविधियों में हिस्सा लेने का अवसर मिलेगा।
- **वृश्चिक राशि–** शुक्र का मृगशिरा नक्षत्र में गोचर करना आपके लिए बहुत ही अनुकूल साबित हो सकता है। जिन लोगों का जो काम लंबे समय से नहीं हो पा रहा था वह पूरा होगा। वैवाहिक जीवन में साथी का भरपूर साथ मिलेगा और आपकी आय में इजाफा हो सकता है। जो लोग बेरोजगार हैं उनको नई नौकरी के अच्छे अवसर उपलब्ध हो सकते हैं।

# महाकाल पार्किंग से चौबीस खंबा मार्ग तक के निर्माण कार्य का औचक निरीक्षण



दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

नगर निगम आयुक्त अभिलाष मिश्रा ने महाकाल पार्किंग से चौबीस खंबा मार्ग तक निमार्णाधीन सड़क एवं रिटेनिंग वॉल कार्य का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने स्मार्ट सिटी अधिकारियों को निर्देशित किया कि प्रतिदिन की प्रगति रिपोर्ट के आधार पर एक माह का विस्तृत प्रोजेक्ट प्लान तैयार कर प्रस्तुत किया जाए।

आयुक्त ने आईपीई ग्लोबल से प्लानिंग प्रोसेस, मैनपावर, मशीनरी और कार्य की प्रगति से संबंधित विस्तृत जानकारी नियमित रूप से उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। उन्होंने स्पष्ट कहा कि यदि कंसल्टेंट द्वारा कार्य में किसी प्रकार की लापरवाही पाई जाती है, तो नई कंसल्टेंट एजेंसी नियुक्त की जाएगी।

इसके साथ ही मार्ग में मौजूद अस्थायी अतिक्रमण को शीघ्र हटाने के निर्देश भी दिए गए, ताकि निर्माण कार्य में किसी प्रकार की बाधा न आए। उल्लेखनीय है कि स्मार्ट सिटी प्रोजेक्ट के अंतर्गत सिंहस्थ 2028 को ध्यान में रखते हुए महाकाल मंदिर आने वाले श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए इस नए मार्ग का निर्माण किया जा रहा है। यह मार्ग महाकाल पार्किंग से चौबीस खंबा तक लगभग 360 मीटर लंबा और 24 मीटर चौड़ा बनाया जा रहा है, जिसके दोनों ओर रिटेनिंग वॉल का निर्माण भी जारी है।

हर कदम स्वच्छता की ओर

# दीवारों पर आकर्षक चित्रकारी





दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

शहर के प्रमुख चौराहों और सार्वजनिक स्थलों की दीवारें इन दिनों किसी आर्ट गैलरी से कम नहीं दिख रही हैं। स्वच्छ सर्वेक्षण अभियान 2025 के अंतर्गत नगर निगम द्वारा चलाई जा रही पहल के तहत दीवारों पर आकर्षक चित्रकारी और स्वच्छता से जुड़े संदेश उकेरे जा रहे हैं, जो आमजन को स्वच्छता के प्रति जागरूक कर रहे हैं।

इन चित्रों और स्लोगनों के माध्यम से न केवल शहर की सुंदरता में वृद्धि हुई है, बल्कि नागरिकों में साफ-सफाई के प्रति सकारात्मक सोच भी विकसित हो रही है। शहर की गलियों और सार्वजनिक स्थलों पर स्वच्छता बनाए रखने के लिए विशेष प्रयास किए जा रहे हैं, जिसका असर अब साफ तौर पर नजर आने लगा है। इस पहल से बाहर से आने वाले श्रद्धालु और पर्यटक भी प्रभावित हो रहे हैं और उज्जैन की स्वच्छ छवि की सराहना कर रहे हैं। नगर निगम का यह अभियान शहर को स्वच्छ और सुंदर बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम साबित हो रहा है।

तीन दिवसीय विश्व शांति महा अनुष्ठान 14 सतलोक आश्रमों में हुआ एक साथ संपन्न

# मध्यप्रदेश में 80 जोड़ों का दहेज-मुक्त विवाह

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

विश्व शांति एवं मानव कल्याण के उद्देश्य से कबीर परमेश्वर पंथी जगतगुरु तत्वदर्शी संत रामपाल जी महाराज के पावन सानिध्य में 1 से 3 मई तक नेपाल सहित देशभर के 14 सतलोक आश्रमों में तीन दिवसीय विश्व शांति महाअनुष्ठान एक समान रूप से भव्यता के साथ संपन्न हुआ। यह आयोजन आध्यात्मिक चेतना के साथ-साथ सामाजिक सुधार का सशक्त प्रतीक बनकर उभरा।

जनप्रतिनिधि भी हुए शामिल–पूर्व विधायक आष्टा-सीहोर रघुनाथ सिंह मालवीय एवं अखिल भारतीय भलाई महासभा के प्रदेश महासचिव अशोक कुमार मालवीय।



मध्यप्रदेश के सतलोक आश्रम किठोदा (इंदौर) एवं उड़दन (बैतूल) में इस आयोजन के विशेष परिणाम सामने आए। दोनों आश्रमों में कुल 80 जोड़ों का दहेज-मुक्त विवाह मात्र 17 मिनट में अत्यंत सादगीपूर्ण वातावरण में संपन्न कराया गया। इनमें उड़दन आश्रम में 51 जोड़े तथा किठोदा आश्रम में 29 जोड़े वैवाहिक बंधन में बंधे।

मानव सेवा के क्षेत्र में भी उल्लेखनीय योगदान रहा। किठोदा एवं उड़दन आश्रमों में आयोजित रक्तदान शिविरों के माध्यम से कुल 425 यूनिट रक्तदान किया गया, जिसमें उड़दन आश्रम से 282 यूनिट तथा किठोदा आश्रम से 143 यूनिट रक्त संग्रहित हुआ। विशाल धर्म भंडारा तीनों दिन देशी घी से निर्मित व्यंजनों के साथ 24 घंटे चलता रहा और प्रभु प्राप्ति व सुख-शांति के लिए हजारों श्रद्धालुओं ने निशुल्क नाम दीक्षा भी ग्रहण की।

इस पुनीत कार्य के लिए चिकित्सकीय टीमों द्वारा दोनों आश्रमों को रक्त श्री सम्मान से सम्मानित किया गया, जो सेवा भाव की उच्चतम भावना का प्रतीक है। उक्त जानकारी मीडिया सेवादार भक्त मुकेश दास देवल द्वारा प्रदान की गई।

# महाकाल मंदिर की ओर जाने वाले सभी मार्गों पर रोज जाम

## छुट्टियों के दिनों में ज्यादा बिगड़ते हालात, श्रद्धालुओं की भीड़, पार्किंग की कमी और संकरी सड़कों पर बड़े वाहनों से बढ़ रही समस्या

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

महाकालेश्वर मंदिर की ओर जाने वाले प्रमुख मार्गों पर इन दिनों रोजाना जाम की स्थिति बन रही है, जबकि शनिवार-रविवार और अन्य छुट्टियों के दिनों में हालात और ज्यादा खराब हो जाते हैं। इन दिनों वाहनों की लंबी कतारें लग जाती हैं और लोग कई देर तक जाम में फंसे रहने को मजबूर हो रहे हैं।

शनिवार-रविवार को बाहर से आने वाले श्रद्धालुओं की भारी भीड़ के चलते नानाखेड़ा, इंदौर रोड, हरीफाटक चौराहा, हरिफाटक पुल, गुदरी चौराहा सहित महाकाल क्षेत्र के सभी मार्गों पर बार-बार जाम लगता रहा। स्थिति यह रही कि हर 10-10 मिनट में ट्रैफिक रुक जाता था और वाहन रुक-रुककर चलते रहे। कई स्थानों पर ट्रैफिक पुलिस की कमी भी महसूस की गई, जिससे व्यवस्था संभालना मुश्किल हो गया। महाकाल क्षेत्र की सभी पार्किंग फुल हो चुकी हैं, जिसके चलते श्रद्धालुओं को वाहन खड़ा करने के लिए जगह नहीं मिल रही। मजबूरी में लोग सड़कों के किनारे और होटल के बाहर वाहन खड़े कर रहे हैं, जिससे जाम की समस्या और बढ़ रही है।





### हरीफाटक क्षेत्र में पार्किंग की कमी बनी बड़ी वजह

हरीफाटक क्षेत्र में इन दिनों पार्किंग की समस्या बनी हुई है। हरि फाटक पुल के नीचे जहां हाट बाजार लगता है, वहां निर्माण कार्य चलने के कारण पार्किंग बंद है। वर्तमान में केवल मन्नत गार्डन के पास ही पार्किंग की सुविधा उपलब्ध है, जो पर्याप्त नहीं है। इसके कारण पूरे दिन इस क्षेत्र में वाहनों का दबाव बना रहता है और जाम की स्थिति निर्मित होती रहती है।

### मोबाइल लोकेशन के सहारे संकरी गलियों में घुस रहे बड़े वाहन

जाम की एक बड़ी वजह बाहरी वाहनों का संकरी गलियों में प्रवेश करना भी है। बाहर से आने वाले श्रद्धालु मोबाइल लोकेशन के आधार पर शॉर्टकट रास्तों का चयन कर लेते हैं और कार लेकर संकरी गलियों में घुस जाते हैं। इन मार्गों पर बड़े वाहन निकलना मुश्किल होता है, जिससे बीच रास्ते में ही वाहन फंस जाते हैं और जाम लग जाता है। शहर के प्रमुख जाम वाले क्षेत्रों में नानाखेड़ा, हरीफाटक चौराहा, हरि फाटक पुल, जंतर-मंतर, गधा पुलिया, लोहे का पुल, गुदरी चौराहा और दौलतगंज चौराहा शामिल हैं, जहां रोजाना यातायात व्यवस्था प्रभावित हो रही है।

सब पे नज़र, सबकी ख़बर

# दैनिक अवन्तिका

इंदौर | उज्जैन | सोमवार 4 मई, 2026 | www.awantika.com



## न्यूज ब्रीफ

### होटल के बाहर चाकूबाजी, देवास नाका पर तलवार-रॉड से हमला

**इंदौर।** इंदौर के लसूड़िया क्षेत्र में चाकूबाजी और हथियारों से हमले के दो अलग-अलग मामले सामने आए हैं। पुलिस ने दोनों ही मामलों में आरोपियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। स्कीम नंबर 78 स्थित फेब होटल एवांका के बाहर शनिवार को हुए विवाद में प्रवीण गोपालन की शिकायत पर वंश जाधव, जय सेन और आदित्य वर्मा के खिलाफ केस दर्ज किया गया है। प्रवीण के मुताबिक वह अपने दोस्त ऋषिराज के साथ होटल के बाहर मौजूद था। इसी दौरान फोन पर बुलाने के बाद आरोपी वहां पहुंचे और जय सेन ने ऋषिराज से गाली-गलौज शुरू कर दी। विरोध करने पर आरोपियों ने चाकू निकालकर ऋषिराज पर हमला कर दिया, जिससे उसके कमर और पैर के पीछे चोट आई। घटना के बाद आरोपी धमकी देकर फरार हो गए।

### इंदौर में होगा 18वां ब्रिक्स शिखर सम्मेलन आयोजित

**इंदौर।** इंदौर को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर बड़ी पहचान मिलने जा रही है। इस वर्ष भारत में आयोजित होने वाले 18वें ब्रिक्स शिखर सम्मेलन के तहत कृषि मंत्रियों की अहम बैठक 12 और 13 जून को इंदौर में होगी। इससे पहले 9 से 11 जून तक अधिकारियों की तकनीकी बैठकें आयोजित की जाएंगी, जिनमें विभिन्न देशों के विशेषज्ञ कृषि से जुड़े मुद्दों पर चर्चा करेंगे। भारत की अध्यक्षता में होने वाले इस सम्मेलन में ब्राजील, रूस, भारत, चीन और दक्षिण अफ्रीका के अलावा मिस्र, इथियोपिया, ईरान, सऊदी अरब, संयुक्त अरब अमीरात और इंडोनेशिया सहित कुल 11 देशों के कृषि मंत्री भाग लेंगे।

### बाइक सवार को टैंकर ने कुचला, सिर के टुकड़े-टुकड़े

**इंदौर।** शनिवार रात एक दर्दनाक सड़क हादसा हो गया। यहां बाइक से गिरते ही एक युवक के सिर पर पानी के टैंकर का पहिया चढ़ गया। उसके सिर के टुकड़े-टुकड़े हो गए। सड़क पर बिखरे अवशेषों को बाद में हाथों से समेटना पड़ा। घटना शनिवार रात की है। दो युवक काम खत्म कर बाइक से घर लौट रहे थे। स्पीड ब्रेकर पर अचानक संतुलन बिगड़ने से सड़क पर गिर पड़े। इसी दौरान पीछे से आ रहे प्राइवेट पानी के टैंकर ने एक युवक को कुचल दिया। हादसा इतना भयावह था कि युवक की मौके पर ही मौत हो गई।

### जल संरक्षण के लिए महापौर ने चलाई साइकिल

**इंदौर।** जल संरक्षण और संवर्धन के उद्देश्य से जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत जन जागरूकता के लिए रविवार को नेहरू स्टेडियम से क्लीन इंदौर सेव वाटर साइक्लोथान हुई। महापौर ने साइकिल चलाकर जल संरक्षण के लिए लोगों को प्रेरित किया और जल संरक्षण की शपथ दिलाई। महापौर ने कहा आने वाले भविष्य में हमारे बच्चे और उनके बच्चों के लिए पानी बचाने के उद्देश्य से हम लगातार काम कर रहे हैं। इंदौर का भूमि का जल स्तर जो की लगातार कम होता जा रहा है, अगर हम लोग जागरुक नही हुए तो हमारे बच्चे और उनके बच्चों के लिए पानी नहीं रहेगा। इंदौर की जनसंख्या बढ़ रही है, जो जनसंख्या इंदौर की 2030 में अनुमानित थी वह जनसंख्या 2023 में ही बढ़ गई।

### पूर्व प्रेमी ने किया जानलेवा हमला, घर पहुंचकर दी धमकी

**इंदौर।** प्रेम संबंध टूटने के बाद युवक ने युवती पर जानलेवा हमला कर दिया। वारदात के बाद मौके पर मौजूद लोगों ने आरोपी को पकड़कर उसकी पिटाई की और पुलिस के सुपुर्द कर दिया। जूनी इंदौर थाना क्षेत्र में शनिवार को 20 वर्षीय युवती की शिकायत पर उसके पूर्व प्रेमी विक्रम तंवर निवासी दांगीपुरा, मनोहर (झालावाड़, राजस्थान) के खिलाफ चाकूबाजी और अड़ीबाजी का मामला दर्ज किया गया है। युवती ने पुलिस को बताया कि वह एक रेडीमेड कपड़ों की दुकान में काम करती है। विक्रम पहले उसके पिता के रेस्टोरेंट पर काम करता था। करीब दो साल पहले दोनों के बीच दोस्ती हुई और बाद में विक्रम उसे कोटा ले जाकर शादी कर ली। युवती के अनुसार, विक्रम नशे का आदी था, जिससे परेशान होकर उसने एक साल पहले उससे दूरी बना ली और अपने माता-पिता के साथ रहने लगी। शनिवार को आरोपी विक्रम युवती के घर पहुंचा और धमकाते हुए कहा कि वह उसे किसी को मुंह दिखाने लायक नहीं छोड़ेगा। इसके बाद उसने चाकू निकालकर युवती के गाल, पीठ और हाथ पर वार कर दिए। युवती किसी तरह जान बचाकर घर के अंदर भागी। शोर सुनकर आसपास के लोग मौके पर पहुंचे और आरोपी को पकड़कर उसकी जमकर पिटाई कर दी।

### सुपर कॉरिडोर से पीथमपुर निवेश क्षेत्र तक विकसित होगा एकीकृत इंडस्ट्रियल कॉरिडोर

**इंदौर।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव 3 मई को इन्दौर में इस परियोजना के प्रथम चरण का भूमि-पूजन किया। यह पहल प्रदेश में अधोसंरचना, उद्योग और शहरी विकास को एकीकृत रूप में आगे बढ़ाने की रणनीति को स्पष्ट रूप से रेखांकित करती है। मध्यप्रदेश को सुदृढ़ औद्योगिक आधार और आदर्श निवेश गंतव्य के रूप में स्थापित करने की दिशा में इन्दौर-पीथमपुर इकोनॉमिक कॉरिडोर महत्वपूर्ण साबित होगा। कार्यक्रम में शॉर्ट फिल्म के माध्यम से कॉरिडोर के स्वरूप, संभावनाओं और क्षेत्रीय प्रभावों को दिखाया जाएगा। यह कॉरिडोर इन्दौर एयरपोर्ट के समीप स्थित सुपर कॉरिडोर को पीथमपुर निवेश क्षेत्र से जोड़ते हुए एक सुव्यवस्थित औद्योगिक धुरी के रूप में विकसित किया जा रहा है। इसके माध्यम से न केवल औद्योगिक इकाइयों को बेहतर कनेक्टिविटी प्राप्त होगी, बल्कि लॉजिस्टिक्स, परिवहन और बाजार तक पहुंच भी अधिक प्रभावी बनेगी।

---

गेल से नीलगंगा चौड़ीकरण में यंत्रियों के काम पर उठे सवाल

# चौड़ीकरण का एक मार्ग, नपती कहीं सेंटर से तो कहीं नाली से

### भेदभाव के आरोप, रहवासी आयुक्त तक पहुंचे पर नहीं मिला न्याय

दैनिक अवन्तिका ▶▶ उज्जैन



गेल से नीलगंगा चौड़ीकरण में यंत्रियों के काम पर सवाल उठे हैं। क्षेत्रीय नागरिकों का भेदभाव का आरोप सामने आया है। इसे लेकर आयुक्त तक भी मसला पहुंचा लेकिन रहवासियों को न्याय नहीं मिल सका है। चौड़ीकरण के इस मार्ग पर कहीं नपती सेंटर से करने की बात कही जा रही है तो कहीं पर नाली से। इसके चलते भेदभाव के हाल कायम हो रहे हैं। नगर निगम इंदौर रोड पर नानाखेड़ा चौराहा के पास गेल इंडिया के पीछे से नीलगंगा तक मार्ग चौडीकरण कर रहा है। इस मार्ग को 18 मीटर चौडा किया जा रहा है। मार्ग के बीच में एक मीटर का डिवाईडर रखा जाना है। इसके साथ ही एक मीटर का दोनों ओर फुटपाथ बनाया जाएगा। इस काम को ठेकेदार अंजाम देने वाला है। साईड क्लीयर की स्थिति में क्षेत्रीय रहवासी स्वयं अपने मकानों को तुड़वा रहे हैं।

#### आयुक्त से मिले लेकिन न्याय नहीं मिला

क्षेत्रीय रहवासियों के अनुसार नपती को लेकर आ रही समस्या से आयुक्त अभिलाष मिश्रा को उनके बंगले पर जाकर अवगत करवाया गया था। इस पर आयुक्त ने उनसे मिलने पहुंचे नागरिकों के नाम लिखकर सभी को आश्वस्त किया था। इसके बाद क्षेत्र में आयुक्त के आने का रहवासियों को इंतजार है।

#### बाढ़ ग्रसित क्षेत्र

खास यह है कि यह क्षेत्र गरीब बस्ती के रूप में देखा जाता रहा है और बाढ़ के समय इस क्षेत्र के निवासियों को माडल स्कूल के अस्थाई कैंप में सालों से ठहराया जाता रहा है। अधिक वर्षा के समय भी इस क्षेत्र में जल भराव की स्थिति आम रही है। ऐसे में चौड़ीकरण के बनाए जाने वाले मार्ग एवं नाले का सकरा होने की स्थिति ही नहीं शिप्रा के गऊघाट बेक वाटर की स्थिति इसे प्रभावित कर सकती है। एकता नगर में तो पानी भरता रहा है।

#### इस नपती पर आपत्ति

क्षेत्रीय रहवासियों के अनुसार गेल से नीलगंगा के इस मार्ग में एकता नगर के मुहाने पर ही एक मकान के यहां डायवर्शन का लाभ दिया गया है जो कि सत्ता से संबंधित मसला बताया जा रहा है। इससे सामने की पट्टी के रहवासियों को अधिक समर्पण करना पड़ रहा है। इसी प्रकार इसके कुछ आगे आने पर यंत्रियों के आपसी भाईचारे के तहत करीब डेढ़ से 2 मीटर अधिक एवं गैलरी को बख्शते हुए सामने की पट्टी से जमीन ली जा रही है। इसके अलावा भी कुछ मामलों में हरि बयार चलने से चौड़ीकरण का लाभ संबंधित एवं अधिकारियों को मिल रहा है।

---

# इंदौर में बाबू ने गबन के रुपयों से कर्जा चुकाया

## 512 कर्मचारियों के खाते में आए एरियर के रुपयों में से 49 लाख रुपये परिचितों को ट्रांसफर कर दिए

### एमपीआरटीसी में घोटाला: पुलिस ने मुख्य आरोपित को कोर्ट पेश कर पांच दिन का रिमांड मांगा

### पुलिस अब तत्कालीन संभागीय प्रबंधक राजेश मीणा की तलाश में छापे मार रही है

दैनिक अवन्तिका ▶▶ इंदौर

मध्यप्रदेश सड़क परिवहन निगम (एमपीआरटीसी) में हुए 49 लाख रुपये के घोटाले में मास्टर माइंड बाबू मोहम्मद शकील निकला। उसने गबन के रुपयों से कर्जा चुका दिया और लोगों के खाते में रुपये ट्रांसफर कर दिए। पुलिस अब तत्कालीन संभागीय प्रबंधक राजेश मीणा की तलाश में छापे मार रही है।

एमजी रोड़ पुलिस ने प्रभारी संभागीय प्रबंधक अशोकसिंह तोमर की शिकायत पर नौशाद एहमद,वासू श्रीवास्तव, शैली श्रीवास्तव, मुस्कान खान, नीता श्रीवास्तव, रजिया सुल्तान, शाइस्ता खान, फातमा बी, तेहनाज कुरैशी, शमीम कुरैशी, मती इशरत और मुशब्बीर के खिलाफ केस दर्ज किया था।

#### सीबीआई की रिपोर्ट

आरोपित बैंक अफसर ने धोखाधड़ी से चुकाया गोल्ड लोनपद्मश्री जनक पलटा के साथ हुई 23.47 लाख की धोखाधड़ी के दो आरोपितों ने सीबीआई के समक्ष चौकाने वाला खुलासा किया है। आरोपित तत्कालीन बैंक अफसर दिनेश डोंगरे ने पलटा के खाते से निकाले रुपयों से गोल्ड लोन की राशि जमा कर दी थी। उसके सहयोगी चंदन जीनवाल ने तो आनलान गेमिंग में रुपये गंवा दिए। पद्मश्री से सम्मानित जनक पलटा का भारतीय स्टेट बैंक(बिचौली मदार्ना) में खाता है। उन्होंने स्पेशल टर्म डिपाजिट (एसटीडीआर) की थी। आरोपित दिनेश डोंगरे ने उनके मोबाइल नंबर बदल कर 23.47 लाख रुपये निकाल लिए। उसमें से 10 लाख रुपये परिचित पंकज जीनवाल के खाते में ट्रांसफर कर दिए।

पुलिस ने शुक्रवार को मास्टर माइंड मोहम्मद शकील को गिरफ्तार किया तो बताया उसने 512 कर्मचारियों के खाते में आए एरियर के रुपयों में 49 लाख रुपये परिचितों को ट्रांसफर कर दिए थे। उसने बताया कि उसके उपर कर्जा था। उसने शासकीय रुपयों से कर्जा चुका दिया। मोहम्मद शकील ने राजेश मीणा से अनुमति और हस्ताक्षर करवाना स्वीकारा है। टीआई विजयसिंह सिसोदिया के मुताबिक पुलिस राजेश की तलाश में बीनागंज गुना गई है।

---

## समर वेकेशन में इंदौर-मुंबई के बीच एसी सुपरफास्ट स्पेशल ट्रेन

दैनिक अवन्तिका ▶▶ उज्जैन

गर्मियों की छुट्टियों के देखते हुए रेलवे से इंदौर से मुंबई तक के लिए एक सुपरफास्ट स्पेशल ट्रेन चलाने का फैसला किया है। ट्रेन संख्या 09079 मुंबई सेंट्रल-इंदौर स्पेशल प्रत्येक रविवार एवं मंगलवार को 23:20 बजे मुंबई सेंट्रल से प्रस्थान करेगी। अगले दिन दोपहर 1 बजे बजे इंदौर पहुंचेगी।

पश्चिम रेलवे द्वारा यात्रियों की सुविधा तथा विशेष रूप से यात्रा की मांग को ध्यान में रखते हुए मुंबई सेंट्रल और इंदौर स्टेशनों के बीच विशेष किराये पर एसी सुपरफास्ट स्पेशल ट्रेन चलाने का निर्णय लिया गया है। ट्रेन संख्या 09079/09080 मुंबई सेंट्रल-इंदौर एसी सुपरफास्ट स्पेशल दोनों दिशाओं में 17-17 फेरे चलेगी। यह ट्रेन 3 मई, 2026 से 28 जून, 2026 तक चलेगी। पश्चिम रेलवे के रतलाम मंडल के जनसंपर्क अधिकारी मुकेश कुमार ने बताया कि ट्रेन संख्या 09080 इंदौर-मुंबई सेंट्रल स्पेशल प्रत्येक सोमवार एवं बुधवार को 17:00 बजे इंदौर से प्रस्थान करेगी।

---

ब्रांड का उपयोग कर बेच रहे थे नकली कपड़े

## पूमा और अण्डर आर्मर के 8.5 लाख के लोअर-टीशर्ट जब्त, केस दर्ज

दैनिक अवन्तिका ▶▶ इंदौर

पुलिस ने छावनी क्षेत्र में दबिश देकर नामी कंपनियों के लोगो लगाकर बेचे जा रहे नकली कपड़ों का बड़ा जखीरा पकड़ा है। शुरूआती जांच में बड़े नेटवर्क की आशंका जताई जा रही है।

संयोगितागंज पुलिस ने छावनी स्थित ताबा बिल्डिंग में संचालित ह्यूमन इंटरप्राइजेज पर दबिश दी। यहां आरोपी पूमा और अंडर आर्मर के लोगो लगाकर नकली टी-शर्ट, लोअर और जैकेट बेच रहे थे। इन्हें असली बताकर ग्राहकों से ठगी की जा रही थी।



कार्रवाई के दौरान पुलिस ने पूमा लोगो लगे 1025 टी-शर्ट और लोअर, जिनकी कीमत करीब 4.10 लाख रुपए है, जब्त किए। वहीं अंडर आर्मर लोगो लगी 510 जैकेट, जिनकी कीमत लगभग 4.59 लाख रुपए है, भी बरामद की गईं। इस मामले में पुलिस ने देवास के सिविल लाइन निवासी गौरव नामदेव और उज्जैन निवासी उमेश उपाध्याय को आरोपी बनाया है। दोनों के खिलाफ कॉपीराइट एक्ट की धाराओं में प्रकरण दर्ज किया गया है। पुलिस के अनुसार, कंपनी की ओर से लीगल एडवाइजर सुमित शर्मा और मेहुल घोले ने शिकायत दर्ज कराई थी। उन्होंने बताया कि वे मुंबई स्थित कंपनी की ओर से अधिकृत हैं। पुलिस को आशंका है कि नकली ब्रांडेड कपड़ों का यह कारोबार बड़े स्तर पर संचालित हो रहा है। फिलहाल आरोपियों से पूछताछ कर सप्लाई चेन और इस नेटवर्क से जुड़े अन्य लोगों की जानकारी जुटाई जा रही है।

---

# इंदौर का पारा 40 डिग्री, आज भी ऐसा ही मौसम

## रात का तापमान दो दिनों से 25 डिग्री से ज्यादा होने से बेचैनी

दैनिक अवन्तिका ▶▶ इंदौर

इंदौर में पिछले एक हफ्ते से तापमान कम होने से गर्मी कम जरूर हुई थी लेकिन शनिवार को अहसास कुछ अलग रहा। दिन के तापमान में हल्की बढ़त रही और तापमान 40 डिग्री सेल्सियस रहा लेकिन दोपहर 12 से 4 बजे के बीच काफी तपिश रही। रात का तापमान दो दिनों से 25 डिग्री सेल्सियस से ज्यादा बना हुआ है।

इंदौर में दिन का पारा कम होने से कुछ राहत थी लेकिन अब कम तापमान में भी तपिश गर्मी का अहसास करा रही है। हालांकि बीते दिनों की तुलना में असर जरूर कम है। शुक्रवार को दिन का तापमान 39.4 (-1) डिग्री सेल्सियस था जो शनिवार को मामूली बढ़त के साथ 40.0 (-1) डिग्री सेल्सियस रहा जो सामान्य से 1 डिग्री कम है। हालांकि अभी लू के थपेड़े नहीं है लेकिन गर्मी के साथ उमस भी है।

रात का तापमान शुक्रवार को 25.6 (+2) डिग्री सेल्सियस था। शनिवार को इसमें हल्का इजाफा रहा और 25.7 (+2) रिकॉर्ड किया गया। रविवार सुबह से मौसम साफ है और धूप चढ़ने के साथ अभी गर्मी कम है लेकिन तेज धूप का असर दोपहर करीब 4 घंटे तक ज्यादा रहेगा। मौसम वैज्ञानिकों के मुताबिक राजस्थान में मौसम में आए बदलाव के कारण अभी गर्म हवाओं का रुख कमजोर हुआ है इससे इंदौर और आसपास के क्षेत्रों में राहत है





#### सीहोर में गेहूं भीग गया

सीहोर जिले के इछावर सहित बोरदी झालकी और भाऊखेड़ी में तेज हवा आंधी के साथ जमकर बारिश हुई। इस वजह से किसानों का गेहूं खराब हो गया। रायसेन में आंधी से वेयर हाउस का टीन शेड उड़ गया। इस वजह से गेहूं और मूंग की फसलें गीली हो गई। नर्मदापुरम की अनाज मंडी में बने केंद्र में रखा गेहूं, चना भीग गया। टीन शेड के अंदर पानी भर गया। बालाघाट में 10 हजार बोरी गेहूं पानी में गीला हो गया। नर्मदापुरम के इटारसी में सूरजगंज लाल ग्राउंड में लगे इटारसी उत्सव मेले का मुख्य प्रवेश द्वार शनिवार को अचानक भरभराकर गिर गया। करीब 20 फीट ऊंचा यह गेट बांस के सहारे बनाया गया था, जो तेज हवाओं का दबाव नहीं झेल सका और कुछ ही पलों में जमीन पर आ गिरा। गनीमत रही कि घटना के वक्त आसपास कोई व्यक्ति मौजूद नहीं था, वरना बड़ा हादसा हो सकता था। आंधी-बारिश के चलते मेले परिसर में पानी भर गया, जिससे स्टॉल संचालकों और दुकानदारों को भी परेशानी का सामना करना पड़ा। वहीं मेले के आसपास लगे टीन शेड भी तेज हवाओं के कारण उखड़कर सड़क पर गिर गए।

---

इंदौर में फर्जी दस्तावेज बनाकर की हेराफेरी, पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू की

# कार बिक्री के नाम पर 25लाख से अधिक की ठगी

दैनिक अवन्तिका ▶▶ इंदौर

संयोगितागंज थाना क्षेत्र में कार बिक्री के नाम पर धोखाधड़ी का मामला सामने आया है। आरोपी ने फर्जी दस्तावेज तैयार कर फरियादी से लाखों रुपए ठग लिए। फरियादी ने संयोगितागंज थाना पुलिस से शिकायत की। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ शनिवार को धारा 316(2) बीएनएस के तहत प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। आरोपी फिलहाल फरार है। पुलिस के मुताबिक जयश्री सिंडिकेट माणिकबाग रोड निवासी तरुण पुत्र नरेश चिनमानी ने फरियादी राजेश जायसवाल से कार बेचने के नाम पर संपर्क किया। आरोपी ने वाहनों से जुड़े फर्जी दस्तावेज तैयार कर भरोसा दिलाया और सौदा तय कर लिया। आरोप है कि उसने धोखे से फरियादी से 25 लाख 15 हजार रुपए ले लिए। बाद में दस्तावेजों की जांच में वे फर्जी निकले।




#### सेकंड हैंड कारों के खरीद-बिक्री की

फरियादी राजेश ने बताया कि वह नवलखा क्षेत्र में इंडियन कार बाजार के नाम से पिछले करीब 28 वर्षों से कारोबार कर रहे हैं। सांघी मोटर्स में सेल्समैन यशवंत के जरिए उनकी मुलाकात सेल्स मैनेजर तरुण से हुई थी। तरुण ने खुद को टोयोटा से जुड़े शोरूम में कार्यरत बताते हुए सेकंड हैंड कारों के खरीद-बिक्री का काम करने की बात कही और विश्वास में लेकर साथ काम शुरू किया।

#### वाहनों पर चल रहा था बैंक का लोन




शिकायत के अनुसार आरोपी ने कुछ वाहनों का सौदा किया, लेकिन बाद में फर्जी एनओसी तैयार कर ऐसे वाहन बेच दिए जिन पर बैंक लोन चल रहा था। जब राजेश को शक हुआ और उन्होंने तरुण से संपर्क करने की कोशिश की, तो उसने मोबाइल बंद कर लिया। कंपनी स्तर पर भी उसकी जानकारी मिलना बंद हो गई और परिवार से भी संपर्क नहीं हो सका।

---

## किसानों के हक के लिए सड़कों पर उतरेगी कांग्रेस

दैनिक अवन्तिका ▶▶ इंदौर

किसानों की विभिन्न मांगों और समस्याओं को लेकर आगामी 7 मई को होने वाले प्रदेशव्यापी चक्काजाम आंदोलन की तैयारियों ने इंदौर में जोर पकड़ लिया है। जिला कांग्रेस अध्यक्ष विपिन वानखेड़े लगातार ग्रामीण क्षेत्रों का दौरा कर आंदोलन की रूपरेखा तैयार कर रहे हैं। रविवार को देपालपुर में कार्यकताओं और किसानों के साथ बैठक कर आंदोलन की रणनीति साझा की गई। आंदोलन को जमीनी स्तर पर सफल बनाने के लिए जिला अध्यक्ष विपिन वानखेड़े पिछले तीन दिनों से मैदानी मोर्चे पर डटे हुए हैं। उन्होंने 30 अप्रैल को राऊ, 1 मई को महू और रविवार 3 मई को देपालपुर में ब्लॉक व मंडलम स्तर के पदाधिकारियों की महत्वपूर्ण बैठकें लीं। इसी कड़ी में रविवार को ही सांवेर विधानसभा में कार्यकर्ताओं के बीच पहुँचें। जिला अध्यक्ष के साथ ही सभी मोर्चा संगठनों और प्रकोष्ठों की भी निरंतर बैठकें चल रही हैं। विपिन वानखेड़े ने बताया कि प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी के निर्देशानुसार किसानों के साथ हो रहे अन्याय के खिलाफ यह बड़ा आंदोलन खड़ा किया जा रहा है।

## न्यूज कालम




## ऐतिहासिक नगरी बुरहानपुर में संपन्न हुआ डाक चौपाल कार्यक्रम

**बुरहानपुर।** भारत सरकार के डाक विभाग द्वारा आयोजित डाक चौपाल कार्यक्रम का आयोजन ऐतिहासिक नगरी बुरहानपुर में गरिमामयी वातावरण में सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में जितेंद्र गुप्ता, महानिदेशक डाक सेवाएं, नई दिल्ली की विशिष्ट उपस्थिति रही। कार्यक्रम में गौरव श्रीवास्तव, पोस्टमास्टर जनरल, इंदौर परिक्षेत्र, आर. एस. रघुवंशी, निदेशक डाक सेवाएं, इंदौर परिक्षेत्र एवं शाह सागर नैलेश, प्रवर अधीक्षक डाकघर खंडवा संभाग की भी गरिमामयी उपस्थिति रही। जितेंद्र गुप्ता ने डाक सेवाओं के सुदृढ़ीकरण, जनसुविधाओं के विस्तार तथा विभिन्न योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन पर प्रकाश डाला विभाग के उत्कृष्ट कार्य करने वाले कर्मचारियों को प्रशस्ति पत्र एवं पुरस्कार प्रदान कर उनका उत्साहवर्धन किया गया सुकन्या समृद्धि योजना के हितग्राहियों को पासबुक वितरित की गईं, जिससे योजना के प्रति जागरूकता बढ़ी तथा लाभार्थियों का विश्वास और अधिक सुदृढ़ हुआ। डाक चौपाल कार्यक्रम के माध्यम से आम नागरिकों और डाक विभाग के बीच संवाद को सशक्त बनाने तथा सेवाओं को और अधिक जनहितकारी बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल की गई।

## मध्य प्रदेश राज्य कर्मचारी संघ महेश्वर तहसील की कार्यकारिणी घोषित

**मंडलेश्वर।** मध्य प्रदेश राज्य कर्मचारी संघ महेश्वर तहसील की नई कार्यकारिणी की घोषणा सर्वसम्मति से की गई। यह घोषणा जिला अध्यक्ष विजय राय सुनहरे एवं जिला सचिव श्याम पाटीदार की सहमति से आगामी दो वर्ष के कार्यकाल के लिए की गई है।घोषित कार्यकारिणी में एकीकृत बालक माध्यमिक विद्यालय छोटी खरगोन में पदस्थ माध्यमिक शिक्षक भूपेंद्र सिंह चौहान को महेश्वर तहसील अध्यक्ष, शैलेंद्र जामुने को सचिव तथा संजय पाटीदार को कोषाध्यक्ष मनोनीत किया गया है।नवनियुक्त पदाधिकारियों के चयन से कर्मचारियों में उत्साह का माहौल देखा जा रहा है। इस अवसर पर कर्मचारी संघ के सदस्यों ने सभी पदाधिकारियों को बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए आशा व्यक्त की कि नई कार्यकारिणी कर्मचारियों की समस्याओं के समाधान, अधिकारों की रक्षा एवं संगठन को सशक्त बनाने की दिशा में प्रभावी कार्य करेगी।नवनियुक्त पदाधिकारियों ने भी संगठन के प्रति अपनी प्रतिबद्धता व्यक्त करते हुए कहा कि वे कर्मचारियों के हितों की रक्षा के लिए सदैव तत्पर रहेंगे और संगठन को नई ऊंचाइयों तक ले जाने का प्रयास करेंगे।





## लाडली उत्सव कार्यक्रम में नवजात बालिकाओं का हुआ सम्मान



**मंडलेश्वर।** सेक्टर मंडलेश्वर में महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा च्लाडली उत्सवज्ञ कार्यक्रम उत्साहपूर्वक आयोजित किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य बालिकाओं के जन्म को प्रोत्साहित करना तथा समाज में बेटियों के प्रति सकारात्मक सोच विकसित करना रहा।इस अवसर पर हाल ही में बालिका को जन्म देने वाली माताओं एवं नवजात बालिकाओं का सम्मान किया गया। सभी माताओं को माला पहनाकर एवं पुष्प भेंट कर उनका स्वागत किया गया, जिससे कार्यक्रम का वातावरण भावनात्मक और प्रेरणादायक बन गया।कार्यक्रम में सेक्टर सुपरवाइजर शकुंतला भवर ने माताओं को श्रीफल भेंट कर सम्मानित किया। उन्होंने माताओं को बालिका के स्वास्थ्य एवं पोषण से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारी देते हुए बताया कि नवजात शिशु को जन्म के बाद कम से कम 6 माह तक केवल स्तनपान ही कराया जाना चाहिए, जिससे बच्चे का शारीरिक और मानसिक विकास बेहतर होता है। इस दौरान आंगनवाड़ी कार्यकताओं की सक्रिय भागीदारी रही। कार्यक्रम में वंदना केवट, मीनाक्षी शर्मा, सुनीता पांडे, अंबिका गोयल, आशा श्रीवास, अलका श्रीवास, रजनी पांडे सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहीं।कार्यक्रम के अंत में सभी उपस्थितजनों ने बालिकाओं के उज्वल भविष्य की कामना की तथा समाज में बेटियों को समान अवसर देने का संकल्प लिया।

## लाड़ली लक्ष्मी दिवस के उपलक्ष में माता पिता ने शासन का किया धन्यवाद

**धार।** लाड़ली लक्ष्मी दिवस के उपलक्ष में शनिवार को जिला पंचायत सभाकक्ष में लाडली बालिकाओं के सम्मान में एक समारोह आयोजित किया गया। राज्य मंत्री महिला एवं बाल विकास विभाग भारत सरकार श्रीमती सावित्री ठाकुर, विधायक श्रीमती नीना वर्मा के मुख्य आतिथ्य में लाड़ली लक्ष्मी दिवस का आयोजन किया गया। जिसमें कक्षा 5, 8, 10 एवं 12 में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली 50 बालिकाओं के लिए अतिथियों द्वारा शील्ड एवं प्रशंसा पत्र के माध्यम से सम्मानित किया गया। समारोह की मुख्य अतिथि राज्य मंत्री श्रीमती सावित्री ठाकुर ने अपने उदबोधन में बताया कि लाडली बेटियां एक जमाने में परिवार पर बोझ हुआ करती थी और परिवार और समाज का इस तरह का दबा हुआ करता था कि बेटियों को जन्म लेने से पहले ही कोख में ही मार दिया जाता था। ऐसे गरीब परिवार जिम बेटियों को पढ़ाई लिखाई का खर्च नहीं कर पाते थे और ऊपर से शादी विवाह की भी चिंता रहती थी। जिसमें बहुत ज्यादा पैसों की जरूरत हुआ करती थी। लेकिन अब परिवार गरीब होने के कारण यह सब नहीं कर पाते थे। लेकिन वर्तमान में बेटियां किसी भी परिवार पर बोझ नहीं है। परिवार की चिंता से मुक्ति दिलाई है, अब बेटियों के पढ़ाई लिखाई के खर्चे से लगाकर शादी ब्याह के खर्चे तक की इस योजना द्वारा व्यवस्था की गई है।

### खरगोन पुलिस ने सुने घर में हुई चोरी की घटना का किया खुलासा

# पुलिस ने चोरी की घटना में शामिल 2 शातिर आरोपियों को किया गिरफ्तार

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ सनावद

पुलिस महानिरीक्षक इंदौर जोन इंदौर (ग्रामीण) श्री अनुराग एवं पुलिस उप महानिरीक्षक निमाड रेंज खरगोन श्री सिद्धार्थ बहुगुणा के द्वारा जिला खरगोन में संपत्ति संबंधी अपराध पर अंकुश लगाने के निर्देश दिये गये थे । वरिष्ठ अधिकारियों से प्राप्त निर्देशों के परिपालन में पुलिस अधीक्षक खरगोन श्री रविन्द्र वर्मा के द्वारा जिला खरगोन में हो रही चोरी एवं लूट की घटनाओं पर अंकुश लगाकर अज्ञात आरोपियों की पतारसी व शीघ्र से शीघ्र गिरफ्तारी करने हेतु निर्देशित किया गया था ।

प्राप्त निर्देशों के परिपालन में अति. पुलिस अधीक्षक खरगोन (ग्रामीण) श्रीमति शकुन्तला रुहल के मार्गदर्शन में जिला खरगोन के समस्त अनुविभागीय अधिकारी पुलिस व थाना प्रभारियों को प्रभावी कार्यवाही करने हेतु निर्देशित किया गया था ।

इसी तारतम्य थाना सनावद की पुलिस टीम ने ग्राम खंगवाडा में सुने घर में हुई चोरी की घटना का खुलासा कर 2 आरोपियों को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है दिनांक 24 अप्रैल को फरियादी धर्मेन्द्र निवासी ग्राम खंगवाडा ने थाना सनावद पर सूचना दी कि, विगत कुछ दिनों से वो अपने परिवार के साथ जब इंदौर में था उनका ग्राम खंगवाडा का घर खाली था तब पड़ोसी द्वारा सूचना मिलने पर फुटेज देखने पर दो अज्ञात व्यक्ति घर का ताला तोड़कर अंदर घुसते दिखाई दिए ।

दिनांक 23 अप्रैल को इंदौर से ग्राम खंगवाडा के घर आकर देखने पर उनके घर की अलमारी के ताले टूटे मिले और उसमें से सोने-चांदी के आभूषण व विदेशी करन्सी के कुछ नोट नगदी गायब थी । जिससे ज्ञात हुआ कि कोई अज्ञात व्यक्ति हमारे घर से सोने चांदी के आभूषण चुरा कर ले गया है । फरियादी की रिपोर्ट पर थाना सनावद पर अपराध क्रमांक 166/26 धारा 331(4), 305 (1) बीएनएस का पंजीबध्द कर विवेचना में लिया गया वरिष्ठ अधिकारियों के द्वारा रात्रि में हुई चोरी की घटना को गंभीरता से लेते हुए थाना प्रभारी सनावद धर्मेन्द्र यादव के नेतृत्व में पुलिस टीम से पुलिस टीम का गठन किया जाकर अज्ञात आरोपियों की तलाश पतारसी कर उनकी धरपकड़ करने हेतु निर्देशित किया गया था ।



गठित पुलिस टीम के द्वारा फरियादी के घर एवं आसपास के आने जाने वाले सभी के संभावित रास्तों के सीसीटीव्ही फुटेजो का संकलन किया गया एवं उन्हें बारीकी से खंगाला गया । जिसमें पुलिस टीम के द्वारा उक्त चोरी की घटना में संलिप्त संदेहियों को चिह्नित किया गया ।

पुलिस टीम के द्वारा स्थानीय स्तर पर मुखबिरों को भी सक्रिय कर सीसीटीव्ही फुटेज में दिख रहे संदेही व उक्त चोरी की घटना में संलिप्त आरोपियों की जानकारी एकत्रित करने के लिए लगाया गया । परिणामस्वरूप पुलिस टीम को विवेचना के दौरान जानकारी मिली कि चोरी के सीसीटीव्ही फुटेज में दिख रहे चोरी के आरोपियों का हुलिया मोहित उर्फ छोटा डेबु एवं बालु उर्फ बाला बामनिया से काफी मिलता जुलता है । प्राप्त जानकारी के आधार पर पुलिस टीम के द्वारा तत्काल संदेही मोहित उर्फ छोटा डेबु एवं बालु उर्फ बाला बामनिया को अभिरक्षा में लेकर मनोवैज्ञानिक व बारीकी से पूछताछ की गई जिसमें दोनों ने उक्त चोरी को कारित करना स्वीकार किया गया । पुलिस टीम के द्वारा आरोपी मोहित उर्फ छोटा डेबु एवं बालु उर्फ बाला बामनिया के कब्जे से चोरी गया सम्पूर्ण मशरुका जिसमें सोने-चांदी के आभूषण कीमती लगभग 11 लाख 50 हजार रुपये के व विभिन्न देशों की विदेशी करन्सी के 10 नोट व 2 सिक्के कीमती लगभग 1 लाख व घटना में प्रयुक्त बिना नंबर की मोटर साइकल कीमती लगभग एक लाख 50 हजार रुपये कुल मशरुका कीमती लगभग 14 लाख रुपये को नियमानुसार विधिवत जप्त कर आरोपियों को माननीय न्यायालय पेश किया जा रहा है ।प्राथमिकी पूछताछ में आरोपी मोहित उर्फ छोटा डेबु ने अपने एक अन्य साथी के साथ मिलकर गोगावां में दुकानों के शटरों के ताले तोड़कर कर चोरी की घटना करना भी बताया है जिसपर आरोपी का पुलिस रिमान्ड लेकर विस्तृत पूछताछ की जाएगी ।

## दुकान की आड़ में अवैध शराब का परिवहन किया जा रहा

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ देपालपुर

गौतमपुरा क्रमांक-2 स्थित कम्पोजिट विदेशी-देशी शराब दुकान को लेकर क्षेत्र में अनियमितताओं और अवैध गतिविधियों के आरोप सामने आए हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि लाइसेंसी फर्म मेसर्स हिमालया ट्रेडर्स, जिसके पार्टनर आशीष शुक्ला बताए जा रहे हैं, की दुकान की आड़ में बड़े स्तर पर अवैध शराब परिवहन और सप्लाई का नेटवर्क संचालित किया जा रहा है।

आरोप है कि क्षेत्र के सैकड़ों स्थानों तक शराब की अवैध आपूर्ति की जा रही है, जिससे शासन को राजस्व हानि होने की आशंका भी जताई जा रही है। सूत्रों के अनुसार गौतमपुरा के हिंगोट मैदान क्षेत्र में एक ढाबे पर कथित रूप से मिनी शराब दुकान जैसी व्यवस्था कर दी गई है, जहां खुलेआम लोगों को बैठाकर शराब परोसी जा रही है। स्थानीय नागरिकों का कहना है कि सार्वजनिक स्थान पर इस तरह शराबखोरी से सामाजिक माहौल प्रभावित हो रहा है और आसपास रहने वाले परिवारों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि संबंधित शराब दुकान से कुछ स्थानीय प्रभावशाली लोगों के जुड़े होने के कारण गौतमपुरा पुलिस और आबकारी विभाग कार्रवाई में रुचि नहीं दिखा रहे हैं।




लोगों का कहना है कि कई बार शिकायतों के बावजूद स्थिति जस की तस बनी हुई है, जिससे प्रशासनिक कार्यप्रणाली पर भी सवाल खड़े हो रहे हैं। उल्लेखनीय है कि आबकारी विभाग द्वारा शराब दुकानों पर क्यूआर कोड स्कैनिंग व्यवस्था लागू की गई है, ताकि ओवर रेटिंग, स्टॉक गड़बड़ी और अवैध बिक्री पर निगरानी रखी जा सके। इसके बावजूद क्षेत्र में कई शराब की बोतलों पर निर्धारित मूल्य से अधिक राशि वसूले जाने तथा रेट में हेरफेर किए जाने के आरोप लगाए जा रहे हैं। इससे उपभोक्ताओं में नाराजगी देखी जा रही है। क्षेत्रवासियों ने जिला प्रशासन, पुलिस विभाग और आबकारी विभाग से पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कर अवैध शराब बिक्री, परिवहन तथा ओवर रेटिंग पर कठोर कार्रवाई की मांग की है। लोगों का कहना है कि यदि समय रहते कार्रवाई नहीं हुई तो अवैध कारोबार और कानून व्यवस्था की समस्या गंभीर रूप ले सकती है। अब देखना यह होगा कि प्रशासन इन आरोपों को कितनी गंभीरता से लेते हुए जांच कर कार्रवाई करता है या फिर मामला केवल शिकायतों तक ही सीमित रह जाता है।

## नारायण पाटीदार बने भाजपा किसान मोर्चा खरगोन जिला अध्यक्ष

**मंडलेश्वर।** भारतीय जनता पार्टी किसान मोर्चा में संगठनात्मक मजबूती की दिशा में महत्वपूर्ण निर्णय लेते हुए खरगोन जिले की कमान नारायण पाटीदार को सौंपी गई है। पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल की सहमति से किसान मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष जयपाल सिंह चावड़ा द्वारा जिला अध्यक्षों की घोषणा की गई, जिसमें खरगोन जिले के लिए नारायण पाटीदार को मनोनीत किया गया।नियुक्ति के बाद मंडलेश्वर स्थित विधायक भवन में पार्टी कार्यकताओं द्वारा नारायण पाटीदार का भव्य स्वागत किया गया। बड़ी संख्या में मौजूद कार्यकताओं ने फूल-मालाओं से स्वागत कर उन्हें नई जिम्मेदारी के लिए शुभकामनाएं दीं। नवनियुक्त जिला अध्यक्ष नारायण पाटीदार ने आभार व्यक्त करते हुए कहा कि पार्टी ने उन्हें जो जिम्मेदारी सौंपी है, वह उस पर पूरी निष्ठा और समर्पण के साथ खरे उतरेंगे। उन्होंने कहा कि प्रदेश नेतृत्व हेमंत खंडेलवाल, जयपाल सिंह चावड़ा तथा जिला अध्यक्ष नंदा दीदी का वे हृदय से आभार व्यक्त करते हैं कि उन्होंने एक साधारण कार्यकर्ता पर विश्वास जताया। इस अवसर पर महेश्वर विधायक राजकुमार मेव ने भी नवनियुक्त जिला अध्यक्ष नारायण पाटीदार को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि उनके नेतृत्व में किसान मोर्चा जिले में और अधिक सक्रिय होकर किसानों के हित में कार्य करेगा। इस अवसर पर मंडलेश्वर मंडल अध्यक्ष डॉ. देवेंद्र पाटीदार ने कहा कि नारायण पाटीदार पहले भी संगठन में महत्वपूर्ण भूमिकाएं निभा चुके हैं।

## वरिष्ठ नागरिक अधिकरण के जज अजमेर सिंह गौर के खिलाफ हाईकोर्ट में न्यायालय की अवमानना का प्रकरण दर्ज

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ बुरहानपुर

(विधवा महिला ने अपनी जमीन जेठ द्वारा हड़पने का आरोप लगाते हुए जमीन वापस दिलाए जाने का प्रकरण "कानून के खिलाफ" निरस्त करने का आरोप लगाते हुए हाईकोर्ट में शिकायत प्रस्तुत की)



बुरहानपुर, दि. 3 मई जस्टिस वर्मा के इस्तीफे के बाद न्यायालयीन गड़बड़ियों से संबंधित विवाद ठंडा ही हो रहा था कि एक अन्य असामान्य घटनाक्रम में बुरहानपुर के वरिष्ठ नागरिक अधिकरण के पीठासीन अधिकारी अजमेर सिंह गौर के खिलाफ बुरहानपुर की विधवा महिला/वरिष्ठ नागरिक सूफिया बानो की अवमानना याचिका दि. 2 मई को हाईकोर्ट जबलपुर बेंच द्वारा दर्ज कर ली गई।

वरिष्ठ नागरिक विधवा महिला सूफिया बेगम ने अमेरिकावासी अपने जेठ याकूब हसन पीरजादा के विरुद्ध अपनी करोड़ों की कृषि भूमि/जमीन हड़पने का आरोप लगाते हुए उन्हें बेदखल करके अपनी जमीन वापस दिलाए जाने का प्रकरण "वरिष्ठ नागरिक अधिकरण बुरहानपुर" में प्रस्तुत किया था।

अधिकरण द्वारा जेठ याकूब हसन पीरजादा को नोटिस जारी होने के बाद उन्होंने उपस्थित होकर अंतरिम आवेदन प्रस्तुत किया। इस अंतरिम आवेदन को स्वीकार कर-के अधिकरण के पीठासीन अधिकारी अजमेर सिंह गौर ने वरिष्ठ नागरिक विधवा महिला सूफिया बेगम का प्रकरण ही निरस्त कर दिया।

इसी को लेकर सूफिया बेगम ने अधिकरण के पीठासीन अधिकारी अजमेर सिंह के विरुद्ध अवमानना याचिका उच्च न्यायालय में प्रस्तुत की है। निकट भविष्य में उक्त अवमानना याचिका पर सुनवाई होने की संभावना है।

याचिकाकर्ता वरिष्ठ नागरिक सूफिया बेगम की ओर से उनके अधिवक्ता मनोज कुमार अग्रवाल "अपीलीय अधिकरण (कलेक्टर) बुरहानपुर" सहित "उच्च न्यायालय (जबलपुर)" में पैरवी कर रहे हैं।

अधिवक्ता मनोज कुमार अग्रवाल ने कहा कि क्योंकि अवमानना याचिका वर्तमान में "उच्च न्यायालय जबलपुर" और अपील "अपीलीय अधिकरण (कलेक्टर बुरहानपुर)" के समक्ष लंबित है, इसलिए अभी वे इससे अधिक कुछ नहीं कह सकते।

## छुट्टियों में नयाशा बिरले ने दीवार पर बनाई भगवान जगन्नाथ की आकर्षक आकृती

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ सनावद

छुट्टियों का सदुपयोग करते हुए खरगोन की जैतापुर कालोनी की रहने वाली नयाशा बिरले कक्षा 8वी छात्रा है जो छुट्टियां मनाने अपनी नानी भागवती पटेल ग्राम बिंजलवाडा छुट्टिया मनाने आई है जहां ने दीवार पर भगवान जगन्नाथ जी की आकर्षक रंगीन आकृति बनाकर सभी को प्रभावित किया है।

अपनी रचनात्मक प्रतिभा का परिचय दिया है।जहां अधिकांश बच्चे छुट्टियों में खेलकूद और मनोरंजन में समय बिताते हैं, वहीं इस बच्ची ने अपनी कला और धार्मिक आस्था को एक नई पहचान दी। रंगों और ब्रश की मदद से दीवार पर बनाई गई यह आकृति देखने वालों को आकर्षित कर रही है।बच्ची ने खाली समय में अपनी रचनात्मकता और कला का परिचय देते हुए साधारण रंगों से यह सुंदर चित्र तैयार किया।



दीवार पर बनाई गई जगन्नाथ जी की आकृति में पारंपरिक रंगों, सुंदर डिजाइन और मासूम कल्पना का अनोखा संगम देखने को मिल रहा है। परिवार के हरवेश बिरले, भावना बिर्ले,प्यारेलाल पटेल, भारती पटेल माया पटेल यशवंत सेजगायां ने बताया की बच्ची को बचपन से ही चित्रकला में रुचि है और छुट्टियों के दौरान उसने अपने इस शौक को नया रूप दिया। घर आने वाले लोग भी इस सुंदर कलाकृति की सराहना कर रहे हैं।ग्रामीणों का कहना है कि बच्चों को मोबाइल और टीवी से हटाकर इस प्रकार की रचनात्मक गतिविधियों से जोड़ना बेहद सकारात्मक पहल है।गुरूदयाल सेजगायां ने बताया कि छुट्टियों के दौरान खाली समय में उसने यह पेंटिंग बनाई।

परिवारजनों के प्रोत्साहन से तैयार की गई इस कलाकृति में रंगों का सुंदर मेल और सादगीपूर्ण प्रस्तुति दिखाई देती है।ग्रामीणो ने बच्ची की इस रचनात्मक पहल की सराहना करते हुए कहा कि इस तरह की गतिविधियां बच्चों की कल्पना शक्ति और कला कौशल को निखारने में सहायक होती हैं। छुट्टियों में किया गया यह रचनात्मक कार्य न केवल बच्ची की प्रतिभा को दशार्ता है, बल्कि यह संदेश भी देता है कि खाली समय का उपयोग सीखने और सृजनात्मक कार्यों में किया जा सकता है।

## बड़वानी में नीट यूजी परीक्षा शांतिपूर्वक संपन्न, 3616 अभ्यर्थियों ने दी परीक्षा

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ बड़वानी

नेशनल टेस्टिंग एजेंसी (एनटीए) द्वारा आयोजित नेशनल एलिजिबिलिटी कम एंट्रेंस टेस्ट नेट यूजी रविवार को बड़वानी जिला मुख्यालय पर शांतिपूर्ण और व्यवस्थित ढंग से संपन्न हुई। चिकित्सा शिक्षा के क्षेत्र में प्रवेश के लिए आयोजित इस देश की सबसे बड़ी प्रवेश परीक्षा के लिए जिला प्रशासन और शिक्षा विभाग द्वारा पुख्ता इंतजाम किए गए थे।

बड़वानी शहर के शहर समन्वयक श्री कुन्दन राठौर से प्राप्त जानकारी के अनुसार, जिले में कुल 3720 अभ्यर्थी पंजीकृत थे। इनमें से 3616 अभ्यर्थी परीक्षा में सम्मिलित हुए, जबकि 104 अभ्यर्थी अनुपस्थित रहे। इन 10 केंद्रों पर हुई परीक्षा छात्रों की सुविधा और पारदर्शिता सुनिश्चित करने के लिए शहर के प्रमुख 10 शिक्षण संस्थानों को केंद्र बनाया गया था। जिसमें एसबीएन शासकीय स्नातकोत्तर महा विद्यालय, शासकीय कन्या महा विद्यालय, बड़वानी, पीएम श्री शासकीय बालक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय क्र.2 बड़वानी, शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय बड़वानी, शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बड़वानी, एसबीएन शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय रूसा भवन, शासकीय पॉलिटेक्निक कॉलेज बड़वानी, एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय, पीएम श्री केन्द्रीय विद्यालय बड़वानी, शासकीय कन्या हाई स्कूल, बड़वानी सम्मिलित रहे।

केंद्रों पर सुरक्षा के कड़े इंतजाम थे और अभ्यर्थियों को गहन तलाशी के बाद ही प्रवेश दिया गया। एनटीए द्वारा निर्धारित ड्रेस कोड और अन्य नियमों का कड़ाई से पालन सुनिश्चित किया गया।

## 23 मई तक बढ़ी गेहूं खरीदी की तारीख

**रतलाम।** मध्यप्रदेश में गेहूं खरीदी में आ रही दिक्कतों के बीच सरकार ने किसानों को राहत देते हुए स्लॉट बुकिंग की तारीख 23 मई तक बढ़ा दी है। भाजपा किसान मोर्चा ने मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव का धन्यवाद व आभार माना इस अवसर पर भाजपा किसान मोर्चा जिला अध्यक्ष रामसिंह सिसोदिया ने बताया की मुख्यमंत्री मोहन यादव ने किसान हितैषी फेसला लेते हुए जो सीएम किसान हेल्पलाइन सुविधा शुरू की इसलिए भी उनका आभार मानते है और मुख्यमन्त्री द्वारा यह वर्ष किसान कल्याण वर्ष के रूप मनाया जा रहा है व 2026 के लिए गेहूं खरीदी की अंतिम तिथि 30 अप्रैल से बढ़ाकर 23 मई 2026 कर दी गई है। ताकि किसानों को सुविधा मिल सके अब किसान 23 मई तक समर्थन मूल्य पर गेहूं बेच सकेंगे । भाजपा जिला मीडिया प्रभारी राकेश पाँचाल ने बताया की गेहूं खरीदी की सीमा एक हजार क्विंटल से बढ़ाकर 2250 क्विंटल कर दी गई है।

## जिले में मकान सूचीकरण कार्य की तैयारी समयबद्ध रूप से पूर्ण

**बड़वानी।** जनगणना 2027 के प्रथम चरण अंतर्गत मकान सूचीकरण कार्य की तैयारियाँ जिले में निर्धारित समय-सीमा के अनुसार सफलतापूर्वक पूर्ण कर ली गई हैं। जिला प्रशासन द्वारा सभी चार्जों में कार्यों की सतत मॉनिटरिंग करते हुए यह सुनिश्चित किया गया है कि निर्धारित दिशा-निर्देशों का पूर्णतः पालन हो। जिला जनगणना अधिकारी के मार्गदर्शन में जिले के सभी तहसील एवं नगरीय चार्जों में मकान सूचीकरण ब्लॉकों (एचएलबी) का गठन एवं सीमांकन कार्य पूर्ण कर लिया गया है। एचएलबीसी पोर्टल पर किसी प्रकार की ओवरलैपिंग अथवा ओमिशन की स्थिति न रहे, इसके लिए विशेष गुणवत्ता जांच कर आवश्यक सुधार भी सुनिश्चित किए गए हैं। सभी प्रगणक एवं पर्यवेक्षकों का प्रशिक्षण कार्य पूर्व में ही पूर्ण किया जा चुका है तथा उन्हें संबंधित एचएलबी एवं सुपरवाइजर सर्कल का आवंटन कर दिया गया है। साथ ही नियुक्ति पत्र, पहचान पत्र एवं आवश्यक किट का वितरण भी सुनिश्चित किया गया है।

## उज्जैन में अवैध शराब परिवहन करता ट्रक पकड़ाया, 45 लाख की 900 पेटी बीयर और ट्रक जब्त, दो युवक गिरफ्तार

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ उज्जैन

उज्जैन में अवैध शराब तस्करी के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए नानाखेड़ा पुलिस ने एक करोड़ रुपए की अवैध बीयर खेप पकड़ी है। पुलिस ने इस मामले में दो तस्करों को भी गिरफ्तार किया है।

मुखबिर की सूचना पर कार्रवाई करते हुए पुलिस ने निनोरा टोल के पास ट्रक को रोका। तलाशी के दौरान ट्रक से 900 पेटी बीयर बरामद की गईं। जिसमें लगभग 21,600 केन थीं। जब्त बीयर की मात्रा 10,800 बल्क लीटर है, जिसकी अनुमानित कीमत 45 लाख रुपए है।

**पुलिस ने ट्रक भी जब्त किया**

पुलिस ने 55 लाख रुपये कीमत का ट्रक भी जब्त किया है। इस प्रकार कुल जब्त सामग्री की कीमत लगभग एक करोड़ रुपए आंकी गई है। पुलिस ने मौके से ट्रक चालक रवि चौहान (22) और उसके साथी गमरा गुजरिया (26) को गिरफ्तार किया। दोनों आरोपी अलीराजपुर जिले के निवासी हैं और प्राथमिक पूछताछ में उन्होंने अवैध परिवहन की बात स्वीकार की है।

यह अवैध बीयर खेप निनोरा टोल होते हुए इंदौर की ओर ले जाई जा रही थी। नगर पुलिस अधीक्षक श्वेता गुप्ता और थाना प्रभारी नरेंद्र कुमार यादव के निर्देशन में नानाखेड़ा पुलिस की टीम ने प्लान कर इस कार्रवाई को अंजाम दिया। दोनों आरोपियों के खिलाफ आबकारी अधिनियम की धारा 34(2) के तहत मामला दर्ज किया गया है।

**नेटवर्क का पता लगा रही पुलिस**

पुलिस अब इस अवैध नेटवर्क से जुड़े अन्य लोगों की तलाश कर रही है। इससे पहले 16 अप्रैल 2026 को भी नानाखेड़ा पुलिस ने दो अलग-अलग जगहों पर कार्रवाई करते हुए 44 पेटी अवैध अंग्रेजी शराब, दो लग्जरी वाहन और फर्जी नंबर प्लेट जब्त की थी। उस कार्रवाई में 4 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया था और करीब 50 लाख रुपए की जब्ती हुई थी, जिससे इंदौर-उज्जैन-गुजरात तक फैले शराब तस्करी नेटवर्क का खुलासा हुआ था।

## कांग्रेस महासचिव का हुआ सार्वजनिक सम्मान

**रतलाम।** अजाक्स जिला शाखा रतलाम के नवनिर्वाचित जिला अध्यक्ष चंद्रशेखर लश्करी एवं कांग्रेस के महासचिव मनोनीत किए गए हितेश पेमाल का गांधीनगर स्थित बगीचे में सार्वजनिक सम्मान किया गया। यह कार्यक्रम डॉक्टर भीमराव अंबेडकर जन्मोत्सव समिति रतलाम के तत्वावधान में आयोजित हुआ। कार्यक्रम में जन्मोत्सव समिति के संयोजक विशाल कंडारे सहित विभिन्न समाजों के पदाधिकारी एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

## न्यूज -कॉलम

### नीट परीक्षा केंद्रों का पुलिस अधीक्षक ने किया निरीक्षण



**उज्जैन।** रविवार को राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश नीट 2026 परीक्षा आयोजित की गई थी। शहर में अलग-अलग कॉलेजों में परीक्षा केन्द्र बनाये गये थे। कड़ी सुरक्षा व्यवस्था में आयोजित हो रही परीक्षा का औचक निरीक्षण करने पुलिस अधीक्षक प्रदीप शर्मा केन्द्रों पर पहुंचे। इस दौरान उन्होने सुरक्षा व्यवस्था, अभ्यर्थियों की सुविधा, यातायात नियंत्रण और अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने उपस्थित पुलिस कर्मियों को निर्देशित किया कि परीक्षा प्रक्रिया के दौरान शांति, पारदर्शिता, अनुशासन बनाए रखा जाए, जिससे सभी अभ्यर्थी बिना किसी व्यवधान के परीक्षा दे सकें। नीट परीक्षा में 200 प्रश्न पूछे गये थे, जिसमें परीक्षार्थियों को 180 प्रश्न करना अनिवार्य था।

### लापता बालिका 18 दिन बाद मजदूरी करती मिली

**उज्जैन।** दौलतपुर से भील परिवार मजदूरी के लिये बड़नगर तहसील आया था। परिवार ड्रीम सिटी में ठहरा था। 14 अप्रैल को परिवार की 16 वर्षीय बालिका अचानक लापता हो गई थी। परिजनों ने अज्ञात व्यक्ति पर बहला-फुसलाकर ले जाने की शंका जताते हुए बडनगर थाना पुलिस को रिपोर्ट दर्ज कराई। मामला नाबालिग से जुडा होने पर अपहरण का प्रकरण दर्ज किया गया। थाना प्रभारी अशोक कुमार पाटीदार ने बालिका की तलाश के लिये एसआई हेमंत कटारे, प्रधान आरक्षक प्रदीप डामोर, रामनारायण चौहान, अश्विन पाठक, मनोहर मोहरी, महिला आरक्षक ज्योति हाडा की टीम गठित की। लगातार तलाश के दौरान 18 दिन बाद शनिवार को पता चला कि बालिका ग्राम चंपेलिया बदनावर में मजदूरी कर रही है। तत्काल टीम बदनावर पहुंची और देर रात बालिका को दस्तयाब कर बडनगर लाया गया। जहां बयान दर्ज करने पर बालिका ने बताया कि मोबाइल चलाते समय मां ने फटकार लगाई थी और मोबाइल छीन लिया था। इसी बात से नाराज होकर वह घर छोडकर चली गई थी। बालिका ने अपने साथ कुछ गलत होना नहीं बताया। थाना प्रभारी के अनुसार बालिका को समझाईश के बाद परिजनों के सुपुर्द किया गया है।

### पानदरीबा में घर के सामने नाली जाम होने पर विवाद

**उज्जैन।** पानदरीबा में मकान बनाने के लिये रखे समान से नाली जाम होने से गंदगी होने पर विजय पिता कैलाशचंद्र भट्ट 40 साल और विजय पिता प्रभाकर राव कानडकर 56 साल के बीच विवाद हो गया। दोनों के बीच गाली गलौज और मारपीट के बाद मामला जान से मारने की धमकी तक जा पहुंचा। मारपीट में दोनों के पिता को चोट आई। मामला खाराकुआ थाना पहुचा तो दोनों पक्ष एक दूसरे पर आरोप प्रत्यारोप करने लगे। विवाद शांत नहीं होने पर पुलिस द्वारा दोनों पक्षों की शिकायत कर मारपीट और धमकी देने का प्रकरण दर्ज कर लिया। विजय कानडकर का कहना था कि विजय भट्ट मकान बना रहा है जिसके चलते सामान उसने घर के सामने रखा है जिसकी वजह से नाली चौक हो गई और गंदा पानी घर के सामने फैल रहा है। नाली जाम होने की बात कही गई तो मारपीट कर जान से मारने की धमकी दी गई है।

### पति से विवाद के बाद खाई नींद की गोलियां

**उज्जैन।** तराना तहसील के ग्राम में रहने वाली सपना पति ईश्वर 35 साल मायके नैनावद में आयोजित शादी में शामिल होने गई थी, पति भी पहुचा था। जहां दोनों के बीच विवाद हो गया उसे वक्त तो परिवार ने मामला शांत कर दिया, लेकिन शनिवार को सपना मायके से लोड कर ससुराल आई तो उसकी फिर से पति से शादी में हुए विवाद को लेकर कहासुनी हो गई। सपना मेडिकल से नींद की गोलियां खरीद कर लाई और खा ली। हालत बिगडने पर उसे तराना अस्पताल ले जाया गया जहां से उज्जैन चरक अस्पताल रैफर किया गया है। सपना की हालत खतरे से बाहर बताई जा रही है पुलिस बयान दर्ज कर पति-पत्नी के बीच काउंसलिंग कराकर मामला खत्म करा सकती है।

### चाकू दिखाकर लोगों को धमका रहा था बदमाश

**उज्जैन।** ग्राम खरसौदकलां ओरडी फंटा मार्ग पर शनिवार-रविवार रात चाकू दिखाकर बदमाश आने-जाने वाले लोगों को धमका रहा था। भाटपचलाना थाना पुलिस को सूचना मिली तो बदमाश को पकडने के लिये घेराबंदी की गई। बदमाश के हिरासत में आने पर उसके पास से साढे बारह इंच का लम्बा धारदार चाकू बरामद हो गया। प्रधान आरक्षक पुष्पराजसिंह ने बताया कि बदमाश इंदौर गौतमपुरा का रहने वाला सुधांशु उर्फ पिंटू पिता यशवंत पंड्या है। जिसके खिलाफ आर्म्स एक्ट का प्रकरण दर्ज कर विवेचना में लिया गया है।

## भयावह हादसे में परिवार के चार सदस्य घायल...

# रफ्तार से दौडती कार ने छीनी महिला की जिंदगी

दैनिक अवन्तिका ▶▶ उज्जैन

रफ्तार से दौड़ती कार के चालक ने रविवार को महिला की जिंदगी छीन ली। हादसे में परिवार चार सदस्य घायल हुये है। जिसमें 3 बच्चे शामिल है। दुर्घटना का सीसीटीवी फुटेज सामने आया है। जिसमें चालक कार लेकर भागता दिखाई दे रहा है।

मामला उन्हेल थाना क्षेत्र के नई दिल्ली चौराहा का है। एसआई मांगीलाल मालवीय ने बताया कि गुरला रोड नई दिल्ली कस्बे में रहने वाली जमीला बी पति सलीम शाह 55 साल परिवार के 3 बच्चों शिफा 13 साल, फरहान 8 साल, इरशाद 6 साल और तबस्सुम पति सरफराज 35 साल के साथ पैदल रिश्तेदारी में आयोजित कार्यक्रम में शामिल होने के लिये जा रही थी। नई दिल्ली चौराहा पर सडक किनारे चल रहे परिवार के सामने रफ्तार से दौडती कार आई और पूरे परिवार को जोरदार टक्कर मार दी। सीधे सामने से टक्कर होते ही जमीला बी उछलकर दूर जा गिरी। बच्चे और तबस्सुम घायल हो



गये। टक्कर मारने के बाद चालक ने कार लेकर भाग निकला। आसपास के लोगों ने घायल बच्चों को संभाला और दोनों महिलाओं को उपचार के लिये अस्पताल पहुंचाया। जहां डॉक्टरों ने परीक्षण के बाद जमीला बी को मृत घोषित कर दिया। घायल बच्चों और तबस्सुम को उपचार के लिये भर्ती किया गया। दुर्घटना की जानकारी सामने आते ही पुलिस मौके पर पहुंच गई थी। कार का नम्बर ट्रेस किया गया है, जिसके आधार पर चालक की तलाश की जा रही है।

एसआई मालवीय के अनुसार मामले में मर्ग कायम कर मृतक महिला का पोस्टमार्टम कराया गया है। वहीं परिवार के इमरान पिता सलीम शाह की शिकायत पर कार चालक के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता की धारा 281, 125 ए, 106 (1) का प्रकरण दर्ज किया गया है। घटनाक्रम के बाद दुर्घटनास्थल पर लगे सीसीटीवी कैमरे का फुटेज सामने आया है। जिसमें सामने से रफ्तार से आती कार को देख पूरा परिवार बचने का प्रयास करता दिखाई दे रहा है। कार चालक ने पहले 1 बच्चों और तबस्सुम को टक्कर मारी और फिर एक बच्ची के साथ जमीला बी को कुचला। फुटेज में कार चालक को रोकने के लिये कुछ लोग पीछे भागते भी दिखाई दे रहे है। थाना प्रभारी संतोष चौहान के अनुसार जल्द कार को जप्त कर चालकों को हिरासत में लिया जायेगा।

### रात में कानीपुरा मार्ग पर हुई दर्दनाक दुर्घटना

चिमनगंज थाना क्षेत्र के कानीपुरा मार्ग पर मल्टी के सामने शनिवार-रविवार रात दर्दनाक दुर्घटना हुई। बाइक पर सवार 2 युवकों को अज्ञात आयशर ने बुरी तरह कुचल दिया। दोनों गंभीर रूप से घायल हो गये। जिन्हे उपचार के लिये चरक अस्पताल लाया गया। जहां कुछ देर बाद एक की मौत हो गई। मृतक और घायल की पहचान करने पर सामने आया कि मृतक समीर पिता शब्बीर 21 साल निवासी मदारबड तराना और घायल सोहेल 22 साल है। रविवार सुबह पोस्टमार्टम के दौरान मृतक समीर के परिजनों ने बताया कि दोनों पेंटरी का काम करते थे। उज्जैन काम करने आये थे और रात में वापस तराना लौट रहे थे। चिमनगंज थाना पुलिस ने अज्ञात आयशर और चालक की तलाश शुरू की है।

## अलीराजपुर के 2 युवक रिमांड पर, 2 युवकों के कबूले नाम....

# गुजरात पासिंग ट्रक में भरी मिली 45 लाख की बीयर

दैनिक अवन्तिका ▶▶ उज्जैन

अवैध शराब का परिवहन होने की खबर पर शनिवार-रविवार रात पुलिस ने नाकाबंदी की और निनौरा टोल के पास से गुजरात पासिंग ट्रक पकडा। जिसमें 45 लाख की बीयर भरी होना सामने आई। 2 युवकों को गिरफ्तार कर 3 दिनों की रिमांड पर लिया गया है। दोनों ने ट्रक में बीयर भरने वाले 2 युवकों के नाम कबूल किये है।

नानाखेडा थाना प्रभारी नरेन्द्र कुमार यादव ने बताया कि रात में खबर मिली थी कि गुजरात पासिंग ट्रक क्रमांक जीजे 17 यू यू 9877 में अवैध शराब का परिवहन हो रहा है। ट्रक इंदौर की ओर जाने वाला है। सूचना पर एसआई हेमंत जादौन, अनिल ठाकुर, प्रधान आरक्षक दिग्विजयसिंह, आरक्षक मुकेश मालवीय, कमल जसौदिया, अनिल हाडा, जगदीश सोनी, राजेश गयंद के



साथ निनौरा टोल के पास नाकाबंदी की गई। ट्रक को रोका गया, जिसमें अलीराजपुर के ग्राम रामसिंह की चौकी के रहने वाले रवि पिता जुबानसिंह चौहान 22 साल और गमरा पिता सुरसिंह गुजरिया 26 साल मौजूद थे। दोनों को हिरासत में लिया गया और ट्रक की तलाशी ली गई। जिसमें शराब की पेटियां भरी हुई थी। ट्रक जप्त कर थाने लाया गया। जहां सामने आया कि 900 पेटी बीयर है। जिसके परिवहन के दस्तावेज ट्रक में मौजूद मिले चालक और परिचालक के पास नहीं है। दोनों के खिलाफ मामले में आबकारी अधिनियम की धारा 34 (2) का प्रकरण दर्ज किया गया। 900 पेटी की कीमत 45 लाख और ट्रक 55 लाख कीमत का होना सामने आया है।

### धार में खाली होना था बीयर से भरा ट्रक

थाना प्रभारी यादव ने बताया कि अवैध शराब परिवहन करते गिरफ्तार किये गये दोनों युवकों को रविवार दोपहर न्यायालय में पेश कर 3 दिनों की रिमांड पर लिया गया है। प्रारंभिक पूछताछ में दोनों ने कबूल किया कि अलीराजपुर के रहने वाले बबलू रावत और बबलू पटेल ने ट्रक में बीयर की पेटियां भरी थी और धार में खाल करने को कहा था। थाना प्रभारी के अनुसार दोनों से पूछताछ जारी है। 2 नाम सामने आने पर उनकी गिरफ्तारी के लिये एक टीम अलीराजपुर रवाना की जायेगी। उसके बाद ही पता चल पायेगा कि 900 पेटी बीयर कहां से और कैसे धार तक पहुंचाई जा रही थी।

# धुआं उठते ही चलती कार बनी आग का गोला



दैनिक अवन्तिका ▶▶ उज्जैन

40 डिग्री से अधिक तापमान में रविवार को चलती कार आग का गोला बन गई। धुआं उठता देख कार में सवार 2 लोगों ने ब्रेक लगा दिये थे। जिसके चलते दोनों की जान बच गई।

राजस्थान के निंबाहेडा निवासी लक्ष्यराज सिंह राठौड अपने साथी के साथ रिश्तेदारी में मिलने खाचरौद के ग्राम अर्जला पहुंचे थे। इसी दौरान उनकी कार के बोनट से अचानक धुआं निकलने लगा। लक्ष्यराज ने कार रोककर जैसे ही बोनट खोला उसमें से आग की लपटे निकलने लगी। लक्ष्यराज और उसके साथी ने भागकर जान बचाई। लेकिन आग तेजी से फैली और कुछ ही मिनटों में पूरी कार आग का गोला बन गई। कार में आग लगने की सूचना मिलते ही खाचरौद पुलिस और फायर ब्रिगेड मौके पर पहुंची और आग पर काबू पाया गया, लेकिन कार पूरी तरह जल चुकी थी। गनीमत रही कि दोनों युवक समय रहते कार से बाहर निकल गए, वरना बडा हादसा हो सकता था। प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि लगातार लंबी दूरी तय करने और भीषण गर्मी के कारण कार की वायरिंग में शार्ट सर्किट हुआ और आग लग गई। कार में डीजल फुल टैंक होने से आग तेजी से फैली उसमें रखा सामान भी और कपडे भी पूरी तरह से जल गये थे। खाचरौद थाना पुलिस ने मामला दर्ज कर आग लगने के कारणों की जांच शुरू कर दी है।

### मायके आई महिला ने खाया जहर, मौत

**उज्जैन।** ग्राम बाड कुम्मेद से 23 वर्षीय महिला को परिजन गंभीर हालत में उज्जैन लेकर पहुंचे थे। निजी अस्पताल में उपचार के दौरान शनिवार रविवार रात 12 बजे महिला की मौत हो गई 15 दिन पहले ही उसकी शादी हुई थी और 2 दिन बाद ही ससुराल से मायके आ गई थी।



बताया जा रहा है कि बाढ़ कुम्मेद में रहने वाली सपना पति हर्षदीप सोलंकी 23 वर्ष को परिजन शनिवार शाम को चरक अस्पताल लेकर पहुंचे थे उसकी हालत गंभीर होने पर निजी अस्पताल ले जाया गया। सपना ने जहरीला पदार्थ खाया था उपचार के दौरान रात में मौत हो गई। रविवार सुबह पोस्टमार्टम के दौरान भाई अजय ने बताया कि सपना की शादी 11 अप्रैल को हुई थी वह अपने ससुराल गई थी 13 अप्रैल को दादी गीता बाई का निधन होने पर मायके आ गई थी उसके बाद से मायके में रह रही थी। सपना का किसी से कोई विवाद नहीं था ना ही उसने किसी को कुछ बताया था। उसकी हालत बिगड़ती देख उपचार के लिए उज्जैन लेकर आए थे। शादी के 15 दिन बाद ही जहर खाकर अपनी जान देने वाली महिला के संबंध में पुलिस द्वारा मामले में मर्ग कायम कर जांच की बात कही गई है।


### जाहिर सूचना

सर्वसाधरण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार श्री भरत मिश्रा पिता श्री बद्रीप्रसाद मिश्रा निवासी-फ्लोर न 202, कन्हेयालाल मार्ग, कलाल सेरी, उज्जैन ने भुमि स्वामी श्री सुदामा पिता रामरतन जाती गेर आदिवासी निवासी इंदोर म.प्र. से कृषि भुमि सर्वे कमांक 167/2/2 रकबा 1.1000 हेक्टयर तथा सर्वे कमांक 167/4/2 रकबा 0.3000 हेक्टयर तथा सर्वे कमांक 167/4/1 रकबा 0.7000 हेक्टयर कुल किता 03 कुल रकबा 2.1000 हेक्टयर स्थित ग्राम मालीखेडी तहसील घटीया जिला उज्जैन को क्रय करने का सौदा चिट्ठी पत्रक किया जाकर बयाना राशि अदा कर दी है। अब शेष विक्रय धन अदा कर विक्रय अनुबंध पत्र व विक्रय पत्र का पंजीयन करवाना शेष हैं। यदि उक्त वर्णित कृषि भुमि पर किसी भी व्यक्ति, संस्था, बैंक, पेढी, शासन आदि का कोई ऋण, भार, बकाया, लेनदारी, आदि हो अथवा कृषि भुमि के संबंध में कोई विवाद हो या कृषि भुमि के विक्रय, स्वामित्व या कब्जे के सम्बंध में कोई आपत्ति हो तो इस जाहिर सूचना प्रकाशन से 07 दिवस की अवधि में मय लिखित प्रमाण मुझसे मेरे कार्यलय में आकर सम्पर्क करें एवं अपना दावा आपत्ति रखें। बाद मियाद अवधि मेरे पक्षकार द्वारा उक्त कृषि भुमि का विक्रय पत्र का सम्पादन अपने हित में करवा लिया जायेगा। तत्पश्चात कोई आपत्ति मेरे पक्षकार के हितों पर बंधनकारी नही होगी। सूचित हो।

दिनांक 3/05/2026

**रजनीश चौहान हाईकोर्ट एडवोकेट**
**कार्यालय 1/16 वीर सावरकर मार्केट, दो तालाब, उज्जैन**
**मो.-7974438496**



### कार्यालय नगर पालिक निगम उज्जैन ( म.प्र. )

**क्रमांक / 2026/290** **उज्जैन दिनांक 03.05.2026**

**केविएट सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि हरसिद्धि पाल से रामघाट तक मार्ग चौड़ीकरण के सम्पादन हेतु नगर निगम को निर्माण एजेंसी नियुक्त किया गया है। माननीय निगम परिषद ठहराव क्र. 12 दिनांक 24.03.2026 की अनुशंसानुसार स्थल पर कार्य किया जा रहा है। उक्त मार्ग के दोनो ओर चौड़ीकरण में बाधक अतिक्रमण / अवैध निर्माण को हटाया जा रहा है सड़क चौड़ीकरण में बाधक अतिक्रमण / अवैध निर्माण के विरूद्ध कोई हितबद्ध / भवन स्वामी/भूमि स्वामी पर एक पक्षीय निषेधाज्ञा प्राप्त न करे इस हेतु माननीय उच्च न्यायालय में नगर पालिक निगम उज्जैन द्वारा केविएट सूचना आवेदन प्रस्तुत किया जा रहा है, जो सूचित हो।

**भवन अधिकारी**
**( आयुक्त के अधिकारों से वैष्ठित )**
**नगर पालिक निगम उज्जैन**


# एलिवेटेड ब्रिज के विरोध में सड़क पर उतरी कांग्रेस

## उज्जैन का प्राचीन स्वरूप बिगाड़ने का आरोप, 10-12 हजार लोगों के आवास और रोजगार पर संकट

**निकाला पैदल मार्च**

दैनिक अवन्तिका ▶▶ उज्जैन

शहर के मध्य प्रस्तावित एलिवेटेड ब्रिज के विरोध में कांग्रेस ने रविवार शाम को जोरदार प्रदर्शन करते हुए पैदल मार्च निकाला। व्यापारियों के समर्थन में उतरी शहर कांग्रेस ने अध्यक्ष मुकेश भाटी के नेतृत्व में निकास चौराहे से कंठाल, दौलतगंज, इंदौर गेट, रेलवे स्टेशन होते हुए देवास गेट चौराहे तक पैदल मार्च निकाला।

पैदल मार्च के दौरान सैकड़ों की संख्या में कांग्रेस पदाधिकारी और कार्यकर्ता हाथों में तख्तियां लेकर नारेबाजी करते हुए आगे बढ़े। रास्ते में कई स्थानों पर व्यापारियों ने मार्च को रोककर अपनी समस्याएं और आशंकाएं



साझा की। शहर कांग्रेस अध्यक्ष मुकेश भाटी ने उन्हें




आश्वस्त किया कि कांग्रेस उनके हितों की रक्षा के लिए पूरी ताकत से संघर्ष करेगी।

देवास गेट चौराहे पर आयोजित सभा को संबोधित करते हुए नेता प्रतिपक्ष डॉ. रवि राय ने सरकार पर तीखा हमला बोला। उन्होंने कहा कि हजारों वर्ष पुरानी धार्मिक और पौराणिक नगरी उज्जैन के स्वरूप के साथ छेड़छाड़ की जा रही है। बड़े पैमाने पर तोड़फोड़ से 10 से 12 हजार लोगों के मकान, दुकान और रोजगार प्रभावित हो रहे हैं, लेकिन सरकार सुनवाई के लिए तैयार नहीं है। कांग्रेस का कहना है कि इस मार्ग पर एलिवेटेड ब्रिज की कोई आवश्यकता नहीं है। यह आगे चलकर महाकाल ब्रिज में मिल जाएगा, जिससे ट्रैफिक का दबाव और बढ़ेगा।


संगठन महासचिव अजय राठौर के अनुसार, पैदल मार्च में अशोक सारवान, अजीत सिंह ठाकुर, राजेश राणा, धीरज यादव, अभिषेक शर्मा, संचित शर्मा, दुर्गेश धवन, आनंद मीणा, बब्लू खींची, मोंटू चंदेल, रहीम लाला, वसीम बंटी, दीनू बड़ोदिया, राहुल लोट, श्याम जटिया, रमेश सांखला, गजेंद्र मारोठिया, अतुल सक्सेना, हर्षवर्धन यादव, सत्यनारायण राठौर, फारूक मंसूरी, उत्तम जायसवाल, छोटेलाल मंडलोई, इमरान खान, जाहिद पहलवान, अर्पित दुबे, राजेश चौहान, चंदू यादव, कृष्णा यादव, सपना सांखला, सोनिया ठाकुर, वंदना मिमरोट, संदीप सूर्यवंशी, सुरेश वासनिक, हिमांशु जोशी, देवेंद्र पाटनी और अनवर बाबा सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता शामिल रहे।


### जाहिर सूचना

एतद सर्वसाधारण का सूचित किया जाता हैं कि मेरे द्वारा दिनांक 12/12/2008 को भूखण्ड क्रमांक 157, श्री मंछामन गणेश नगर, उज्जैन जिसका कुल क्षेत्रफल 84-75 वर्गमीटर जिसकी चर्तुसीमा पूर्व की ओर सड़क, पश्चिम की और भूखण्ड कमांक-174, उत्तर की ओर भवन क्रमांक-157 का भाग व दक्षिण की ओर भवन कमांक-158 हैं। जो कि मेरे द्वारा महेश कुमार पिता देवीलाल चितौडिया निवासी-10, राजीव गांधी नगर, मक्सी रोड़, उज्जैन से क्रय किया गया था। उपरोक्त भवन पर मेरे द्वारा भवन निर्माण करवाया गया था। जिसकी तल मंजिल पर एक हाल, दो बेडरूम, किचन, लेटबाथ व प्रथम तल पर एक हाल, किचन, लेटबाथ व एक बेडरूम का निर्माण करवाया गया था। उपरोक्त संपत्ति मेरे द्वारा स्वयं की आय से अर्जित राशि से क्रय कर निर्माण करवाया गया था। मेरी पत्नि श्रीमती आशा शर्मा का निधन दिनांक 24/07/2005 को हो चुका हैं उपरोक्त संपत्ति को कतईपई लोगों के द्वारा बाले-बाले विक्रय किये जाने का प्रयास किया जा रहा हैं। उपरोक्त संपत्ति का मैं एकमात्र वारिस हूं व संपत्ति को हर प्रकार से स्वत्व, स्वामित्व व आधिपत्य मेरा ही हैं। भवन क्रमांक-157 को विक्रय करने, दान, रहन, आदि करने का अधिकार भी मुझे ही प्राप्त हैं। यदि किसी व्यक्ति, संस्था द्वारा भवन कमांक 157, श्री मंछामन गणेश कॉलोनी, उज्जैन के संबंध में कोई सौदा किसी व्यक्ति से किया गया हो तो वह असत्य एवं निराधार होगा । उपरोक्त भवन के संबंध में किसी व्यक्ति, संस्था के द्वारा क्रय किये जाने का सौदा किसी अन्य व्यक्ति से किया जाता हो तो उपरोक्त संपत्ति का मैं एकमात्र वारिस होने के नाते व सौदा स्वत्व ही निरस्त माना जावेगा। उपरोक्त संपत्ति का नामांतरण समस्त शासकीय दस्तावेजो में मेरे नाम से इन्द्राज हैं। यदि किसी व्यक्ति व संस्था के द्वारा उपरोक्त भवन के संबंध में कोई अनुबंध पत्र या विक्रय पत्र निष्पादन किया गया हो तो वह इस जाहिर सूचना के 15 दिवस के अंदर समस्त दस्तावेजो के साथ आपत्ति प्रस्तुत करें। 15 दिन की अवधि पूर्ण हो जाने के पश्चात उपरोक्त भवन के संबंध में किसी प्रकार की कोई आपत्ति मान्य नहीं की जावेगी। सूचित हो। इति दिनांक 03/05/2026

**प्रेषक - नंदकिशोर शर्मा पिता लक्ष्मीनारायण शर्मा**
निवासी-157, श्री मंछामन गणेश नगर, उज्जैन, म.प्र.

# जब पीरों को बताया, 'संत कौन होते हैं?'



एक बार सिखों के प्रथम गुरु गुरु नानक देव जी मुलतान की यात्रा पर गए। जब मुलतान पहुंचे तो पीरों के बाबा ने दूध से भरा कटोरा भेजा। यह एक तरह का संदेश था कि मुलतान में बहुत से पीर हैं। वह यहां नहीं रहें।

लेकिन बदले में गुरु नानक जी ने उनको बगली का फूल भिजवाया। इसका अर्थ था कि जिस तरह गंगा में सभी सागर समा जाते हैं, ठीक उसी तरह वह भी पीरों में रम जाएंगे।

गुरु नानक देव जी का यह व्यवहार देख पीर प्रसन्न हुए। वह उनसे मिलने के लिए आए। और नानक जी से कहा, हमने आपके साथ इस तरह का व्यवहार किया और आपने क्षमा कर दिया।

तब गुरु नानक जी ने कहा, 'संत हमेशा दूसरों के अच्छे गुण देखकर खुश होते है। पराई स्त्री को बुरी नजर से नहीं देखते। बुरे पुरुषों का संगति नहीं करते। वैरी-मित्र को एक जैसा समझते हैं।

आदर-अनादर, शौक-हर्ष को एक समान समझते हैं। वे परमेश्वर की याद में लीन रहते हैं। पीरों ने गुरु नानक जी के वचन सुन भावनात्मक रूप से उनकी ओर नतमस्तक हो गए।'



सम्पादकीय

## जबलपुर हादसा और मां की ममता

इसमें कोई शक नहीं कि हमारे यहां एडवेंचर टूरिज्म गतिविधियां बहुत तेजी से बढ़ ?रही हैं। बोटिंग तथा समुद्री गतिविधियों के प्रति लोगों का क्रेज भी बढ़ा है लिहाजा, ऐसी गतिविधियों की लोकप्रियता नदियों, समुद्र वाले क्षेत्रों में बहुत बढ़ गई हैं। ये बहुत आकर्षक व मनमोहक हैं लेकिन अगर सुरक्षा नहीं तो समझो जान आफत में चली जाती है। दो दिन पहले जबलपुर में बरगी डैम के पानी में हुए क्रूज हादसे ने सचमुच हिलाकर रख दिया है। कुल 9 लोग डूबकर मर गए ?लेकिन जिस मां व उसके साल भर के बेटे की मौत का भयावह मंजर सोशल मीडिया पर उभरा जिसने पूरी दुनिया की मानवता को झकझोर कर रख दिया है। एक मां के सीने से उसका मासूम बेटा चिपका पड़ा है। दोनों के शव जब डैम के गहरे पानी से निकाले गए ?तो भी वे अलग नहीं हो रहे थे। मां की ममता मौत के बाद भी जीत गई। लाइफ जैकेट पहने मां और उसके सीने से चिपके बेटे की यह दर्दनाक तस्वीर देखकर हर किसी की रुह कांप गई। अथाह पानी के बीच वह मां अपने बेटे को बचाने के लिए ?सीने से लगाकर आखिरी सांस तक लड़ती रही। यह मां और बेटा दिल्ली से गए उस परिवार के सदस्य थे जिसमें इन दोनों को तो काल ने निगल लिया लेकिन पानी की बेरहम लहरों से बचे पिता और बेटी अब जिंदगी भर इस ट्रेजिडी को कभी भुला नहीं पायेंगे। मां-बेटे और साथ ही अन्य लोगों की मौत एक सवालिया निशान लगा रही है। आखिरकार ये लाइफ जैकेट कितनी सेफ है। क्या लाइफ जैकेट सुरक्षा की गारंटी है। इसका जवाब कौन देगा? मौसम के बदलाव या चेतावनी को लेकर क्रूज में सवार चालक दल तथा निगरानी केंद्र के स्टाफ में तालमेल नहीं था तो इस सवाल का भी जवाब कौन देगा?

जबलपुर में हुई क्रूज दुर्घटना ने एक बार फिर भारत में जल-सुरक्षा के मुद्दे को गंभीरता से सामने ला दिया है। ऐसी घटनाएं यह सोचने पर मजबूर करती हैं कि क्या हमारे देश में पानी से जुड़ी गतिविधियों-जैसे बोटिंग, क्रूज यात्रा या नदी-झील पर्यटन के लिए पर्याप्त सुरक्षा व्यवस्था मौजूद है या नहीं। साथ ही, जब हम सिंगापुर और मलेशिया जैसे देशों को देखते हैं, तो वहां की सुव्यवस्थित और सुरक्षित जल-पर्यटन प्रणाली हमें एक तुलना करने के लिए प्रेरित करती है। जबलपुर में हुई दुर्घटना केवल एक हादसा नहीं, बल्कि एक चेतावनी है। अक्सर देखा जाता है कि नावों में क्षमता से अधिक लोग बैठा लिए जाते हैं, लाइफ जैकेट्स की कमी होती है और चालक (ऑपरेटर) को पर्याप्त प्रशिक्षण नहीं दिया जाता। कई बार सुरक्षा नियम सिर्फ कागजों तक सीमित रह जाते हैं।

### 5 राज्यों के विधानसभा चुनाव की आज मतगणना

# क्या परिवर्तन की आंधी में ढहेगा ममता का साम्राज्य ?

यूं तो 'डर के आगे जीत है' सॉफ्ट ड्रिंक माउंटेन ड्यू का स्लोगन/ टैगलाइन है लेकिन इसका प्रयोग सामान्य वातार्लाप में प्रायः होता है। 2026 के इस पश्चिम बंगाल चुनाव में आम जनता ने भी इसे मन वचन और कर्म से अपना कर मतदान किया। वह जनता जो पिछले 2011 से 2024 तक के सभी चुनावों में डर के कारण वोट डालने नहीं जाती थी वह भी इस चुनाव में खुले तौर पर ममता का विरोध करती दिखाई दी। आज जब मतदान प्रतिशत ने बंगाल ही नहीं बल्कि पूरे देश के सारे रिकॉर्ड ध्वस्त कर दिए तब लगता है कि पहले मतदाताओं में वोट डालने के लिए कितना खौफ बना रहता होगा। चुनाव में हिंसा और खून खराबा बंगाल की पहचान बन गई थी लेकिन इस बार ऐसा नहीं हो सका। यही नहीं बंगाल का संभ्रांत तबका जिसे बांग्ला में भद्रलोक कहा जाता है तो वोट देने निकलता ही नहीं था किंतु इस बार बह मतदान केंद्रों तक पहुंचा। पहले उन्हें कहा जाता था दादा आप घर बैठें आपका वोट डल जाएगा इस बार वे सब भी बाहर निकल कर मतदान केंद्रों पर लाइन में खड़े दिखाई दिए। पहले मतदान केंद्र पर वोट के लिए खड़े लोगों को धमका कर वापस किया जाता था कि आप जाओ आपका वोट या तो डाला जा चुका है या डल जाएगा। लेकिन इस बार ऐसा कहने वाले या तो घर में बैठे रहे या आए भी तो सुरक्षा बलों ने खदेड़ दिया। लगता है कि पिछले 2016 और 2021 के विधानसभा चुनाव में ऐसा अवश्य हुआ होगा और इसीलिए टीएमसी लगातार चुनाव जीतती रही। इन सफलताओं से ममता बनर्जी को खुद को पश्चिम बंगाल ही नहीं बल्कि देश भर में लोकप्रिय होने में अपार सफलता मिली। यही कारण रहा कि टीएमसी यह प्रचारित करने में भी कामयाब रही कि ममता बंगाल में अत्यंत लोकप्रिय महिला मुख्यमंत्री हैं। कितनी विडंबना है कि एक महिला मुख्यमंत्री माफिया की तरह चुनाव में डर का माहौल पैदा करा कर चुनाव जीतती रहीं और बंगाल की जनता मायूसी महसूस करती रही। लेकिन जैसा होता है लोगों के डर की सीमा जब हद से ज्यादा बढ़ जाती है तो हर व्यक्ति सिर पर कफन बांध लेता है। निश्चित ही यह स्थिति डर के आगे जीत की है। अगर ऐसा नहीं होता तो बंगाल में प्रथम चरण में 92 प्रतिशत से अधिक और द्वितीय चरण में 91 प्रतिशत से अधिक मतदान नहीं होता। छोटी-छोटी रीलें और बहु प्रसारित वीडियो यह स्थापित करने में इस बार सफल हुए कि ममता की निर्ममता को इस बार मतदाता सहने को तैयार नहीं। यही कारण था कि चारों तरफ परिवर्तन होबे की लहर चल रही थी। केंद्रीय बलों की तैनाती और चुनाव आयोग की दृढ़ता ने ममता के भय लोक को जिस सक्षमता से खत्म किया उसका परिणाम ही है कि मतदाता बे खौफ होकर मतदान के लिए न केवल बाहर निकले बल्कि हिम्मत कर टीवी कैमरों के सामने अपने मन की बात भी रखते रहे। अधिकांश लोग यह कहते दिखे कि अब और नहीं। बहुत हो गया ममता का राज। मतदाताओं ने सोच लिया डर-डर कर जीने से तो मर जाना अच्छा और यही संकल्प लेकर लोग दोनों चरणों में मतदान केंद्रों पर सुबह से शाम तक खड़े रहे। एक महिला कहते हुए दिखाई दी कि हिंदू होकर भी हम जय श्री राम नहीं कह सकते तो हमारा हिंदू होने का क्या अर्थ है जबकि दूसरे समुदाय के लोग सड़कों पर अल्लाह हू अकबर कहने से नहीं चूकते और कोई एतराज नहीं करता। लेकिन यह परिवर्तन आया कैसे यह जानना भी बहुत महत्वपूर्ण है। यदि विगत वर्षों में बंगाल में महिलाओं की इज्जत से खिलवाड़ नहीं हुई होती, बलात्कार और अपहरण की घटनाएं नहीं होतीं, तृणमूल कांग्रेस के शाहजहां शेख की संदेश खाली में महिलाओं का यौन शोषण, जमीन कब्जाने, राशन घोटाले जैसी ज्यादतियां नहीं होती, शिक्षक भर्ती घोटाले में युवाओं के परिवारों का आर्थिक शोषण नहीं हुआ होता या आर जी कर अस्पताल में महिला ट्रेनी डॉक्टर का बलात्कार तथा हत्या नहीं हुई होती, या कोलकाता लॉ कॉलेज में छात्रा के साथ ज्यादती नहीं होती तो जनता और खास तौर से हिंदुओं और उनमें भी महिलाओं का खून नहीं खोलता। ये सब कारण हैं कि हिंदू जनता जिसके साथ धर्म के आधार पर पग पग पर नाइंसाफी होती थी न केवल परिवर्तन के पक्ष में खड़ी हो गई बल्कि मुखर होकर ममता के खिलाफ आवाज उठाने लगी।अपने ही राज्य में नवरात्रि जैसे पर्व पर मायूस होकर कोर्ट कचहरी से आदेश के बाद धार्मिक परंपराओं का निर्वाह कर पाना या धार्मिक आयोजनों में विधर्मी लोगों के हस्तक्षेप से रंग में भंग को सहते हुए परेशान होने ने उनकी आत्मा को कचोटा इसलिए वे सब ममता के विरोध में खड़े हो गए इसलिए ही परिवर्तन के पक्ष में मानस बना। यहां एक बात और महत्वपूर्ण है कि जो आग वर्षों से हिंदुओं के दिलों में जल रही थी वह तब और भड़क गई जब बांग्लादेश में हिंदुओं का नरसंहार हुआ, घर जलाए गए, मंदिरों को तोड़ा गया, आराध्यों की मूर्तियों को तोड़ा गया, हिंदुओं की महिलाओं के साथ यौन शोषण, बलात्कार और उनके सामने ही उनके बेटे बेटियों और घर वालों को मौत के घाट उतारा गया की घटनाओं ने बंगाल की जनता को सचेत कर दिया कि यदि एक बार फिर ममता बनर्जी जो मुसलमानों की कट्टर समर्थक हैं सत्ता में आईं तो फिर बंगाल में हिंदुओं की सुरक्षा शून्य होगी। इन सब कारणों ने बंगाल के वोटरों के दिल को हिला कर रख दिया और उनके मन में परिवर्तन की लहर जागृत हुई। ऐसा लगता है कि बड़ी संख्या में कॉलेज जाने वाले छात्र-छात्राएं और युवा या यूं कहें जेन जी और बंगाल की महिलाएं इंतजार कर रहीं थी कि कब प्रदेश में चुनाव हों और वे परिवर्तन की ध्वजा उठाकर ममता के मुल्ला राज को उखाड़ फेंके। कई युवा तो ममता बनर्जी का नाम सुनते ही भड़क जाते दिखे। एक कहता कि किस बात की मुख्यमंत्री हैं ममता। महिला मुख्यमंत्री के राज में जब 30,000 से अधिक महिलाओं का रेप होता है तो किस बात की महिला मुख्यमंत्री हैं। उन्हें इसी वक्त हार को स्वीकार करने के पहले ही इस्तीफा दे देना चाहिए। एक व्यक्ति यह कहता दिखा कि यदि इस बार परिवर्तन नहीं किया तो बंगाल की दुर्दशा है। और धीरे-धीरे यह हाथ से निकल रहा है। आप देखिए मुर्शिदाबाद जिले में हिंदुओं को एक भी पर्व नहीं करने देते। 29 अप्रैल को मतदान खत्म होने के साथ ही एग्जिट पोल के नतीजे सामने आए। यूं तो एग्जिट पोल के परिणाम शत प्रतिशत सही बैठें इसकी कोई गारंटी नहीं लेकिन संवाददाताओं की ग्राउंड जीरो से आने वाली रिपोर्टें और मतदाताओं का मतदान व्यवहार और मतदान प्रतिशत और एग्जिट पोल के नतीजे ममता की हार के संकेत अवश्य देने लगे हैं। यही नहीं अगर आंकड़ों की बात करें तो इस बार 2021 की तुलना में 34 लाख से अधिक वोटरों ने अधिक मतदान किया है।



डॉ. हरिकृष्ण बड़ोदिया

## नकली गम के असली हिस्सेदार

शहर के उस वीवीआईपी मोहल्ले में दुख भी ब्रांडेड था। दीवान साहब क्या मरे, कोठी के बाहर मातम की सेल लग गई। सफेद कुर्ते-पजामे में लोग ऐसे सजे थे जैसे किसी मातम-थीम वाली पार्टी में आए हों। रुआंसा होना वहाँ शिष्टाचार था, पर रोना मिडिल क्लास होने की निशानी। तभी शोक-लिमिटेड कंपनी की गाड़ी रुकी और चार पेशेवर मातमगीर उतरे। इनके चेहरे पर दुख की ऐसी परत थी कि फेयरनेस क्रीम भी शर्मिंदा हो जाए। छोटा बेटा, जो पिता की वसीयत और नेटफ्लिक्स के सब्सक्रिप्शन के बीच झूल रहा था, धीरे से बोला, देखिए, माहौल ऐसा बनाइए कि पड़ोसियों को लगे कि पिता नहीं, कोई भगवान गकए हैं। पैकेज में हिचकियां और छाती पीटना भी शामिल है न? मुख्य मातमगीर ने उसे ऐसे देखा जैसे कोई कलाकार किसी नौसिखिए को देखता है, और बस इतना कहा, साहब, हम आंसुओं की खेती करते हैं, फसल ऐसी काटेंगे कि पूरा मोहल्ला डूब जाएगा।

दीवान साहब के शव के पास पहुंचते ही मुख्य मातमगीर ने जो तान छेड़ी, उसे सुनकर मोहल्ले के कुत्ते भी डिप्रेशन में चले गए। ओ मेरे अन्नदाता! आप क्या गए, मोहल्ले की रौनक चली गई! उसकी आवाज में वो दर्द था जो अक्सर ईएमआई बाउंस होने पर भी नहीं होता। उसने शव के पैर ऐसे पकड़े जैसे वो कोई खोया हुआ खजाना हो। घर की औरतें, जो अब तक साड़ियों के मैचिंग और कैटरिंग के मेन्यू पर चर्चा कर रही थीं, अचानक 'हाथ से बने' आंसुओं के मुकाबले में पिछड़ने लगीं। लोग फुसफुसा रहे थे-क्या वफादार लोग हैं, दीवान साहब की रूह भी ऊपर बैठकर खुश हो रही होगी कि चलो, कोई तो है जो मुफ्त में नहीं रो रहा। बड़ा बेटा अपनी रुमाल भिगोने के लिए बार-बार आंखों में ग्लिसरीन डाल रहा था ताकि इन भाड़े के रुदालियों से कंपटीशन कर सके। श्मशान की राह में उन चारों ने ऐसा कोहराम मचाया कि लगा साक्षात यमराज को भी अपनी नौकरी से इस्तीफा देना पड़ेगा।

## पञ्चांग राशिफल

दिनांक - 04 मई 2026 सोमवार
सूर्योदय - 05:56 सूर्यास्त 18:52
ज्येष्ठ मास कृष्ण पक्ष
राहुकाल - 07:30 से 09:00 तक
तिथि - तृतीया 05:25 उपरांत चतुर्थी
नक्षत्र - अनुराधा 09:57 उपरांत ज्येष्ठा
योग - परिघ 23:19 उपरांत शिव
करण - वणिज
चन्द्रमा - दिन पूर्ण वृश्चिक में रहेगा।
मुस्लिम मास - जिल्काद मास 16 तारिख

**मेष-** सामाजिक कार्य करने के प्रति रुझान रहेगा। मान-सम्मान मिलेगा। रुके कार्यों में गति आएगी। निवेश शुभ रहेगा।

**वृषभ-** नौकरी में चैन बना रहेगा। सही काम का भी विरोध होगा। कोई पुरानी व्याधि परेशानी का कारण बनेगी।

**मिथुन-** कोई बड़ी समस्या बनी रहेगी। चिंता तथा तनाव रहेंगे। नई योजना बनेगी। कार्यप्रणाली में सुधार होगा।

**कर्क-** कोर्ट व कचहरी के काम मनोनुकूल रहेंगे। जीवनसाथी से सहयोग मिलेगा। व्यापार-व्यवसाय लाभदायक रहेगा।

**सिंह-** घर-बाहर प्रसन्नता रहेगी। स्त्री वर्ग से सहायता प्राप्त होगी। शत्रुभय रहेगा।

**कन्या-** नौकरी व निवेश में इच्छा पूरी होने की संभावना है। वाणी में हल्के शब्दों के प्रयोग से बचें। बात बिगड़ सकती है।

**तुला-** प्रयास अधिक करना पड़ेंगे। दूसरों के बहकावे में न आएं। फालतू बातों पर ध्यान न दें।

**वृश्चिक-** लाभ में वृद्धि होगी। शत्रुओं का पराभव होगा। व्यवसाय ठीक चलेगा। आय में निश्चितता रहेगी।

**धनु-** दुःखद समाचार मिल सकता है। व्यर्थ भागदौड़ रहेगी। बेवजह किसी व्यक्ति से कहासुनी हो सकती है।

**मकर-** कोई भी महत्वपूर्ण निर्णय सोच-समझकर करें। किसी अनहोनी की आशंका रहेगी। अप्रत्याशित लाभ हो सकता है।

**कुंभ-** शारीरिक कष्ट संभव है। लेन-देन में लापरवाही न करें। व्यावसायिक यात्रा सफल रहेगी।

**मीन-** रोजगार प्राप्ति के प्रयास सफल रहेंगे। व्यापार-व्यवसाय मनोनुकूल चलेगा। शेयर मार्केट से बड़ा लाभ हो सकता है।

-पं. पुरुषोत्तम शिवनारायण शर्मा
( भरदीवाले ) 9926034545

# एग्जिट पोल की सच्चाई - लोकतंत्र का आईना या मीडिया का मुखौटा?

जब आंकड़ों की चकाचौंध सच का मुखौटा पहनने लगे, तभी सवाल उठाना जरूरी हो जाता है-29 अप्रैल 2026 की वह शाम ठीक ऐसी ही थी। मतदान खत्म होते ही टीवी स्क्रीन पर एग्जिट पोल का सैलाब उमड़ पड़ा, मानो जनादेश पहले ही लिख दिया गया हो। पश्चिम बंगाल में सत्ता परिवर्तन के दावे, असम में प्रचंड बहुमत की भविष्यवाणी, दक्षिण भारत में कड़े मुकाबले के संकेत-हर चैनल अपनी कहानी गढ़ रहा था। इन आंकड़ों की चमक ने माहौल को रोमांचक जरूर बनाया, लेकिन भीतर ही भीतर एक संशय भी जन्म लेने लगा। क्या ये अनुमान सचमुच जनता के मन की गहराइयों को छू रहे हैं, या फिर यह केवल एक ऐसा परदा है जो सच्चाई को ढककर भ्रम का नया संसार रच रहा है?



प्रो. आर.के. जैन
(दैनिक अवन्तिका)

जब पूवार्नुमान ही परिणाम बनने लगें, तब लोकतंत्र की दिशा पर सवाल उठना स्वाभाविक है-एग्जिट पोल अब केवल प्रक्रिया नहीं, बल्कि प्रभावशाली शक्ति हैं। ये आंकड़े दलों के आत्मविश्वास को बढ़ा-घटा सकते हैं, बाजार की दिशा तय कर सकते हैं और मतदाता की सोच प्रभावित कर सकते हैं। 2024 के लोकसभा चुनाव में बड़े अनुमान वास्तविक नतीजों से अलग रहे, जिससे केवल समीकरण ही नहीं, जनता का भरोसा भी डगमगाया। 2026 में भी वही तस्वीर है, जहां हर चैनल अपनी गणना से विजेता तय कर रहा है। ऐसे में चिंता बढ़ती है कि क्या हम इन अनुमानों से लोकतंत्र की सच्चाई समझ रहे हैं, या अनजाने में उसके मूल स्वरूप को कमजोर कर रहे हैं।

जब मतदाता का मन ही रहस्य बन जाए, तब उसे आंकड़ों में बांधना कठिन हो जाता है-भारत जैसे विविध देश में यह पहेली और गहरी है। यहां निर्णय केवल विचारधारा पर नहीं, बल्कि जाति, क्षेत्र, स्थानीय मुद्दों, व्यक्तिगत अनुभवों और भावनात्मक प्रतिक्रियाओं के मिश्रण पर आधारित होता है। कई बार मतदाता अपनी वास्तविक राय छिपा लेते हैं, जिससे एग्जिट पोल की सटीकता पर सवाल उठते हैं। 2021 और 2024 के चुनावों में ह्यसाइलेंट वोटरह्न ने सभी अनुमानों को ध्वस्त कर दिया। 2026 में भी यह अनदेखी ताकत सक्रिय हो सकती है, जो किसी भी सर्वेक्षण को चुनौती दे सकती है। यही वह बिंदु है जहां एग्जिट पोल की सीमाएं स्पष्ट होती हैं-वे आंकड़े दिखाते हैं, मन की गहराइयों को नहीं पढ़ पाते।

हर शोर में भ्रम नहीं होता-कुछ आवाजें सच भी कहती हैं, और एग्जिट पोल उसी सच की झलक बन सकते हैं। फिर भी यह कहना गलत होगा कि इनका कोई महत्व नहीं है। जब ये ईमानदारी और वैज्ञानिक पद्धति से किए जाते हैं, तो ये समाज के उन वर्गों की आवाज बनते हैं जो अक्सर मुख्यधारा से दूर रहते हैं। गांवों, कस्बों और हाशिए के समुदायों की राय सामने लाते हैं। यह लोकतंत्र की सकारात्मक झलक भी देते हैं, जहां हर आवाज मायने रखती है। चुनाव आयोग के नियम (सेक्शन 126अ) इनके दुरुपयोग को रोकने का प्रयास करते हैं। लेकिन टीआरपी की दौड़, राजनीतिक दबाव और व्यावसायिक हित अक्सर इन आदर्शों को कमजोर कर देते हैं, जिससे निष्पक्षता पर सवाल उठने लगते हैं। जब सच का आईना टेढ़ा दिखने लगे, तब खतरा गहराना तय है-एग्जिट पोल यदि वास्तविकता नहीं, उसका विकृत प्रतिबिंब बन जाएं तो असर दूर तक जाता है। जब ये अनुमान गलत साबित होते हैं, तो प्रभाव केवल राजनीतिक दलों तक सीमित नहीं रहता, बल्कि जनता के विश्वास पर भी पड़ता है।

विचार

## अपने प्यारे गाँव से, बस है यही सवाल।

बूढ़ा पीपल है कहाँ, गई कहाँ चौपाल॥
माटी की सोंधी महक, अब लगती है दूर,
कंक्रीटों के बीच में, खो बैठे हम नूर।
रिश्तों की हर डोर अब, लगती क्यों बेहाल-
अपने प्यारे गाँव से, बस है यही सवाल॥
खेल-कूद के दिन गए, छूटा बचपन साथ,
मोबाइल में कैद है, हर रिश्ते की बात।
हँसी-ठिठोली खो गई, सूना हर घर-द्वार-
अपने प्यारे गाँव से, बस है यही सवाल॥
बाबा की वो छाँव थी, माँ का स्नेह अपार,
कहाँ गए वो लोग सब, कहाँ गया संस्कार।
टूट गई हर परंपरा, बदला सारा हाल-
अपने प्यारे गाँव से, बस है यही सवाल॥
लौट चलें उस ओर अब, जहाँ प्रेम की छाँव,
पीपल, बड़, चौपाल सँग, बसता सच्चा गाँव।
मन फिर से ये पूछता, ढूँढे हर इक हाल-
अपने प्यारे गाँव से, बस है यही सवाल॥



प्रियंका सौरभ
(दैनिक अवन्तिका)

## सूने अब परिवार

हो ममता की नींव पर, घर का पक्का रंग।
मगर दरारें जब पड़ें, बिखरे रिश्तों संग।।
रिश्तों की दीवार पर, लगे समय के रंग।
जोड़े दिल की ईंट तो, जुड़ता सच्चा संग।।
बचपन की अठखेलियां, दादी का घर बार।
अब बंटवारे में बंटा, यादों का उपहार।।
सपनों की गठरी बड़ी, जीवन का है तोल।
जोड़े रिश्तों की डोर, सदा प्रेम अनमोल।।
कच्ची मिट्टी प्यार की, रिश्तों की दीवार।
पड़ी दरारें हो जहां, टूटे दिल की तार।।
आंगन की वो अठखेलियाँ, बच्चों की किलकार।
भाग-दौड़ में खो गए, रिश्तों के आसार।।
खामोशी की मार से, बिखरे दिल का द्वार।
बिना प्रेम की बोलियाँ, सूने अब परिवार।।
मिलकर हंसते लोग थे, एक छत एक बात।
बंद आज कमरे हुए, खिड़की से उत्पात।।
बड़े-बुजुर्ग छांव थे, साया था विश्वास।
अब दीवारें बोलतीं, चुप्पी का इतिहास।।
दादी की कहानियां, मां का प्यार दुलार।
सौरभ सारे बँट गए, खोया वो संसार।।



डॉ सत्यवान सौरभ
(दैनिक अवन्तिका)

## म्हारा सूरज भगवान

साँझ हुई थकेलो सूरज
बयड़ा की ओट म
करें रोज आराम
गुलाबी ,पीली चादर
वादळा की ओढ़ी लेवें
सांझे चिड़िया -चिड़ी गगावे
ऊके नींद नी आवे
दन निकलियो
हुयो सवेरो
ऐसो लगे सूरज
डुब की लगई के
निकलियो नद्दी से
हथेलियाँ स्वागत लेवा।



संजय एम. तराणेकर
(दैनिक अवन्तिका)

धर्म-आस्था

# बनारस की गूंज में शांति का विज्ञान

इस बार बनारस के घाटों पर जर्मनी के विख्यात ध्वनि अभियंता एवं शोधकर्ता डॉ. लुडविग लाउडस्पीकर अपने उन्नत ध्वनि-तरंग मापन यंत्रों के साथ पहुंचे। उनका यह दृढ़ मत था कि वास्तविक शांति केवल पूर्ण सन्नाटे में ही संभव है और तीव्र ध्वनि मनुष्य के मानसिक संतुलन तथा आयु पर प्रतिकूल प्रभाव डालती है। इसी विचार के साथ वे ध्वनि-निरोधक श्रवण उपकरण, ध्वनि-रोधी सुरक्षा कवच तथा शांति का स्तर दशार्ने वाले आलेखीय यंत्र लेकर आए थे।



अजयकुमार बियाणी
(दैनिक अवन्तिका)

उनका उद्देश्य स्पष्ट था- गंगा के तट पर गूंजते ह्यहर हर महादेवह्न के जयघोष और वहां के कथित कोलाहल के मध्य मानसिक अशांति के स्तर का वैज्ञानिक आकलन करना। उनके लिए यह केवल एक परीक्षण नहीं, बल्कि एक सिद्धांत की पुष्टि का अवसर था। संध्या का समय था और दशाश्वमेध घाट पर आरती की भव्य तैयारियां अपने चरम पर थीं। दीपों की पंक्तियां सुसज्जित थीं, धूप और अगरबत्ती की सुगंध वातावरण में व्याप्त थी और हजारों श्रद्धालु उस अलौकिक क्षण की प्रतीक्षा कर रहे थे। जैसे ही शंखनाद हुआ, झांझ और मंजीरों की ध्वनि गूंजी और हजारों कंठों से एक साथ ह्यहर हर महादेवह्न का उद्घोष हुआ, डॉ. लुडविग के यंत्रों ने तीव्र प्रतिक्रिया देना प्रारंभ कर दिया।

सूचकांक तीव्र गति से ऊपर बढ़ने लगा। यंत्र की सीमा मानो टूटने लगी। डॉ. लुडविग ने आश्चर्य और चिंता के मिश्रित भाव से कहा कि यह ध्वनि स्तर सामान्य नहीं है, यह तो मानव मस्तिष्क के लिए अत्यंत हानिकारक होना चाहिए। उनके अनुसार इस स्तर की ध्वनि से मानसिक तनाव अत्यधिक बढ़ जाना स्वाभाविक है। इसी बीच पास खड़ा एक बालक, जो पूर्ण आनंद के साथ ताली बजा रहा था, उनके समीप आया और सहज भाव से बोला कि यह ध्वनि अशांति नहीं, अपितु चेतना का विस्तार है। उसने कहा कि यह कोई साधारण शोर नहीं, बल्कि ब्रह्मांड की गूंज है, जो भीतर के मौन को भंग कर आत्मिक जागरण का मार्ग प्रशस्त करती है। उसके शब्दों में सरलता थी, परंतु अनुभव की गहराई स्पष्ट झलक रही थी।

डॉ. लुडविग ने प्रारंभ में इस कथन को गंभीरता से नहीं लिया, किंतु उनकी जिज्ञासा उन्हें आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करती रही। उन्होंने देखा कि घाट के किनारे एक साधु ढोलक की तीव्र थाप के बीच पूर्ण ध्यानावस्था में लीन बैठे थे। यह दृश्य उनके लिए अत्यंत विस्मयकारी था, क्योंकि जहां एक ओर तीव्र ध्वनि थी, वहीं दूसरी ओर पूर्ण शांति का अनुभव स्पष्ट दिखाई दे रहा था।

उन्होंने अपने यंत्रों की सहायता से उस साधु की मानसिक अवस्था का परीक्षण किया। परिणाम अप्रत्याशित था। यंत्र संकेत दे रहे थे कि साधु की चेतना पूर्णतः संतुलित और शांत अवस्था में है। यह निष्कर्ष उनके अब तक के वैज्ञानिक ज्ञान के विपरीत था।

डॉ. लुडविग ने गहन विचार किया। उन्हें अनुभव हुआ कि ध्वनि का प्रभाव केवल उसकी तीव्रता पर निर्भर नहीं करता, बल्कि उसके भाव, उद्देश्य और संदर्भ पर भी निर्भर करता है। जहां निरर्थक कोलाहल मन को विचलित करता है, वहीं श्रद्धा और भक्ति से उत्पन्न ध्वनि मन को स्थिर और शांत कर सकती है।

रात्रि के समय बनारस की गलियां अपने विशिष्ट स्वरूप में जीवंत थीं। कहीं शहनाई की मधुर ध्वनि वातावरण को सरस बना रही थी, कहीं जनजीवन की सहज चहल-पहल थी और कहीं संवादों में अपनत्व की मिठास थी। यह समस्त वातावरण मिलकर एक ऐसी अनुभूति का निर्माण कर रहा था, जिसमें ध्वनि केवल सुनने का विषय न रहकर अनुभव का माध्यम बन गई थी। डॉ. लुडविग ने अपने आलेखीय यंत्र का अवलोकन किया और पाया कि वह पूर्णतः समतल हो चुका है। यह उनके लिए एक संकेत था कि उनका उपकरण इस अनुभव को मापने में असमर्थ है। उस क्षण उन्हें यह बोध हुआ कि प्रत्येक सत्य को यंत्रों के माध्यम से नहीं समझा जा सकता।

अंततः उन्होंने अपने ध्वनि-निरोधक उपकरणों को गंगा में समर्पित कर दिया। अपनी डायरी में उन्होंने लिखा कि शांति सन्नाटे का पर्याय नहीं है, बल्कि वह उस ध्वनि में निहित है जो मन के भय और अशांति को समाप्त कर देती है। बनारस में ध्वनियां प्रदूषण नहीं, बल्कि प्रार्थना का स्वरूप हैं और यहां मोक्ष का अनुभव बाहरी नहीं, बल्कि आंतरिक है।

## इन्दौर मंडी भाव

इंदौर मंडी भाव चना कांटा 5550 से 5625 विशाल 5400 से 5450 महाराष्ट्र विशाल 5500 से 5525 मसूर 5900 से 5950 महाराष्ट्र सफेद 7400 से 7600 महाराष्ट्र लाल 7700 से 7800 कर्नाटक 8000 से 8200 निमाड़ी नई तुअर 7000 से 7500 मूंग बेस्ट गर्मी 7700 से 8000 मूंग बेस्ट बोल्ड 8200 से 8400 एवरेज 6500 से 6700 मोगर 5500 से 6500 उड़द बोल्ड 8500 से 9000 एवरेज 7000 से 8000 हल्का उड़द 4000 से 6000 काबुली डॉलर 7400 से 8500 काबुली रशियन 5300 से 5600 बिटकी 5000 से 5300 सरसों (मीडियम) 6600 से 6800 निमाड़ी 5700 से 6000 रायडा नया 5800 से 6000 पुराना -6200 से 6400 सोयाबीन 5500 से 5700 अलसी 6800 से 7000 तिल्ली 7000 से 8000 गेहूं मिल क्वालिटी 2350 से 2400 लोकवन 2600 से 2800 पूर्णा 2500 से 2550 मालवराज 2400 से 2450 मक्का 1800 से 1850 चना दाल 7100 से 7200 मीडियम 7300 से 7400 बेस्ट 7600 से 7800 तुअर दाल 7700 से 7900 मीडियम 8900 से 9100 बेस्ट 10100 से 10300 एक्स्ट्रा बेस्ट 11100 से 11200 ब्रांडेड 12300 मूंग दाल 9400 से 9500 बेस्ट 9900 से 10100 मूंग मोगर 9850 से 10050 बेस्ट 10150 से 10250 उड़द दाल 10100 से 10300 बेस्ट 10600 से 10800 उड़द मोगर 11100 से 11300 बेस्ट 11400 से 11700 मसूर दाल 7650 से 7750 बेस्ट 7850 से 7950 रुपए प्रति क्विंटल।

## आलू, प्याज, लहसून भाव

आलू ज्योति नया 1000 से 1200 ज्योति पुराना 900 से 1200 राशन आलू 900 से 1100 गुल्ला 500 से 700 रुपए प्रति क्विंटल बिका। प्याज नया 1400 से 1500 पुराना 1000 से 1200 एवरेज 600 से 700 गोल्टा 600 से 700 गोल्टी 400 से 500 रुपए प्रति क्विंटल रहे। लहसुन एवरेज 7000 से 8000 सुपर 8000 से 9000 एक्स्ट्रा सुपर 9000 से 10200 रुपए क्विंटल रही। नई देशी लहसुन एवरेज 4000 से 4500 सुपर 4500 से 5500 एक्स्ट्रा सुपर 5500 से 6500 रुपए क्विंटल।

## उज्जैन भाव

लोकवन गेहूँ- 1200-3113 चना काबली- 3970-8975, चना बड़ा- 5001-5650, रायड़ा- 5730-6285, बटला- 3300-3650, सोयाबीन- 1622-6230, धनिया- 11301-13100 मावा- 280 प्रतिकिलो। **सोना-चाँदी-** सोना- स्टेण्र्ड- 1,52,300 रवा- 1,52,100 चांदी- टंच- 2,40,500 पाट- 2,40,000।

## उज्जैन किराना

### अशोक कुमार भगवानदास

**152 फवारा चौक उज्जैन**

किराना रेट प्रति किलो, चावल बासमती छड़ी 75 से 180, चावल तिबार 68 से 120, चावल पोनिया 55 से 85, चावल की टुकडी 36 से 65, चावल सेला 36.5 से 38, राइस परमेल 35 से 44, तूवर दाल निमाड़ी 130, तूवर दाल महाराष्ट्र 104 से 113, तूवर दाल अन्य 85 से 120, मूंग दाल 85 से 110, मुंग मोगर 95 से 120,उड़द मोगर 110 से 120, उड़द दाल 95 से 100, चना दाल 71 से 80।

## आमंत्रण

**आप भी अपने व्यंग्य, रचनाएं, लेख, प्रतिक्रिया, मालवी भाषा में पठनीय सामग्री आदि ई-मेल कर सकते है।**

**editor.awantika@gmail.com**



## अनाज मंडी से 28 हजार रु के धनिए की 5 बोरी चुराने वाले 7 आरोपी गिरफ्तार

**ब्यावरा।** राजगढ़ जिले में लूट, डकैती, नकबजनी, झपटमारी एवं चोरी जैसी आपराधिक गतिविधियों पर अंकुश लगाने हेतु पुलिस द्वारा अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में पुलिस अधीक्षक राजगढ़ अमित कुमार तोलानी के निर्देशन में, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक के.एल. बंजारे एवं एसडीओपी ब्यावरा प्रकाश शर्मा के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी ब्यावरा शहर के नेतृत्व में थाना ब्यावरा शहर पुलिस ने कृषि उपज मंडी ब्यावरा में हुई चोरी के 7 आरोपी गिरफ्तार, चोरी गया 28000 रुपए का धनिया बरामद किया। मिली जानकारी के अनुसार फरियादी राहुल पिता कृष्णचंद गुप्ता 43 वर्ष निवासी बिहारीजी मंदिर के पास, ब्यावरा द्वारा रिपोर्ट दर्ज कराई गई कि वह गल्ला मंडी में व्यापारी हैं। बीती रात करीब साढ़े 9 बजे गोदाम की जांच करने के पश्चात सब कुछ सामान्य था। अगले दिन सुबह लगभग 7 बजे उनके पिता द्वारा गोदाम पहुंचकर निरीक्षण करने पर धनिया की 5 बोरी कम पाई गई। सूचना मिलने पर फरियादी मौके पर पहुंचे और पुष्टि की कि अज्ञात चोर गोदाम के ऊपर से प्रवेश कर लगभग 28,000 रुपये मूल्य की 05 बोरी धनिया चोरी कर ले गए हैं। उक्त रिपोर्ट पर थाना ब्यावरा शहर में अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। विवेचना के दौरान मुखबिर सूचना के आधार पर पुलिस टीम द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी गोलू उर्फ गोलचा उर्फ दीपक पिता जगदीश जोशी, भूरा पिता राजाराम बाल्मिक, देव पिता कैलाश जोगी, राज पिता कुमेरसिंह राजपूत, कान्हा उर्फ करण पिता सतीश शर्मा, अंकित पिता इंदर सिंह मेवाड़े, भावेश उर्फ भविष्य पिता राजू मेरोठा निवासीगण ब्यावरा को गिरफ्तार किया गया एवं उनके कब्जे से चोरी गया धनिया जप्त किया गया।

## बोडा पुलिस ने 80 हजार की चोरी की बाईक जप्तकर आरोपी को किया गिरफ्तार



**ब्यावरा।** राजगढ जिले में पुलिस कप्तान अमित तोलानी ने वाहन चोरी पर अंकुश लगाने हेतु अभियान चलाया जिसके तहत एसडीओपी नरसिंहगढ सुश्री मिनी शुक्ला के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी बोडा उनि देवेन्द्र राजपूत के नेतृत्व में थाना बोडा पुलिस टीम ने मोटरसाइकिल चोर से चोरी की गई मोटरसाइकिल कीमत 80 हजार की जप्त कर आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया। मिली जानकारी के अनुसार एक व्यक्ति चोरी की मोटरसाइकिल लेकर नरसिंहगढ़ तरफ से बोड़ा की ओर आ रहा उक्त सूचना पर बोडा पुलिस टीम द्वारा डाबला जोड़ पर बाहर चेकिंग पॉइंट लगाया वाहन चेकिंग दौरान बताए गए हुलिए का व्यक्ति नरसिंहगढ़ तरफ से लाल रंग की मोटरसाइकिल से आता हुआ दिखा जिसे रोककर उक्त व्यक्ति से नाम पता पूछा तो उसने अपना नाम हिरदेश पिता काशीराम गौड़ 31 साल निवासी ग्राम ललोई थाना बैरसिया भोपाल का होना बताया उक्त व्यक्ति की मोटरसाइकिल पर आगे एवं पीछे दोनों नंबर प्लेटों पर अलग-अलग नंबर पाए जाने से उक्त व्यक्ति से मोटरसाइकिल के कागजात की मांग की गई तो उक्त व्यक्ति द्वारा कोई कागजात पेश नहीं किए गए तो उक्त व्यक्ति से मोटरसाइकिल के संबंध में बारीकी से पूछताछ की गई तो मोटरसाइकिल कृष्ण कंपलेक्स विदिशा रोड बैरसिया थाना बैरसिया जिला भोपाल से चोरी करना बताया।

## जनगणना कार्य में लगे प्रगणक घर-घर जाकर कर रहे जानकारी एकत्रित



**महिदपुर रोड।** भारत की जनगणना मकान सूची करण और मकान की गणना का कार्य नगर में प्रगणकों द्वारा 1 मई से प्रारंभ कर दिया गया महिदपुर रोड तथा इसके सहयोगी उपनगर गोगापुर को दो सेक्टर सुपरवा इजरों तथा 12 प्रगणकों में विभाजित किया गया। मकान सूचीकरण तथा मकानों की गणना के साथ-साथ द्वारा व्यवसायिक तथा अन्य खाली पड़े मकानों का सूचीकरण जिनमें आवा सीय और गैर आवासीय दोनों शामि ल हैं इनमें वर्गीकरण का कार्य किया जा रहा है । जनगणना कार्य में लगे प्रगणकों में सर्कल क्रं 33 में विद्यालयीन शिक्षक शिक्षिका नीना देवड़ा, चंद्रकांता चवरासिया, संगीता पासी, सलमा मंसूरी, बसंती जमरा, बंसी लाल सौलंकी प्रगणक रूप में कार्य कर रहे हैं वहीं सर्कल क्रमांक 34 में विद्यालयीन शिक्षक शिक्षिका बाबू लाल चंद्रवंशी पूनम राय अजय शंकर दंडोतिया चेतना गुर्जर तूफान सिंह अंशुल लिखार शामिल है।

**दैनिक अवन्तिका**

**अखबार की निम्न स्थानों पर एजेंसी बदलना है**

बेरछा, चौमा डाक बंगला, हाटपिपलिया, कालापीपल, खेड़ा खजूरिया, माचलपुर, खिलचीपुर, मड़ावदा, मेघनगर, माकड़ोन, नरसिंहगढ़, बुरहानपुर, पेटलावद, झाबुआ रानापुर, मनावर, सुवासरा, सोयतकलां में एजेंसी देना है।

**सम्पर्क करें**

**दैनिक अवन्तिका कार्यालय**
**2, रानी लक्ष्मीबाई मार्ग, उज्जैन**
**0734-4041777, मोबा. 9977755777**

### नगर परिषद अध्यक्ष का चुनाव 45 दिन में कराने के निर्देश

# हाईकोर्ट सख्त राज्य सरकार व प्रशासन को समय सीमा में प्रक्रिया पूरी करने का आदेश

दैनिक अवन्तिका ▸▸ सुसनेर




मध्यप्रदेश हाईकोर्ट ने नगर परिषद में अध्यक्ष पद के चुनाव को लेकर महत्वपूर्ण और सख्त रुख अपनाते हुए राज्य सरकार एवं स्थानीय प्रशासन को स्पष्ट निर्देश जारी किए हैं। जस्टिस प्रणय वर्मा की एकलपीठ ने कहा है कि नियमों का पालन करते हुए नए अध्यक्ष के चुनाव की पूरी प्रक्रिया 45 दिनों के भीतर अनिवार्य रूप से पूरी कराई जाए। दरअसल इस मामले में नगर परिषद सुसनेर के पार्षद प्रेम बेन सहित कुल 8 याचिकाकताओं ने हाईकोर्ट की शरण ली थी।

याचिका में उल्लेख किया गया कि नगर परिषद की तत्कालीन अध्यक्ष ने 24 दिसंबर 2025 को अपने पद से इस्तीफा दे दिया था जिसे 19 फरवरी 2026 को विधिवत स्वीकार भी कर लिया गया। इसके बावजूद कानूनन आवश्यक प्रक्रिया के तहत नए अध्यक्ष के चुनाव की दिशा में कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया। जिससे नगर परिषद में नेतृत्व का अभाव बना रहा। याचिकाकताओं ने यह भी आरोप लगाया कि प्रशासन ने नियमानुसार चुनाव कराने के बजाय 25 मार्च 2026 को एक अस्थायी व्यवस्था के तहत प्रदीप बद्रीलाल सोनी को कार्यवाहक अध्यक्ष नियुक्त कर दिया। इस नियुक्ति को भी कोर्ट में चुनौती दी गई और इसे नियमों के विपरीत बताया गया। मामले की सुनवाई के दौरान राज्य सरकार की ओर से कोर्ट को आश्वासन दिया गया कि संबंधित प्रक्रिया जल्द ही प्रारंभ कर दी जाएगी और सभी नियमों का पालन किया जाएगा। हालांकि कोर्ट ने इस पर संतोष जताते हुए भी स्पष्ट किया कि अनावश्यक देरी स्वीकार्य नहीं है और लोकतांत्रिक प्रक्रिया को समय पर पूरा किया जाना आवश्यक है। सुनवाई पूरी होने के बाद हाईकोर्ट ने अपने आदेश में कहा कि यदि किसी प्रकार की कानूनी अड़चन नहीं है तो संबंधित अधिकारी तत्काल प्रभाव से अध्यक्ष पद के चुनाव की प्रक्रिया प्रारंभ करें और इसे अधिकतम 45 दिनों के भीतर पूर्ण करें। कोर्ट ने यह भी संकेत दिया कि भविष्य में इस प्रकार की लापरवाही पर सख्त रुख अपनाया जा सकता है।

## खेल क्षेत्र में मेडल दिलाने पर सरस्वती विद्या मंदिर की छात्रा दीपिका का सम्मान

दैनिक अवन्तिका ▸▸ बड़नगर



सरस्वती विद्या मंदिर उ.मा.वि बड़नगर की छात्र दीपिका मुकेश शर्मा द्वारा कोलकाता में हाल ही मे 3000 मीटर फर्स्ट नेशनल इनडोर एथलेटिक्स चैंपियनशिप (अंडर 20) में तीसरा स्थान प्राप्त किया गया । उसकी इस उपलब्धि पर सरस्वती विद्या मंदिर उमावि के केशव माधव सभागृह में एक सम्मान समारोह आयोजित किया गया। जहां राष्ट्रीय स्तर पर विद्यालय और नगर का नाम रोशन करने पर दीपिका को प्रतीक चिन्ह भेट कर और दुपट्टा एवं पुष्प माला पहनाकर सम्मानित किया गया।

सम्मान में आयोजित समारोह के मुख्य अतिथि संस्था सचिव आशीष शुक्ला, अध्यक्षता संस्था अध्यक्ष अशोक कुमार गोधा, विशेष अतिथि उपाध्यक्ष प्रो.लक्ष्मण चेलानी थे। इस दौरान मंच पर प्राचार्य संगीता गंगराड़े, उप प्राचार्य देवेन्द्र प्रसाद शर्मा मंचासिन थे।

दीपिका शर्मा ने फर्स्ट नेशनल इनडोर एथलेटिक्स चैंपियनशिप के अतिरिक्त, पूर्व में खेलो एमपी 1500 मीटर, 24वी जूनियर फेडरेशन कंपीटिशन में में स्थान बनाकर गौरव प्राप्त किया गया , नगर के लिए कई मेडल लाने वाली और मध्य प्रदेश का प्रतिनिधित्व करने वाली नगर की खिलाड़ी को विद्यालय में सम्मानित किया गया। खिलाड़ी दीपिका बाल्यकाल से सरस्वती विद्या मंदिर की छात्र रही है, और उसकी इस खेल उपलब्धि में विद्यालय के खेल शिक्षक अजीत सिंह सोलंकी एवं आकाश भावसार की महत्वपूर्ण भूमिका रही है। माता पिता को भी अतिथियों द्वारा पुष्पमाला से सम्मानित किया गया। इस दौरान बड़ी संख्या में विद्यालय के विद्यार्थी एवं अभिभावक भी उपस्थित थे। सम्मान समारोह कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के चित्र के सम्मुख दीप जलाकर किया गया,सरस्वती वंदना आशा परिहार, अतिथि परिचय मौसमी चौरसिया,स्वागत देवेंद्र प्रसाद शर्मा एवं कविता मकवाना , शिशु विभाग के शिक्षण प्रमुख हिम्मत सिंह सिसोदिया, आभार अनिल चौहान ने माना। जानकारी योगेश जोशी द्वारा दी गई।

## अकोदिया में फांसी के फंदे पर मिला युवक का शव

**बच्चों के साथ शादी में गई थी पत्नी, घर में अकेला था**

दैनिक अवन्तिका ▸▸ अकोदिया

सलसलाई पुलिस थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम मंगलाज में रविवार को एक 30 साल के युवक का शव उसके घर में फांसी के फंदे पर मिला। युवक की पहचान विक्रम पिता संतोष मालवीय निवासी मंगलाज के रूप में हुई है। आत्महत्या के कारणों का अभी तक पता नहीं चल पाया है।

घटना की सूचना मिलते ही सलसलाई पुलिस रविवार सुबह करीब 11 बजे मौके पर पहुंची। पुलिस ने शव को फांसी के फंदे से नीचे उतारा और आवश्यक कार्रवाई शुरू की।

जांच अधिकारी एसआई रतनलाल चौहान ने बताया कि जिस समय विक्रम ने फांसी लगाई, उस समय उसकी पत्नी घर पर नहीं थी, वह एक शादी समारोह में गई हुई थी। विक्रम के दो बच्चे भी हैं। घटना के वक्त वह घर में अकेला था। एसआई चौहान ने यह भी बताया कि विक्रम गांव के चौकीदार का बेटा था।

### पीएम के लिए भेजा गया शव

पुलिस ने इस मामले में मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है। शव को पोस्टमार्टम के लिए मोहन बड़ोदिया अस्पताल भेजा गया है। थाना प्रभारी जनक सिंह रावत ने पुष्टि की कि 30 वर्षीय युवक ने अज्ञात कारणों से फांसी लगाई है और मामले की विस्तृत जांच जारी है।

### उज्जैन निवासी दंपती को अगवा कर पीटा, जूते-चप्पलों की माला पहनाई

# सगाई तोड़ने पर लड़के वाले कार में जबरन ले गए, पुलिस ने छुड़ाया

दैनिक अवन्तिका ▸▸ देवास





देवास में बचपन में तय सगाई तोड़ने से नाराज लड़के पक्ष के लोगों ने लड़की के माता-पिता का अपहरण कर लिया। आरोपियों ने दंपती के साथ मारपीट कर जूते-चप्पलों की माला पहनाकर अपमानित किया। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और दंपती को छुड़ाया। घटना 30 अप्रैल को सोनकच्छ क्षेत्र की है, इसका वीडियो सामने आया। उज्जैन निवासी दंपती सोनकच्छ के ग्राम भटकुंड में एक शोक कार्यक्रम में शामिल होने आए थे। लौटते समय आरोपियों ने उन्हें रास्ते में रोक लिया।

### जबरन कार में बैठाकर टीबूपुरा ले गए

आरोपियों ने विवाद करते हुए पति-पत्नी को जबरन कार में बैठाया और आष्टा तहसील के ग्राम टीबूपुरा ले गए। यहां उनके साथ मारपीट की गई और जूते-चप्पलों की माला पहनाकर अपमानित किया गया। आरोप है कि दंपती के गहने भी छीन लिए गए। वायरल वीडियो में महिलाएं भी मारपीट करती नजर आ रही हैं।

### 10 साल पहले हुई थी सगाई, अब तोड़ी

जानकारी के अनुसार, करीब 10 साल पहले दोनों पक्षों के बीच सगाई तय हुई थी। हाल ही में लड़की पक्ष ने सगाई तोड़कर अन्य जगह रिश्ता तय कर दिया। इसी बात से नाराज लड़के पक्ष के लोग जबरन शादी कराने का दबाव बना रहे थे।

### नाबालिग होने पर शादी से किया इनकार

पीड़ित पिता के मुताबिक, उनकी बेटी नाबालिग है, इसलिए उन्होंने शादी से इनकार कर सगाई तोड़ दी थी। इसको लेकर समाज स्तर पर कई बार समझाइश भी हुई, लेकिन विवाद खत्म नहीं हुआ।

### 4 आरोपियों पर केस, एक गिरफ्तार

पुलिस ने भादर, बाबूसिंह, प्रभू और गोरा बंजारा (निवासी टीबूपुरा) के खिलाफ अपहरण, मारपीट और अन्य धाराओं में केस दर्ज किया है। एक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया है, जबकि अन्य की तलाश जारी है।

### पुलिस बोली- शादी को लेकर विवाद

सोनकच्छ थाना प्रभारी अजय गुर्जर ने बताया कि दोनों पक्षों में शादी को लेकर विवाद था। एएसपी जयवीर सिंह भदौरिया के अनुसार आरोपियों ने फरियादी के साथ मारपीट कर अभद्र व्यवहार किया है, मामले की जांच जारी है।

## देवास में खरीदी केंद्र पर 5-6 दिन से किसान परेशान

**देवास।** देवास जिले के समर्थन मूल्य खरीदी केंद्रों पर अव्यवस्थाओं के कारण किसान परेशान हैं। तुलाई में लगातार देरी, हम्मालों की कमी और खराब प्रबंधन के चलते किसान कई दिनों से अपनी उपज के साथ केंद्रों पर इंतजार कर रहे हैं। जिले के 136 खरीदी केंद्रों में से कई जगह हालात बेहद खराब हैं। सिरोलिया केंद्र पर स्थिति विशेष रूप से चिंताजनक है, जहां किसान पिछले पांच से छह दिनों से अपनी उपज की तुलाई का इंतजार कर रहे हैं। बालोदा और आसपास के गांवों से आए किसान प्रतिदिन केंद्र पहुंच रहे हैं, लेकिन उनकी उपज की तुलाई नहीं हो पा रही है।

किसान अरविंद पटेल और अफसर पटेल ने बताया कि वे चार-पांच दिनों से केंद्र पर हैं। उन्हें कभी बोरियां जमाने वाले कर्मचारियों की कमी तो कभी हम्मालों के न आने का बहाना बताया जाता है। किसानों का आरोप है कि हम्माल अधिक मजदूरी की मांग कर रहे हैं और काम में अनियमितता बरत रहे हैं, जिससे समस्या और बढ़ गई है।

कई किसान किराए के ट्रैक्टर-ट्रॉली से अपनी उपज लेकर पहुंचे हैं, जिससे उनका खर्च लगातार बढ़ रहा है। तुलाई में देरी के कारण उन्हें आर्थिक नुकसान के साथ-साथ समय की भी भारी बबार्दी झेलनी पड़ रही है। किसानों ने मांग की कि खरीदी केंद्रों पर पर्याप्त हम्मालों की व्यवस्था की जाए, तुलाई प्रक्रिया को नियमित किया जाए और जिम्मेदार अधिकारियों की जवाबदेही तय की जाए ताकि उन्हें राहत मिल सके।

**जाहिर सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकारगण जावेद पटेल पिता रोशन पटेल निवासी नरवर जिला उज्जैन व रईस पटेल पिता श्री रोशन पटेल निवासी नरवर जिला उज्जैन ने कृषि भूमि स्वामी अफसर अली पिता ताजु मोहम्मद निवासी ग्राम पंथमुण्डला तहसील व जिला देवास म.प्र. से उनके स्वामित्व एवं आधिपत्य की कृषि भूमि सर्वे कमांक 43 रकबा 0.5000 हेक्टर, 44 रकबा 0.4800 हेक्टर जिसका कुल रकबा 0.9800 हेक्टर स्थित ग्राम शंकरपुरजागिर तहसील घटिटया जिला उज्जैन (म.प्र.) में स्थित है जिसे मेरे पक्षकारगण जावेद पटेल पिता रोशन पटेल निवासी नरवर जिला उज्जैन व रईस पटेल पिता श्री रोशन पटेल निवासी नरवर जिला उज्जैन ने क्रय कर लिया है। इसमें मय कृषि भुमि जिसमें तल एवं हवाई हक सहित में सभी प्रकार के विवाद एवं ऋण भार से मुक्त अवस्था में क्रय करने का अनुबंध किया होकर बयाना राशी दे दी गई है। मेरे पक्षकार द्वारा नियत अवधि में शेष धनराशि अदा कर अपने हित में विक्रय पत्र का निष्पादन कराया जावेगा। इस सूचना प्रकाशन के द्वारा सूचित किया जाता है कि उपरोक्त कृषि भुमि के विकय बाबत किसी व्यक्ति, संस्था, बैंक या किसी विभाग की कोई आपत्ति हो या उक्त प्रकार का कोई ऋण भार टैक्स मेंटेनेंन्स बकाया हो या उक्त संपत्ति पर कोई स्वत्व हित या अधिकार रखते हो ऐसे संबंधित व्यक्ति, संस्था, विभाग आदि इस सूचना प्रकाशन से 7 दिवस कि अवधि में अपनी आपत्ति मय लिखित प्रमाण के साथ मेरे समक्ष प्रस्तुत करें ताकि उसका निराकरण करवाया जा सकें। अन्यथा अवधि समाप्त होने के पश्च्यात मेरे पक्षकार द्वारा विधीवत उपरोक्त वर्णित कृषि भूमि के विक्रय पत्र का निष्पादन करवा लिया जावेगा व किसी कि कोई आपत्ति मान्य नहीं होगी।

इति दिनांक 03.05.26 उज्जैन

**सर्विस प्रोवाइडर आशिष दुबे उज्जैन**
**कार्यलय सी- 8 भरतपुरी काम्पलेक्स,**
**उज्जैन (म.प्र.)**
**मोबाईल न. 99077 11181**

**जाहिर सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि भूमिस्वामीः- 1. राकेशसिंह पिता श्री भगवानसिंह, 2. अभिमन्यु पिता श्री भगवानसिंह, 3. सोहनसिंह पित श्री भगवानसिंह निवासी ग्राम मंगरोला तहसील व जिला उज्जैन कृषक ग्राम-धन्नाखेडी तहसील घटिया जिला उज्जैन के स्वामित्व स्वत्व एवं आधिपत्य की कृषि भूमि आराजी सर्वे क्रं0-3/1 रकबा 0.30 हैक्टर, सर्वे क्रं.-21 रकबा 0.31 हैक्टर, सर्वे क्रं.-22/1 रकबा 0.44 हैक्टर, सर्वे क्रं.-22/2 रकबा 1.00 हैक्टर, सर्वे क्रं.-27/1/2 रकबा 0.18 हैक्टर सर्वे क्रं.-17/1/2 रकबा 0.53 हैक्टर, सर्वे क्रं.-32/2/1 रकबा 1. 20 हैक्टर, सर्वे क्रं.-12/3 रकबा 0.17 हैक्टर, सर्वे क्रं.-13/1 रकबा 0.23 हैक्टर, सर्वे क्रं.-13/2 रकबा 0.11 हैक्टर, सर्वे क्रं.-23 रकबा 1.06 हैक्टर, सर्वे क्रं.-24 रकबा 0.29 हैक्टर, सर्वे क्रं0-26/1/1 रकबा 0.40 हैक्टर, सर्वे क्रं.-26/1/3 रकबा 0.10 हैक्टर, सर्वे क्रं0-26/2/2 रकबा 0.24 हैक्टर, सर्वे क्रं.-27/1/1 रकबा 0.04 हैक्टर कुल किता-16 कुल रकबा-6.60 भूमि ग्राम धन्नाखेडी तहसील घटिया जिला उज्जैन मे स्थित है। उक्त कृषि भूमि सिंचित है। उक्त भूमि कृषि उपयोग की है। मेरे पक्षकार ने भूमि स्वामी से उक्त वर्णित संपत्ति को क्रय करने का सौदा किया होकर विक्रय प्रतिफल की राशि में से टोकन बयाना राशि का भुगतान भी भूमि स्वामी को कर दिया है, अब अनुबंध पत्र एवं विक्रय पत्र का पंजीयन करवाना शेष रहा है।

उक्त संपत्ति पर भूमि स्वामी के अतिरिक्त अन्य किसी व्यक्ति, संस्था, वित्तीय निकाय, बैंक, पेढ़ी, शासकीय या अर्द्धशासकीय संस्था आदि का किसी भी प्रकार का कोई स्वत्व, हित व अधिकार अथवा भार, बोझ, दान, विक्रय, बक्षीस, अनुबंध आदि हो अथवा किसी भी प्रकार का कोई सुखाधिकार हो अथवा इस विकय व्यवहार मे किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो वह इस जाहिर सूचना के प्रकाशन के 7 (सात) दिन मे अपनी आपत्ति मय लेखी प्रमाण के मेरे कार्यालय में आकर प्रस्तुत करे, ताकि उसका निराकरण किया जा सके, अन्यथा उक्त अवधि पश्चात मेरे पक्षकार अपने हित मे उक्त संपत्ति के विकय पत्र का पंजीयन करा लेंगे व उसके पश्चात किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति मान्य नही होगी, न ही मेरे पक्षकार पर बंधनकारक होगी। सूचित हो।

इति दिनांकः-04/05/2026

**भूपेन्द्र उपाध्याय एडवोकेट**
**कार्याः C-2, भरतपुरी कॉम्पलेक्स**
**उज्जैन, मोबाः 89891-45770**

## अनाज मंडी बीनागंज सहायक ग्रेड 3 देवीसिंह मीना हुए सेवानिवृत

**राजगढ़-ब्यावरा।** कृषि उपज मंडी समिति बीनागंज के सहायक ग्रेड 3 देवीसिंह मीना को कार्य क्षेत्र में अर्धवार्षिकी तक सफलतम कार्य निर्वहन करने पर कृषि उपज मंडी समिति बीनागंज के भार साधक अधिकारी चचौड़ा एसडीएम रवी मालवीय, चाचौड़ा तहसीलदार मयंक खेमरिया, सचिव धनसिंह प्रभाकर, लेखपाल प्रकाश मेहरा एवं समस्त मंडी स्टॉप, तुलावटी, व्यापारी बंधुओं आदि ने उनकी सफलतम कार्यकाल की प्रशंसा करते हुए हर्ष व्यक्त किया तथा उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

## विवाह सम्मेलन में ने दिया जागरूकता का संदेश, दूल्हों को बांटे हेलमेट

**ब्यावरा।** राजगढ़ जिले के कालीपीठ थाना क्षेत्र के अंतर्गत भील ठाकुर समाज के सामूहिक विवाह सम्मेलन में पुलिस द्वारा जागरूकता का संदेश दिया गया। सामूहिक विवाह में सड़क सुरक्षा का संदेश दिखाई दिया। पुलिस द्वारा शादी के मंच से सड़क सुरक्षा का संदेश के इस अनोखी पहल का इलाके में सराहना हो रही है। कालीपीठ थाना प्रभारी जितेन्द्र अजनारे ने दूल्हों को हेलमेट बांटे तथा हेलमेट पहनें, सुरक्षित रहें- राजगढ़ पुलिस का बिना हेलमेट बढ़ते सड़क हादसों को लेकर पुलिस का यह कदम बड़ा ही सराहनी है। 37, 40

## आंगनबाड़ी केंद्र क्र. 10 में लाडली लक्ष्मी उत्सव का आयोजन किया

**मक्सी।** जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग जिला शाजापुर के निर्देश अनुसार मक्सी के आंगनबाड़ी केंद्र क्रमांक 10 में लाडली लक्ष्मी उत्सव का आयोजन किया गया कार्यक्रम में मुख्य अतिथि आदरणीय रुक्मणी जी पाटीदार पार्षद एवं जिला महिला मोर्चा की उपाध्यक्ष उपस्थिति रही साथ ही लाडली बालिकाएं भी कार्यक्रम में उपस्थिति रही लाड़ली लक्ष्मी उत्सव कार्यक्रम में कक्षा दसवीं में जय जैन , तनुजा भावसारको, स्नेहा जैन, इसी प्रकार , कक्षा 12वीं में



दिव्या लोधी, शिवानी गुर्जर, नंदिनी लोधी एवं सिमरन यादव को सर्वाधिक अंक प्राप्त करने पर पुष्प हार पहनकर सम्मानित किया गया साथ ही दो बालिकाओं पर नसबंदी कराए जाने पर संगीता जैन एवं मोनालिका जैन को भी पुष्प हार पहनकर सम्मानित किया गया लाडली बालिकाओं को शिक्षा और अन्य क्षेत्र में आगे बढ़ाने के लिए प्रभारी परियोजना अधिकारी बेरछा मधुबाला परमार द्वारा प्रोत्साहित किया गया आंगनवाड़ी कार्यकर्ता लक्ष्मी लोधी के द्वारा बालिकाओं को किसी भी परिस्थिति में शिक्षा नहीं रोके, निरंतर पढ़ाई जारी रखे। मुख्य अतिथि महोदय द्वारा बालिकाओं का उत्साहवर्धन किया गया ।

In The Court Of VII Civil Judge Class-I, District Court, Ujjain Presiding Officer:
**श्री राघवेन्द्र पटेल**
**आवेदन पत्र अंतर्गत धारा 372 भारतीय उत्तराधिकार अधिनियम सक्सेशन प्रकरण क्रमांक**
(MIC SUC/0000017/20261)
**इरफानउल्लाह---- आवेदक**
**Vs**
**प्रभारी अधिकारी कर्मचारी भविष्य निधि संगठन श्रम एवं रोजगार मंत्रालय-----अनावेदक**
Process Id-/2026
**पेशी दिनांकः 24/06/2026**

**प्रेषिती**
(1) सर्वसाधारण पता- सर्वसाधारण
(2) आम जनता

आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदकगण इरफानउल्लाह पिता एहसान उल्लाह, आयु-49 वर्ष, व्यवसाय-व्यापार एवं क्रं. 2 मोहसीन उल्लाह पिता एहसान उल्लाह, आयु 42 वर्ष, व्यवसाय-व्यापार, निवासीगण-16/2 गाँसा दरवाजा नजदीक गुलाम हुसैन की गुवाडी उज्जैन म प्र की ओर से एक आवेदन पत्र अंतर्गत धारा 372 हिन्दू उत्तराधिकार अधिनियम 1925 के अधीन आवेदकगण मृतक स्व. श्री अजीज खान पिता स्व. श्री एहमद खान के भतीजे है और स्व.श्री अजीज खान हीरामिल उज्जैन में नौकरी करते थे। स्व. श्री अजीज खान की पत्नि स्व. अफराज बी की मृत्यु दिनांक 19/10/2014 एवं स्व. अजीज खान पिता स्व. एहमद खान की मृत्यु दिनांक 03/10/2025 को हो चुकी है, स्व. श्री अजीज खान की कोई संतान नहीं थी। स्व. श्री अजीज खान की पत्नि की मृत्यु उपरांत ही से अपने भतीजे इरफान उल्लाह पिता एहसान उल्लाह एवं मोहसीन पिता एहसान उल्लाह के साथ मृत्यु पर्यन्त रहे, उन्होने अपने जीवनकाल में एक वसीयत दिनांक 23/09/2025 को अपने भाई एहसान उल्लाह के दोनों पुत्रों इरफान एवं मोहसीन आवेदकगण के पक्ष में वसीयत संपादित कर अपनी समस्त चल अचल संपत्ति का उत्तराधिकारी बनाया था । मृतक स्व.श्री अजीज खान पिता स्व. श्री एहमद खान निवासी 222/2 सेठीनगर उज्जैन हीरामिल उज्जैन में मिल बंद होने तक कार्यरत रहे एवं मिल बंद होने के पश्चात पेंशन प्राप्त कर रहे थे उनका पीपीओ नंबर 104412191196 है जो अनावेदक क्रमांक 1 प्रभारी अधिकारी, कर्मचारी भविष्य निधि संगठन श्रम एवं रोजगार मंत्रालय भारत सरकार क्षेत्रीय कार्यालय-7 भरतपुरी प्रशासनिक क्षेत्र देवास रोड उज्जैन म प्र के रिकार्ड में दर्ज है। स्व. अजीज खान भारतीय स्टेट बैंक की शाखा माधवनगर में अपने खाता क्रमांक 80344667013 से पेंशन प्राप्त कर रहे थे तथा स्व. अजीज खान पिता एहमद खान के पी एफ खाते में रुपये 73900/- जमा है। आवेदकगण पता ने अनावेदक क्रं. 1 के कार्यालय में मृतक श्री अजीज खान पिता स्वश्री एहमद खान निवासी 222/2 सेठीनगर उज्जैन हीरामिल उज्जैन के पीएफ खाते में उक्त जमा राशि/संपत्ति हेतु उत्तराधिकारी अथवा अभिभावक/संरक्षक नियुक्ति प्रमाण पत्र प्राप्त करने के लिये इस न्यायालय में आवेदन किया है जिसकी सुनवाई दिनांक 24 जून 2026 को नियत है।

यदि किसी व्यक्ति को उक्त प्रकरण में आवेदक को उक्त मृतक का उत्तराधिकारी अथवा अभिभावक/संरक्षक होने सम्बन्धी प्रमाण पत्र जारी किये जाने में कोई आपत्ति हो अथवा उक्त प्रकरण में वह अपना हक समझता हो तो पेशी दिनांक 24 जून 2026 को न्यायालय में स्वयं अथवा अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित रहें। सूचना उपरांत, यदि अनुपस्थित रहे तो प्रकरण की सुनवायी एक पक्षीय की जाकर प्रकरण का निराकरण किया जावेगा।

यह आज तारीख 27 अप्रैल 2026 को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मुद्रा लगा कर दिया गया है।

**(राघवेन्द्र पटेल)**
**सप्तम व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ खण्ड उज्जैन**

**कृपया ध्यान दे-** 1. यदि किसी कारणवश उक्त तिथि को न्यायालय अवकाश पर रहेगा तो आगामी कार्य दिवस पर यह प्रकरण सुनवाई में लिया जायेगा।

## शोक व्यक्त करने बोहरड़ा पहुंचे प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल

**खंडवा।** लोकसभा क्षेत्र खंडवा बुरहानपुर के सांसद ज्ञानेश्वर पाटील के अनुज स्वर्गीय श्री विश्वनाथ पाटील (बाडू भाई) के दु:खद निधन विगत दीनों हो गया था उनके निधन से पूरे क्षेत्र में शोक व्याप्त हें, क्षेत्रवासी, जनप्रतिनिधि, प्रदेश के मंत्री एवं पदाधिकारी ग्राम बोहरडा पहुंचकर श्रद्धा सुमन अर्पित कर रहे हैं। समाजसेवी व प्रवक्ता सुनील जैन ने बताया की रविवार को शोक संवेदना व्यक्त करने हेतु भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष श्री हेमंत खंडेलवाल सांसद ज्ञानेश्वर पाटिल के निज निवास ग्राम बोहरड़ा पहुंचे। इस दौरान श्री खंडेलवाल ने शोक संतप्त परिवार से मुलाकात कर दिवंगत आत्मा को श्रद्धांजलि अर्पित की एवं परिजनों को ढांढस बंधाया। उन्होंने ईश्वर से प्रार्थना की कि दिवंगत आत्मा को अपने चरणों में स्थान दें और परिवार को इस कठिन समय में संबल प्रदान करें।

## योग एवं प्राणायाम से स्वस्थ जीवन का लिया संकल्प

**खण्डवा।** आदर्श योग एवं संस्कार प्रतिष्ठान द्वारा लायन्स क्लब खण्डवा व जिला योग आयोग समिति के सहयोग से योग व प्राणायाम का साप्ताहिक शिविर का आयोजन किया जा रहा है।नारायण बाहेती ने बताया कि आदर्श योग एवं संस्कार प्रतिष्ठान व जिला योग आयोग समिति के अध्यक्ष डॉ दिलीप जैन, सचिव नारायण बाहेती, कोषाध्यक्ष दामोदर गर्ग लायन्स क्लब खण्डवा के अध्यक्ष व जिला योग समिति की उपाध्यक्ष आशा उपाध्याय, सचिव ओम प्रकाश अग्रवाल कोषाध्यक्ष पवन लाड के नेतृत्व में 3 मई रविवार से दिनांक 9 मई तक प्रतिदिन प्रात: 7 बजे से योग व प्राणायाम प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया जा रहा है। समाजसेवी सुनील जैन ने बताया कि योग से कई रोग दूर हो सकते हैं, करो योग रहो निरोग के माध्यम से शिविर में नियमित योग प्रशिक्षकों द्वारा संस्थापक योगाचार्य स्व. लक्ष्मीनारायण गुप्त गुरुजी द्वारा बनाये गए पैकेज के आधार पर योग व प्राणायाम की बारीकियों व क्रमबद्धता से अवगत कराया जाएगा।

## सैकड़ों परिवारों को लौटाई खुशियां प्रवीण शर्मा

**खंडवा।** जिले में बाल संरक्षण के क्षेत्र में एक सराहनीय और प्रेरणादायक पहल देखने को मिली है। न्यायपीठ बाल कल्याण समिति के अध्यक्ष प्रवीण शर्मा के नेतृत्व में मनोवैज्ञानिक काउंसलिंग को एक सशक्त माध्यम बनाकर सैकड़ों बच्चों और उनके परिवारों के जीवन में सकारात्मक बदलाव लाया जा रहा है। समाजसेवी सुनील जैन ने बताया कि आज के दौर में बाल शोषण, उपेक्षा, पारिवारिक विवाद, बाल श्रम और बाल अपराध जैसे मुद्दे बच्चों के मानसिक और भावनात्मक विकास को गहराई से प्रभावित करते हैं। ऐसे में केवल कानूनी हस्तक्षेप पर्याप्त नहीं होता, बल्कि बच्चों और उनके परिवारों को मानसिक रूप से सशक्त बनाना भी उतना ही आवश्यक होता है। इसी सोच के साथ प्रवीण शर्मा ने बाल संरक्षण के कार्यों में मनोवैज्ञानिक काउंसलिंग को प्रभावी रूप से जोड़ा। इस पहल की सबसे खास बात यह है कि काउंसलिंग केवल कार्यालय तक सीमित नहीं है, बल्कि प्रवीण शर्मा स्वयं जरूरतमंद परिवारों के घर जाकर उनसे संवाद करते हैं।

## विश्व हास्य दिवस पर सदभावना मंच में खुब लगे हंसी के ठहाके

**खंडवा।** विश्व हास्य दिवस पर सदभावना मंच सदस्यों व्दारा विश्व हास्य दिवस पर खुब जोरदार हंसी के ठहाके लगाये। यह जानकारी देते हुए मंच के निर्मल मंगवानी ने बताया कि इस मौके पर उपस्थित सदस्यों को मंच संस्थापक प्रमोद जैन ने सम्बोधित करते हुए कहा कि मनोवैज्ञानिक प्रयोगों ने हँसने की महत्ता सिद्ध की है। हँसना सभी के शारीरिक व मानसिक विकास में अत्यंत सहायक है। विश्व हंसी दिवस एक खूबसूरत याद दिलाता है कि खुशी सरल और शक्तिशाली होती है। यह दिवस लोगों को बेहतर स्वास्थ्य, मजबूत रिश्तों और अधिक शांतिपूर्ण दुनिया के लिए हंसी को एक साधन के रूप में अपनाने के लिए प्रोत्साहित करता है। हँसी सिर्फ एक एहसास नहीं, बल्कि जीवन को खुशहाल और स्वस्थ बनाने की सबसे सरल दवा है।खुलकर हँसें, मुस्कुराते रहें और अपने आसपास भी खुशियों बिखेरे। इस दौरान सद्भावना मंच संस्थापक प्रमोद जैन, पूर्व डीएसपी आनंद तोमर, डॉ. जगदीशचन्द्र चौरे, देवेंद्र जैन, राधेश्याम शाक्य, गणेश भावसार, सुरेंद्र गीते, सुनील सोमानी, निर्मल मंगवानी, मनोज जोशी, अनुप शर्मा, अशोक जैन, कृष्ण कुमार व्यास, डॉ. एमएम कुरैशी, अर्जुन बुंदेला, सुभाष मीणा, कैलाश पटेल आदि सहित अनेक मंच सदस्यों ने हास्य चुटकुले सुनाकर जमकर ठहाके लगाएं।

## 04 आरोपियों के विरुद्ध की गई कार्यवाही

**खंडवा।** अवैध शराब बिक्री करने वालों के विरुद्ध कार्यवाही करते हुए थाना कोतवाली के आरोपी मनोज पिता अशोक पाटील उम्र 39 वर्ष निवासी माता चौक खंडवा के कब्जे से देशी प्लेन शराब के 40 क्वाटर सीलबंद प्रत्येक 180 एमएल के कुल कीमती 2800/-रूपये की जप्त की गई। थाना नर्मदानगर के आरोपी गोविन्द पिता मदन जाति भीलाला उम्र 26 वर्ष निवासी बिहारीपुरा थाना धनगांव के कब्जे से एक प्लास्टिक की कैन में 10 लीटर हाथ भट्टी कच्ची महुआ शराब कीमती 1000/-रूपये की जप्त की गई। उपरोक्त दोनों आरोपियों के विरुद्ध धारा 34(1) आबकारी एक्ट के तहत कार्यवाही की गई है। जिसके द्वारा अनिल सांवनेर द्वारा मजदूरी पर सट्टा पाना लेख कर देना बताया।

# जैन श्वेतांबर सोशल ग्रुप गुना का शपथ विधि समारोह संपन्न

### जैन श्वेतांबर सोशल ग्रुप गुना का गरिमामय शपथ ग्रहण समारोह एवं 11 वर्ष पूर्ण होने पर मनाया उत्सव



**दैनिक अवन्तिका » गुना**

जैन श्वेतांबर सोशल ग्रुप गुना का शपथ ग्रहण समारोह अत्यंत गरिमामय एवं प्रेरणादायी वातावरण में सम्पन्न हुआ। इस अवसर पर ग्रुप ने अपनी स्थापना के सफल 11 वर्ष पूर्ण होने का उत्सव भी हर्षोल्लास के साथ मनाया।

कार्यक्रम की विशेषता यह रही कि इसका शुभारंभ सेवा और करुणा के भाव से जीवदया (सकोरे वितरण) एवं मानव सेवा (शीतल जल प्याऊ) जैसे पुण्य कार्यों के साथ किया गया, जिसने पूरे आयोजन को आध्यात्मिक ऊंचाई प्रदान की।

कार्यक्रम की शुरुआत महिला सदस्य विनीता टांटिया, श्वेता टांटिया एवं हिमांशी बांठिया द्वारा प्रस्तुत मंगलाचरण गीत तथा एक नन्ही बालिका हितवी जैन द्वारा महामंत्र पर आधारित भावपूर्ण नृत्य प्रस्तुति से हुई, जिसने सभी उपस्थित जनों को मंत्रमुग्ध कर दिया। समारोह के मुख्य अतिथि फेडरेशन के राष्ट्रीय कार्याध्यक्ष संतोष जैन मामा ने नवनिर्वाचित अध्यक्ष आशीष टाटिया एवं डॉ. शिल्पा टाटिया को शपथ दिलाई, जबकि महासचिव मनोहर लोढ़ा द्वारा अन्य पदाधिकारियों को शपथ ग्रहण कराई गई। अपने उद्बोधन में मुख्य अतिथि ने गुना ग्रुप के उत्कृष्ट कार्यों की भूरि-भूरि प्रशंसा करते हुए संगठन के मूल मंत्र मैत्री से सेवा को सुस्पष्ट किया तथा इसे समाजहित में निरंतर आगे बढ़ाने का आह्वान किया।

महासचिव मनोहर लोढ़ा ने महासंघ की ओर से सभी पदाधिकारियों एवं सदस्यों को शुभकामनाएं प्रेषित करते हुए संगठन के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। कार्यकारिणी एवं नवसदस्यों को गुना ग्रुप के पूर्व अध्यक्ष एवं फेडरेशन पदाधिकारी प्रदीप लोढ़ा तथा राजमल कोठारी द्वारा शपथ दिलाई गई। इस अवसर पर दो नवीन सदस्यों आशीष-हिमांशी बांठिया एवं निशु-मेघा श्रीमाल को सदस्यता शपथ दिलाई गई, वहीं दो सदस्यों एड. लोकेंद्र-सीमा श्रीमाल तथा अमित-शिप्रा टाटिया की सदस्यता का नवीनीकरण किया गया।

नवनिर्वाचित अध्यक्ष श्री टाटिया ने अपने भावी कार्यक्रमों की रूपरेखा प्रस्तुत करते हुए बताया कि इस बार ग्रुप में तीन पीढियों का एक साथ जुड़ना संगठन की विशेष उपलब्धि है। कार्यक्रम का सफल संचालन पूर्व अध्यक्ष श्री विकास टाटिया द्वारा किया गया, वहीं आभार प्रदर्शन सचिव श्री विपिन टांटिया ने किया। राष्ट्रगान जन गण मन के साथ सभा का समापन हुआ, तत्पश्चात सभी उपस्थित सदस्यों एवं अतिथियों ने सुस्वादु भोजन का आनंद लिया।

इस आयोजन को सफल बनाने में संस्थापक अध्यक्ष, समस्त पूर्व अध्यक्षगण, कार्यकारिणी के सभी पदाधिकारी, संचालक विकास टाटिया, सहयोगी देवेश जैन, पराग, बादल, नितिन, चंद्रेश का विशेष योगदान रहा। कार्यक्रम के मुख्य संयोजक शीतल टांटिया ने स्थल चयन से लेकर भोजन एवं संपूर्ण व्यवस्थाओं की जिम्मेदारी निभाते हुए आयोजन को उत्कृष्ट रूप प्रदान किया।

सांस्कृतिक कार्यक्रम की शानदार प्रस्तुति हेतु जितेश एवं श्रीमती दीपिका का विशेष आभार व्यक्त किया गया। मंगलाचरण एवं स्वागत गीत प्रस्तुत करने वाली सांस्कृतिक समिति की टीम को भी धन्यवाद दिया गया।

कार्यक्रम की सफलता में दोनों ऊर्जावान सचिव विपिन एवं डॉ. सुराणा जी का अथक परिश्रम सराहनीय रहा। साथ ही, आदरणीय दीपा मासी द्वारा अतिथियों के लिए घर पर किए गए स्नेहपूर्ण आतिथ्य एवं जलपान के लिए विशेष धन्यवाद ज्ञापित किया गया। अंत में आयोजकों ने सभी प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष रूप से सहयोग करने वाले सदस्यों के प्रति हृदय की गहराइयों से आभार व्यक्त करते हुए कहा कि सभी के सहयोग, मार्गदर्शन एवं समयबद्ध योजना के कारण यह शपथ ग्रहण समारोह सफलतापूर्वक एवं आनंदपूर्वक सम्पन्न हुआ।

## अंतिम यात्रा में सहूलियत: शुजालपुर में मोक्षरथ सेवा शुरू



**दैनिक अवन्तिका » शुजालपुर**

शहरवासियों को अंतिम यात्रा के दौरान होने वाली परेशानियों से राहत दिलाने के उद्देश्य से मोक्षरथ शव वाहन सेवा का शुभारंभ किया गया है। यह पहल अनंत सेवा संगठन द्वारा शुरू की गई है, जिसका संचालन श्मशान समिति के माध्यम से किया जाएगा। रविवार को कृषि उपज मंडी परिसर में विधि-विधान के साथ पूजा-अर्चना कर वाहन को सेवा में शामिल किया गया। शहर के बढ़ते विस्तार और श्मशान घाट की दूरी अधिक होने के कारण परिजनों को अंतिम यात्रा में कई तरह की कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा था। इसी समस्या के समाधान के लिए मोक्षरथ सेवा प्रारंभ की गई है, जिससे जरूरत के समय त्वरित और व्यवस्थित सुविधा मिल सकेगी।

**करीब 6 लाख की लागत से तैयार-** जानकारी के अनुसार मोक्षरथ वाहन को लगभग 6 लाख रुपये की लागत से तैयार कराया गया है। यह सेवा शुजालपुर मंडी सहित शहर के अन्य क्षेत्रों में भी उपलब्ध रहेगी। अंतिम यात्रा से करीब आधा घंटा पूर्व सूचना देने पर वाहन उपलब्ध कराया जाएगा।

**रामधुन के साथ श्रद्धापूर्ण माहौल-**वाहन में धार्मिक वातावरण बनाए रखने के लिए साउंड सिस्टम की व्यवस्था की गई है, जिसमें रामधुन और भक्ति संगीत प्रसारित किया जा सकेगा। इससे शव यात्रा के दौरान अलग से बैंड या अन्य व्यवस्थाओं की आवश्यकता नहीं पड़ेगी। सेवा के लिए प्रति शव यात्रा 1100 रुपये की सहयोग राशि निर्धारित की गई है, जिसका उपयोग ईंधन, संचालन और रखरखाव में किया जाएगा। इसके अतिरिक्त शव को सुरक्षित रखने के लिए फ्रीजर सुविधा भी उपलब्ध कराई गई है, जिसके लिए प्रतिदिन 500 रुपये शुल्क निर्धारित किया गया है। सेवा से संबंधित जानकारी एवं वाहन की उपलब्धता के लिए श्मशान समिति के सदस्यों से मोबाइल नंबर 9425034265 और 9424045880 पर संपर्क किया जा सकता है।

## शुजालपुर में शादी समारोह के दौरान बाइक चोरी

**शुजालपुर।** शहर में चोरी की घटनाएं थमने का नाम नहीं ले रही हैं। ताजा मामला मंडी क्षेत्र का है जहां शादी समारोह में शामिल होने गए युवक की मोटरसाइकिल अज्ञात बदमाश चोरी कर ले गए। पुलिस को दी गई शिकायत में फरियादी ने बताया कि वह 23 अप्रैल 2026 को सतनाम गार्डन में आयोजित एक विवाह समारोह में रोटी बनाने के कार्य से गया था। रात करीब 1.30 बजे वह उस्ताद विष्णु मीणा के कमरे फ्रीगंज शुजालपुर पर खाना लेकर पहुंचा था। उसने अपनी एचएफ डीलक्स मोटरसाइकिल क्रमांक एमपी 42 जेड जी 3851 साथी के घर के सामने खड़ी की थी। कुछ समय बाद बाहर आकर देखा तो मोटरसाइकिल मौके से गायब थी। आसपास काफी तलाश करने के बाद भी कोई सुराग नहीं लगा। पीड़ित ने आशंका जताई है कि अज्ञात व्यक्ति रात के अंधेरे का फायदा उठाकर बाइक चोरी कर ले गया। फरियादी ने वाहन की कीमत करीब 90 हजार रुपए बताई है। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है और आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की मदद से आरोपियों की तलाश की जा रही है।

## जन्मदिन पर कलेक्टर किशोर कुमार कन्याल ने किया आनंदधाम वृद्धाश्रम का भ्रमण




**गुना।** कलेक्टर किशोर कुमार कन्याल ने अपने जन्मदिवस के अवसर पर गुना के कैंट क्षेत्र स्थित आनंदधाम वृद्धाश्रम का भ्रमण कर सामाजिक संवेदनशीलता का परिचय दिया। इस दौरान उन्होंने वृद्धजनों से आत्मीय मुलाकात कर उनका आशीर्वाद लिया तथा उनकी समस्याओं और आवश्यकताओं को समझा।

**आत्मनिर्भरता बनी प्रेरणा, 95 वर्षीय बुजुर्ग से विशेष मुलाकात-**भ्रमण के दौरान एक विशेष प्रसंग सामने आया, जब 95 वर्षीय मथुरालाल ओझा से कलेक्टर ने भेंट की। इस उम्र में भी उनके द्वारा अपने सभी कार्य स्वयं करने पर कलेक्टर ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि यह आत्मनिर्भरता हम सभी के लिए प्रेरणादायक है। उन्होंने कहा कि बुजुर्गों का अनुभव समाज की सबसे बड़ी पूंजी है और उनका आशीर्वाद हम सभी को बेहतर कार्य करने की प्रेरणा देता है। कलेक्टर श्री कन्याल ने उपस्थित वृद्धजनों से संवाद करते हुए कहा कि वे अपना अनुभव और मार्गदर्शन निरंतर देते रहें, ताकि प्रशासन जनहित में बेहतर कार्य कर सके और लोगों के चेहरे पर खुशी बनी रहे। उन्होंने कहा कि शासन की मंशा के अनुरूप कार्य करते हुए समाज के हर वर्ग तक खुशहाली पहुंचाना ही हमारा संकल्प है। इस दौरान वृद्धाश्रम में बिजली के बिल अधिक आने की समस्या सामने आई, जिस पर कलेक्टर ने सोलर प्लांट स्थापित करने की संभावनाओं पर कार्य करने के निर्देश दिए। साथ ही, वृद्धजनों द्वारा परिसर में अधिक वृक्षारोपण की मांग पर उन्होंने उद्यानिकी विभाग को निर्देशित किया कि पर्याप्त दूरी का ध्यान रखते हुए परिसर में छायादार और उपयोगी पौधों का रोपण कराया जाए। इसके साथ ही कलेक्टर ने स्वास्थ्य विभाग को निर्देशित किया कि प्रत्येक शनिवार कम से कम दो घंटे के लिए वृद्धाश्रम में उपस्थित रहकर सभी बुजुर्गों का नियमित स्वास्थ्य परीक्षण सुनिश्चित किया जाए।

**व्यवस्थाओं का निरीक्षण, हर संभव सहयोग का भरोसा-**कलेक्टर श्री कन्याल ने वृद्धाश्रम की व्यवस्थाओं का निरीक्षण करते हुए प्रबंधन को निर्देश दिए कि प्रत्येक वृद्धजन की सुविधा, स्वास्थ्य और सम्मान का विशेष ध्यान रखा जाए। उन्होंने आश्वस्त किया कि किसी भी प्रकार की आवश्यकता होने पर जिला प्रशासन हर संभव सहयोग प्रदान करेगा। इस दौरान एसडीएम गुना श्रीमती शिवानी पाण्डे सहित विभिन्न विभाग के अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे। आज इस दौरान वृद्धजनों ने भी कलेक्टर का स्वागत कर उनके स्वस्थ एवं सफल जीवन की कामना की।

## असंगठित कामगार कांग्रेस के जिला अध्यक्ष बने सुरेशचंद्र गोठी

**शुजालपुरल।** असंगठित कामगार कांग्रेस में संगठनात्मक विस्तार के तहत सुरेशचंद्र गोठी को जिला अध्यक्ष पद की जिम्मेदारी सौंपी गई है। यह नियुक्ति राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ उदित राज के निर्देश पर प्रदेश अध्यक्ष रणजीत सिंह शक्तावत द्वारा की गई। गोठी की नियुक्ति के बाद कांग्रेस संगठन में उत्साह का माहौल देखा गया। प्रदेश उपाध्यक्ष महेन्द्र जोशी, प्रदेश महासचिव रामवीर सिंह सिकरवार, जिला अध्यक्ष नरेश्वर प्रताप सिंह, गजेन्द्र सिसोदिया, ब्लॉक अध्यक्ष मंगल सिंह राठौड, कैलाश उपलावदिया, जयंत सिकरवार, बल्ला सोनी, हसन रज़ा कुरैशी सहित अन्य कार्यकर्ताओं ने हर्ष व्यक्त करते हुए शुभकामनाएं दीं।

## अवैध मदिरा पर आबकारी विभाग की सख्त कार्रवाई, 16,000 रुपये की सामग्री जब्त

**गुना।** जिले में अवैध मदिरा के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत आबकारी विभाग ने प्रभावी कार्रवाई करते हुए बड़ी मात्रा में अवैध शराब एवं लाहन जब्त किया है।

कलेक्टर किशोर कुमार कन्याल के निर्देशन तथा संभागीय उपायुक्त संदीप शर्मा के मार्गदर्शन में यह अभियान लगातार संचालित किया जा रहा है। इसी क्रम में जिला आबकारी अधिकारी गुरुप्रसाद केवट के निर्देशन में 02 मई 2026 को आबकारी वृत्त गुना-1 के प्रभारी राधाकिशन अटारिया द्वारा ग्राम बोरखेड़ा चक एवं बेरखेड़ी में दबिश दी गई। कार्रवाई के दौरान ग्राम बोरखेड़ा से 6 प्लास्टिक ड्रमों में लगभग 300 किलोग्राम लाहन तथा ग्राम बेरखेड़ी से 35 लीटर हाथ भट्टी शराब जब्त की गई। जब्त लाहन को मौके पर ही नष्ट कर दिया गया। इस मामले में आरोपियों के विरुद्ध मध्यप्रदेश आबकारी अधिनियम 1915 की धारा 34(1) एवं 34(1) के तहत कुल 3 प्रकरण दर्ज किए गए हैं। जब्त सामग्री का अनुमानित मूल्य 16,000 रुपये बताया गया है। इस कार्रवाई में आबकारी विभाग के अधिकारियों एवं कर्मचारियों मुख्य आरक्षक रामहेत सिंह कुशवाह, आरक्षक गोविंद सिंह मीणा, दिनेश कुमार राठौर, महिला आरक्षक पूजा रघुवंशी तथा होमगार्ड सैनिक महिपाल सिंह की महत्वपूर्ण भूमिका रही। आबकारी विभाग द्वारा अवैध मदिरा के खिलाफ लगातार सतर्कता एवं सख्ती बरती जा रही है।

## जन शिक्षा केंद्र पाटई ने दी प्राचार्य विलियम डॉलर को सेवानिवृत्ति की भावभीनी विदाई



**गुना।** प्राचार्य हाई स्कूल पाटई विलियम डॉलर अपना 37वर्षों का शैक्षणिक कार्यकाल पूर्ण कर 30 अप्रैल 26 को सेवानिवृत हुई। उनका विदाई कार्यक्रम निजी होटल में आयोजित किया गया। विदाई कार्यक्रम में उपस्थित बालापुर प्राचार्य मनोहर सिलावट और खुटियावद प्राचार्य श्री गुप्ता ने उनके कार्यकाल की सराहना की। इस मौके पर मंच पर उपस्थित समाजसेवी शिक्षक दिनेश जाटव ने प्राचार्य विलियम डॉलर को भावी जीवन के सुखमय भविष्य की शुभकामनाएं दी। वहीं शिक्षकों और वर्तमान प्राचार्य रेणुका टोप्पो ने अपने विचारों से प्राचार्य के जीवन पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम का संचालन सीएसी धर्मेंद्र रघुवंशी ने किया।

## महिला शाखा में रूपल जैन अध्यक्ष अर्पिता जैन जिला महामंत्री नियुक्त

**खंडवा।** दिगंबर जैन युवा महासभा के राष्ट्रीय कार्याअध्यक्ष विकेश मेहता ने खंडवा जिले की महिला शाखा की अध्यक्ष रूपल जैन की अनुशंसा पर महिला शाखा की कार्यकारिणी को घोषित कर दिया है, नई टीम के पदाधिकारी जैन समाज के विभिन्न कार्यक्रमों को करते हुए समाज के एकता के लिए कार्य करेंगे। समाज के सचिव सुनील जैन ने बताया की राष्ट्रीय अध्यक्ष मेहता विकेश मेहता की सहमति से महिला शाखा खंडवा की अध्यक्ष रूपल जैन लोहाडिया द्वारा अपनी कार्यकारिणी की घोषणा कर दी गई है। दिगंबर जैन युवा महासभा महिला शाखा जिला खंडवा में अध्यक्ष रूपल जैन लुहाड़िया के साथ ही जिला महामंत्री- अर्पिता जैन रावका, सरंक्षक- वैशाली जैन गदीया, नेहा जैन सेठी, सरिता जैन रावका, प्रेरणा जैन पंधाना, वरिष्ठ उपाध्यक्ष- नीतू जैन,लीना जैन बडजात्या, उपाध्यक्ष - शेफाली जैन, कोषाध्यक्ष वंदना जैन, संगठन मंत्री- समृद्धि जैन लुहाड़िया, ऋषिका जैन, प्रणिका जैन बडजात्या, मोनिका जैन सेठी, रूपाली जैन पंधाना, सह मंत्री- स्वीना जैन सेठी, दीपाली जैन पंधाना, रिया उदय जैन,श्रीमती मेघा जैन पहाड़िया, वेदिका जैन रावका,साक्षी जैन बैनाडा, प्रवक्ता -भावना जैन लुहाड़िया, रूबी जैन बेनाडा,छात्र शाखा अध्यक्ष- टीनाजैन छाबडा, राष्ट्रीय प्रतिनिधि - प्रीति जैन लुहाडिया, प्रदेश प्रतिनिधि - स्वीटी जैन, भाग्यश्री जैन की नियुक्ति की गई है। समाज के सचिव सुनील जैन ने बताया कि युवा महासभा की यह टीम धार्मिक गतिविधियों के साथ ही साधु संतों के आहार विहार एवं सामाजिक दायित्वों के निर्वहन के साथ राष्ट्रीय मिशन के कार्यों में भी अपना सहयोग प्रदान करेगी। चल रही भीषण गर्मी को देखते हुए राष्ट्रीय अध्यक्ष विकेश मेहता ने अध्यक्ष एवं कार्यकारिणी सदस्यों से अनुरोध किया है कि शहर के प्रमुख स्थानो पर आमजन के लिए शुद्ध शीतल पानी की व्यवस्था के साथ पशु पक्षियों के दाने और पानी की व्यवस्था कर पुण्य कार्य में भी सहयोगी बने।

# परशुराम जयंती पर वाहन रैली व शोभायात्रा संपन्न

**दैनिक अवन्तिका » शुजालपुर**




भगवान परशुराम के प्राकट्य उत्सव पर नगर में दो दिवसीय आयोजन शांत, सुव्यवस्थित और गरिमामय वातावरण में संपन्न हुए। 1 व 2 मई को हुए कार्यक्रमों में महिलाओं, युवाओं और वरिष्ठजनों की बड़ी भागीदारी रही, जिससे सामाजिक समरसता और सांस्कृतिक एकता का सशक्त संदेश मिला।

पहले दिन 1 मई को प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इसमें समाज के मेधावी विद्यार्थियों और खेल प्रतिभाओं को सम्मानित किया गया। कक्षा 10वीं व 12वीं में 80 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों के साथ राष्ट्रीय व राज्य स्तर के खिलाड़ियों को प्रशस्ति पत्र व शील्ड देकर प्रोत्साहित किया गया। इस दौरान व्यंजन मेला और विभिन्न प्रतियोगिताएं भी आयोजित हुईं, जिनमें विजेताओं को वामा मंडल ने पुरस्कृत किया। समारोह में समाज के वरिष्ठजन एवं पदाधिकारी उपस्थित रहे।

**अनुशासित रही वाहन रैली व शोभायात्रा-** दूसरे दिन 2 मई को रायंकनपुरा स्थित हनुमान मंदिर से वाहन रैली निकाली गई। भगवान परशुराम के जयघोष के बीच बड़ी संख्या में श्रद्धालु दोपहिया व चारपहिया वाहनों के साथ शामिल हुए। रैली नगर के प्रमुख मार्गों से होती हुई चौबे स्कूल पहुंची। इसके बाद श्रीरामचंद्र चोबे स्मृति शिक्षा निकेतन से शोभायात्रा निकाली गई, जो शहर के विभिन्न मार्गों से गुजरते हुए पुन: प्रारंभिक स्थल पर समाप्त हुई। शोभायात्रा में पारंपरिक वेशभूषा में सजे समाजजन आकर्षण का केंद्र रहे। भगवान परशुराम की सुसज्जित झांकी बग्गी पर विराजित की गई। पं. आलोक उपाध्याय द्वारा भगवान परशुराम तथा वैष्णवी अनिल शर्मा द्वारा झांसी की रानी के स्वरूप में घुड़सवारी प्रस्तुति ने सभी का ध्यान आकर्षित किया।

**धार्मिक-सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने बांधा समां-** कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्वलन व पूजन-अर्चन से हुई। आरती के बाद वेद मंत्रों और जयघोष के बीच धार्मिक व सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी गईं। कृष्ण जन्म, बाल लीलाएं, कालिया नाग मर्दन और श्रीकृष्ण-परशुराम संवाद का मंचन सराहा गया। राधा, श्रीकृष्ण और भगवान परशुराम के रूप में कलाकारों की प्रस्तुति को खूब सराहना मिली।

**अतिथियों ने दिया संस्कारों का संदेश-** कार्यक्रम में क्षेत्रीय विधायक एवं कैबिनेट मंत्री इंदर सिंह परमार मुख्य अतिथि रहे।

उन्होंने भगवान परशुराम के जीवन को त्याग, तप और धर्म संरक्षण का प्रतीक बताते हुए ऐसे आयोजनों को समाज में संस्कारों के संवर्धन का माध्यम बताया। उन्होंने धर्मशाला निर्माण के लिए 10 लाख रुपए की अतिरिक्त राशि देने की घोषणा भी की। पीसीसी उपाध्यक्ष महेंद्र जोशी ने शिक्षा और सेवा के माध्यम से समाज को सशक्त बनाने पर जोर दिया। अन्य वक्ताओं ने भी समाज की एकजुटता और सांस्कृतिक मूल्यों पर प्रकाश डाला। आयोजन की सफलता में योगदान देने वाले कार्यकर्ताओं का मंच से सम्मान किया गया। कार्यक्रम का संचालन संजय उपाध्याय व विनय देशपांडे ने किया।

## जैनत्व बाल संस्कार शिविर में धर्म अनुशासन और सेवा का संगम

**खंडवा।** शहर में आयोजित जैनत्व बाल संस्कार शिक्षण शिविर के चौथे दिन धार्मिक, सांस्कृतिक और सेवा गतिविधियों का समन्वय देखने को मिला। प्रात: 6:45 बजे प्रभात फेरी के साथ दिन की शुरुआत हुई, जिसके बाद 7:15 बजे बच्चों द्वारा श्रीजी का अभिषेक एवं देव-शास्त्र पूजन संपन्न हुआ। समाज के सचिव सुनील जैन ने बताया कि समाज के नन्हे बालकों ने पूरे उत्साह और श्रद्धा के साथ धार्मिक क्रियाओं में भाग लिया। बाहर से पधारे विद्वान पंडितो द्वारा शिविर के माध्यम से धर्म की शिक्षा के साथ देव दर्शन भगवान का अभिषेक पूजा अर्चना किस प्रकार की जाती है सिखाया गया बच्चे बड़े उत्साह के साथ भगवान का अभिषेक, पूजन अर्चन कर रहे हैं। अच्छी शिक्षा के साथ बच्चों को धर्म की शिक्षा भी अच्छे संस्कारवान बनने के लिए जरूरी है, इसी उपदेश को लेकर मुमुक्ष मंडल द्वारा प्रतिवर्ष यह शिविर लगाया जाता है। सुनील जैन ने बताया कि रविवार सुबह 9:00 बजे आरोन से पधारे पंडित अमन जी शास्त्री द्वारा प्रवचन दिया गया, जिसमें उन्होंने जीवन में संयम, साधना और चैतन्य के महत्व को सरल भाषा में समझाया।

## 13 किलो डोडाचूरा के साथ एक आरोपी गिरफ्तार

**मन्दसौर।** पुलिस अधीक्षक विनोद कुमार मीणा के निर्देशन में जिले में मादक पदार्थों की तस्करी के विरुद्ध चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत सीतामऊ पुलिस को महत्वपूर्ण सफलता हाथ लगी है। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक गरोठ सुश्री हेमलता कुरील एवं एसडीओपी सीतामऊ दिनेश प्रजापति के मार्गदर्शन में थाना पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर कार्रवाई करते हुए सीतामऊ-जावरा रोड स्थित ग्राम पतलासी फंटा पर घेराबंदी की। यहाँ पुलिस ने नकेडिया निवासी 59 वर्षीय बापू सिंह पिता गोवर्धन सिंह राजपूत को उसकी मोटरसाइकिल क्र. एमपी 09 वीवी 5767 के साथ रोका। तलाशी लेने पर उसके पास मौजूद तीन बैगों में कुल 13 किलो अवैध मादक पदार्थ डोडाचूरा बरामद हुआ, जिसकी अनुमानित कीमत 25 हजार रुपये आंकी गई है। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर उसके विरुद्ध एनडीपीएस एक्ट की धारा 8/15 के तहत प्रकरण दर्ज किया है।

## ट्रक की टक्कर से ट्रैक्टर की ट्राली पलटी, दो गंभीर घायल

**मन्दसौर।** जिले के दलौदा थाना क्षेत्र के सरसोद फंटा ग्राम आक्या पर ट्रक नं. आरजे 26 जीए 2855 के अज्ञात चालक ने वाहन को तेज व लापरवाही पूर्वक चलाकर फरियादी के ट्रैक्टर को पीछे से टक्कर मार दी जिससे ट्राली पलट गई। इस हादसे में ट्रैक्टर पर सवार गोविंद व आबिद उछल कर नीचे गिर गये जिससे उन्हें गंभीर चोंटे आने पर उन्हें उपचार के लिये मंदसौर रेफर किया गया। यह दुर्घटना 1 मई की रात करीब 11 बजे की है। प्राप्त जानकारी अनुसार इस घटना की रिपोर्ट फरियादी नरेन्द्र पिता कैलाशचन्द्र पाटीदार निवासी दलौदा सगरा ने की है जिस पर ट्रक नं. आरजे 26 जेडए 2855 के अज्ञात चालक के विरूद्ध बीएनएस की धाराओं में दलौदा पुलिस ने प्रकरण दर्ज किया है।

## आबकारी विभाग ने जब्त की अवैध शराब और सामग्री

**मंदसौर।** जिला आबकारी ने ग्राम बानीखेड़ी में छापामार कार्रवाई के दौरान मौके से 30 लीटर हाथभट्टी निर्मित अवैध शराब और लगभग 1500 किलोग्राम महुआ लहान बरामद किया गया। इसके साथ ही कच्ची शराब बनाने के लिए प्रयुक्त होने वाली भट्टी और अन्य निर्माण सामग्री भी जब्त की गई है। विभाग द्वारा जब्त की गई शराब, लहान और अन्य सामग्री का कुल अनुमानित बाजार मूल्य लगभग 1 लाख 53 हजार रुपये आंका गया है। इस मामले में विभाग ने आबकारी एक्ट की धारा 34(1) के अंतर्गत प्रकरण दर्ज किया है।

## रतनगढ़ में जादूगर ढोंढुराम ने बिखेरे जागरूकता के रंग

**नीमच।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के स्वच्छ भारत मिशन को जन-जन तक पहुँचाने के लिए तारापुर के प्रसिद्ध जादूगर ढोंढुराम ने एक अनोखी पहल शुरू की है। वे अपनी कला के माध्यम से जिले के गांव-गांव में स्वच्छता और जल संरक्षण की अलख जगा रहे हैं। इसी कड़ी में जादूगर ढोंढुराम रतनगढ़ के विभिन्न क्षेत्रों में पहुंचे, जहां उन्होंने अपने हैरतअंगेज जादू और प्रभावशाली मोनो एक्टिंग के माध्यम से लोगों को स्वच्छता और जल संचय का महत्व समझाया। रतनगढ़ स्थित आंगनवाड़ी केंद्र में बच्चों के बीच पहुंचे ढोंढुराम ने हाथ की सफाई (जादू) दिखाते हुए बच्चों को खेल-खेल में स्वच्छता की आदतों और जल संचय की जानकारी दी। बच्चों ने जादू के माध्यम से मिली इस सीख को बड़े उत्साह के साथ ग्रहण किया।

## लायसेंस निरस्तीकरण की कार्यवाही

**नीमच।** पुलिस मुख्यायलय भोपाल मप्र द्वारा हेलमेट धारण न करने वाले दो पहिया वाहन चालक के विरूद्व 15 दिवसीय विशेष अभियान के तहत श्रीमान पुलिस अधीक्षक महोदय श्री अंकित जायसवाल, अति. पुलिस अधीक्षक नवलसिंह सिसोदिया, नगर पुलिस अधीक्षक श्री किरण चौहान के निर्देशन में थाना प्रभारी यातायात सोनू बडगुर्जर एवं यातायात टीम द्वारा दो पहिया वाहन चलाते समय हेलमेट न धारण करने वाले के विरूद्व विशेष अभियान के तहत कार्यवाही की जा रही है ।

# रतलाम में नव नियुक्त पदाधिकारियों का सम्मान, समाज की एकजुटता पर जोर

'दैनिक अवन्तिका' ▶▶ रतलाम



सकल ब्राह्मण समाज एवं महर्षि परशुराम ब्राह्मण सहकारी साख संस्था मर्यादित रतलाम के संयुक्त तत्वावधान में एक गरिमामय सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम श्रृंगेरी मठ के पूज्य 1008 आत्मानंद सरस्वती महाराज के पावन सानिध्य में संपन्न हुआ।

समारोह में रतलाम विकास प्राधिकरण के नव नियुक्त संचालक पं. धीरज व्यास, परशुराम कल्याण बोर्ड के नव नियुक्त जिलाध्यक्ष पं. अजय तिवारी, योग प्रशिक्षक श्रीमती आशा दुबे तथा रामायण मेला संयोजक एवं ब्राह्मण बोर्डिंग अध्यक्ष पं. राजेश दवे का शाल-श्रीफल भेंट कर सम्मान किया गया।

यह सम्मान सकल ब्राह्मण समाज के प्रमुख सदस्यों–अशोक पण्ड्या, राजेश तिवारी, संजय दवे, अनिल भार्गव, ओम प्रकाश पालीवाल, राजेन्द्र कुमार जोशी, हेमन्त तिवारी, अमित शर्मा, गोपाल जोशी, अरविन्द मिश्रा, संजीव शर्मा, धुलचन्द सारस्वत, संदीप व्यास, विजय हेमकांत शर्मा सहित महिला सदस्यों रजनी व्यास, सुषमा नारमदेव, सरोज जोशी, ज्योति भार्गव एवं सीमा जोशी द्वारा किया गया।

स्वागत उद्बोधन में संदीप व्यास ने सभी नव नियुक्त पदाधिकारियों को बधाई देते हुए उनके सफल कार्यकाल की कामना की।

उन्होंने विश्वास जताया कि उनके नेतृत्व में रतलाम में ब्राह्मण समाज की विशिष्ट पहचान और मजबूत होगी। साथ ही समाज की ओर से पूर्ण सहयोग का आश्वासन भी दिया। पं. धीरज व्यास ने अपने उद्बोधन में समाज हित में सदैव सक्रिय रहने का भरोसा दिलाया। कार्यक्रम का संचालन डॉ. मुनिन्द्र दुबे ने किया।

उन्होंने सभी सम्मानित सदस्यों का परिचय देते हुए आगामी 26 जनवरी से ब्राह्मण बोर्डिंग में प्रति रविवार सुबह 9 से 10 बजे तक रामायण पर होने वाले प्रेरक प्रवचनों में शामिल होने का आह्वान किया। कार्यक्रम के अंत में आभार अजय कुमार जोशी ने व्यक्त किया।

# शिवना शुद्धिकरण अभियान के 104वें दिन तीन ट्राली गंदगी निकाली



## विधायक जैन ने प्रदूषण फैलाने वालों को दी चेतावनी

'दैनिक अवन्तिका' ▶▶ मन्दसौर

शिवना प्रदूषण मुक्ति अभियान के 104वें दिन रविवार को जनभागीदारी के साथ व्यापक स्तर पर श्रमदान किया गया, जिसमें लोकप्रिय विधायक विपिन जैन सहित विभिन्न समाजों के प्रतिनिधियों ने हिस्सा लिया। श्रमदानियों ने कड़ी मेहनत कर नदी से 3 ट्राली गंदगी और प्लास्टिक कचरा बाहर निकाला। इस दौरान विधायक विपिन जैन ने कड़े शब्दों में कहा कि शिवना को प्रदूषित करने वाले लोग पाप के भागी बनेंगे और समाज की एकजुटता से नदी को पूर्ण स्वच्छ बनाया जाएगा। श्रमदान में नागर ब्राह्मण समाज के बाबूलाल नागर, गोविंद नागर, मोहन नागर, डॉ. राजेंद्र नागर, योगेंद्र नागर, बालकृष्ण नागर तथा सिंधी समाज के वासुदेव सेवानी, इष्टानंद नैनवानी, राजेश चाहूजा, लक्ष्मण मेघनानी, कैलाश मेघनानी, मनोज सेवानी व भगवान दास वासवानी ने भाग लिया।

समाजसेवी हेमराज खाबिया, रमेश सोनी, भंवरलाल प्रजापत, सत्येंद्र सिंह सोम, राकेश जैन पिंटू, सुरेंद्र कुमार रामावत, नमन पालीवाल, पंकज जैन, गर्विश रामनानी, विक्रम सिंह चंद्रावत, गौरव जैन, कैलाश कुमावत और मनीष मीणा ने भी पसीना बहाया। महिला शक्ति के रूप में इष्टा भाचावत, अनीता भदोरिया, प्रमिला पंवार, दीपा दादवानी, नेहल तिवारी, कशिश भटनागर, दीपाली पोरवाल, गीताली पोरवाल, शैली पोरवाल व निवेदिता कुमावत मौजूद रहीं। साथ ही कांग्रेस नेता तरुण खिंची, दिलीप देवड़ा, संजय सोनी, मनोहर नाहटा, अभिषेक पाटीदार, खलील पठान, संजय नाहर, राजनारायण लाड़, विकास दशोरा, विश्वास दुबे, पंकज जोशी, अजय सोनी, अकरम खान, महेश गुप्ता, सादिक गोरी, आमीन खान, सुभाष जैन, साबिर इलेक्ट्रिशियन, राकेश सेन, रघुवीर सिंह भाटी, बाबूभाई सब्जी फरोश, गणपत कुमावत, गणपत राठौर, गगन माली, शैलेश माली, अशोक राव, श्याम गिरी, राहुल तिवारी, नितनेस बसेर, अमृत सोलंकी, कैलाश गोंदी, दुर्गेश चंदेल, महेश माली, सुनील मेहता, कैलाश टेलर, दीपक लाड़, ऋषिराज लाड़, गोपाल बंजारा एवं कनिष्क सोनी सहित अनेक नागरिकों ने सेवा दी।



## गौशाला से कालिका माता मंदिर तक धार्मिक अनुष्ठान, रैली के साथ विकास प्राधिकरण पहुंचकर ली शपथ

**रतलाम।** रतलाम विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष पद ग्रहण करने से पूर्व प्रवीण सोनी ने धार्मिक परंपराओं का पालन करते हुए दिन की शुरूआत गौ सेवा से की। उन्होंने स्थानीय गौशाला में पहुंचकर गौ माता का पूजन-अर्चन किया तथा गौ भोज कराकर आशीर्वाद प्राप्त किया। इसके पश्चात प्रवीण सोनी कालिका माता मंदिर पहुंचे, जहां उन्होंने विधि-विधान से माता का पूजन कर नगर की सुख-समृद्धि की कामना की। मंदिर में दर्शन के बाद स्वयं के निवास स्थान पहुंचे जहां उन्होंने माता-पिता का आशीर्वाद लेकर कसारा बाजार से रैली प्रारंभ की जो शहर के विभिन्न मार्गो से होते हुए विधायक कार्यालय पहुंचे जहां श्री सोनी ने रतलाम शहर विधायक एवं कैबिनेट मंत्री श्री चैतन्य काश्यप से मुलाकात कर आशीर्वाद प्राप्त किया। इस दौरान भाजपा जिला अध्यक्ष प्रदीप उपाध्याय, भाजयुमो प्रदेश महामंत्री विप्लव जैन, भाजपा सोशल मीडिया विभाग जिला संयोजक करण वशिष्ठ सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## जल गंगा संवर्धन अभियान में श्रमदान से हुई खाल की सफाई

**नीमच।** जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद द्वारा ब्लॉक जावद के ग्राम बरखेड़ा कामलिया में नदियों को पुनर्जीवित करने के उद्देश्य से सामूहिक श्रमदान एवं साफ-सफाई अभियान चलाया गया। प्रस्फुटन समिति, मुख्यमंत्री सामुदायिक नेतृत्व क्षमता विकास पाठ्यक्रम के परामर्शदाता और विद्यार्थियों द्वारा ग्राम बरखेड़ा कामलिया स्थित राम जानकी मंदिर के पास बहने वाले खाल की साफ-सफाई की गई।



## आलोट ने जीती 'श्रीनिवास जैन स्मृति ब्रदर्स ट्रॉफी 2026, जवाहर टाइगर क्लब को 5 रन से हराया

**रतलाम।** नेहरू स्टेडियम में आयोजित रात्रिकालीन टेनिस बॉल क्रिकेट स्पर्धा 'स्वर्गीय श्रीनिवास जैन स्मृति ब्रदर्स ट्रॉफी 2026 का रोमांचक समापन हुआ। फाइनल मुकाबले में आलोट की टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए जवाहर टाइगर क्लब रतलाम को १५ रनों से हराकर खिताब अपने नाम किया। फाइनल मैच के दौरान रतलाम विकास प्राधिकरण के अध्यक्ष मनोहर पोरवाल, जिला भाजपा अध्यक्ष प्रदीप उपाध्याय, महापौर प्रहलाद पटेल एवं रतलाम विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष प्रवीण सोनी ने खिलाडियों से परिचय प्राप्त कर टॉस करवाया। स्पर्धा संरक्षक अध्यक्ष अखिलेश गुप्ता एवं आयोजन समिति के सिद्धार्थ जैन, आयुष गुप्ता ने जानकारी देते हुए बताया कि प्रतियोगिता में कुल 32 टीमों ने हिस्सा लिया, जिसमें ८ टीमें रतलाम शहर के बाहर की थीं। विजेता आलोट टीम को ट्रॉफी जवाहर व्यायामशाला संचालक वैभव जाट, अभा पोरवाल महासभा जिला अध्यक्ष एवं जिला टेबल टेनिस संघ अध्यक्ष अखिलेश गुप्ता तथा पोरवाल समाज ट्रस्ट सचिव अनिल पोरवाल द्वारा प्रदान की गई। इस अवसर पर सिद्धेश वाजपेई, आदिनाथ जैन, अंकुर जैन, नईम पठान, विजय थापा, स्वप्निल सिंह, मिक्की मुगल, इनायत शेख, मयंक दवे, कबीर गुप्ता, श्याम लालवानी, अनुज शर्मा सहित कई गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन विकास शैवाल ने किया, जबकि आभार आयुष गुप्ता ने व्यक्त किया।

# सेना और अर्धसैनिक बलों से सेवानिवृत्त होकर लौटे चार जांबाजों का हुआ स्वागत

'दैनिक अवन्तिका' ▶▶ मंदसौर



राष्ट्र सेवा की मिसाल पेश कर अपनी गौरवशाली पारी पूर्ण करने के बाद घर लौटे भारतीय सेना, सीआरपीएफ और बीएसएफ के चार वीर जवानों का अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद और नागरिक समाज द्वारा भावभीनी विदाई के साथ भव्य सम्मान किया गया। देश की सीमाओं पर अपनी आयु के महत्वपूर्ण वर्ष समर्पित करने के बाद लौटे इन जांबाजों की अगवानी में पूरा जिला उमड़ पड़ा।

इस कड़ी में साबाखेड़ा के सुरेश राठौर और भोलिया ग्राम के घनश्याम चौहान ने सीआरपीएफ में 24-24 वर्ष की लंबी सेवा पूर्ण की। घनश्याम चौहान का स्वागत मंदसौर के कुशाभाऊ ठाकरे ऑडिटोरियम से शुरू होकर दलोदा होते हुए भोलिया तक चला, जहां ग्रामीणों ने पुष्प वर्षा कर उनका अभिनंदन किया। वहीं, बीएसएफ में 39 वर्षों की अविस्मरणीय सेवा देने के बाद सेवानिवृत्त हुए एएसआई शंभू सिंह पंवार का सेजपुरिया ग्राम में संगठन और समाजसेवियों द्वारा आत्मीय सम्मान किया गया। इसी तरह भारतीय सेना में 17 वर्ष तक देश की रक्षा करने वाले नेनौरा के सुनील कुमार का पिपलिया मंडी रेलवे स्टेशन से ऐतिहासिक जुलूस निकाला गया, जो नगर के विभिन्न चौराहों से होते हुए उच्चतर माध्यमिक विद्यालय पहुंचा, जहां प्रधानाध्यापक बालाराम सिसोदिया सहित ग्रामीणों ने उनका भव्य स्वागत किया।

इन कार्यक्रमों में अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद के साथ-साथ रक्तवीर रेड आर्मी और नगर परिषद पिपलिया मंडी ने भी बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। परिषद के जिला अध्यक्ष मुकेश गुर्जर ने सैनिकों के जीवन को त्याग और तपस्या का प्रतीक बताते हुए युवाओं को कंफर्ट जोन छोड़कर देश सेवा की प्रेरणा लेने की बात कही। समाजसेवी विनय दुबेला ने मंदसौर को वीरों की भूमि बताया। इस गरिमामय अवसर पर कैप्टन सुरेश परमार, मोहन पाम्पोडिया, राजेश चौहान, दीपक राठौर, मुकेश सोलंकी, राजेंद्र सिंह शक्तावत, मिट्ठू सिंह, जितेंद्र माली, नरेंद्र खटवड़, आर.एन. मालवीय, उपस्थित थे।

## नीमच में जर्जर मूत्रालय ठीक करने हेतु हिंदू युवा वाहिनी ने सौंपा ज्ञापन

**नीमच।** शहर में धार्मिक आस्था और स्वच्छता के मामले मे टैगोर मार्ग स्थित एक जर्जर सार्वजनिक मूत्रालय को लेकर विरोध किया गया। राष्ट्रीय हिंदू युवा वाहिनी की प्रदेश मंत्री एवं महिला जिला अध्यक्ष दिया गोयल के नेतृत्व में संगठन ने प्रशासन को ज्ञापन सौंपकर तत्काल कार्रवाई की मांग की है। शनिवार को राष्ट्रीय हिंदू युवा वाहिनी के बैनर तले बड़ी संख्या में महिला और पुरुष कार्यकर्ता जिला कलेक्टर कार्यालय पहुंचे। यहां उन्होंने कलेक्टर हिमांशु चंद्रा से मुलाकात कर एक ज्ञापन सौंपा।

# देश सेवा में 17 वर्षों से समर्पित रहे आर्मी जवान का सेवानिवृत्ति पर हुआ ऐतिहासिक सम्मान

'दैनिक अवन्तिका' ▶▶ पिपलिया मंडी

देश सेवा में 17 वर्षों से समर्पित रहे जनपद पंचायत मल्हारगढ़ अंतर्गत गांव नैनोरा के दमानी परिवार से नारायण वर्मा के सपुत्र सुनील कुमार 3 अप्रेल 2026 रविवार को सेवानिवृत्ति पश्चात अपने घर को लोटने पर अर्मी जवान का भव्य आतिशबाजी एवं ढोल धमाके के साथ ऐतिहासिक स्वागत समारोह संपन्न हुआ। प्राप्त जानकारी के अनुसार श्री सुनील का प्रथम पिपलिया मंडी नगर आगमन पर गांधी चौराहे पर पूज्य महात्मा गांधी को माल्यार्पण कर बैंड बाजे, भव्य आतिशबाजी व देशभक्ति के समूह गान



के साथ भव्य जुलूस निकाला गया। जगह-जगह विभिन्न संस्थाओं एवं गणमान्य नागरिकों द्वारा स्वागत किया गया। इसके बाद गांव खोखरा निनोरा में भी जुलूस के दौरान गांव वालों ने जबरदस्त स्वागत किया।

इसी कड़ी में सुनील कुमार (निनोरा) पिपलीया रेलवे स्टेशन बालाजी पर ग्रामवासियों एवं कांग्रेसजनों ने पुष्पमाला पहना कर गर्मजोशी से स्वागत,सम्मान किया इस मौके पर मल्हारगढ़ ब्लॉक कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष अनिल शर्मा ने कहा कि हम सब के लिए यह गौरव की बात है कि भारतीय सेना में निनोरा,मुंदेडी सहित आसपास क्षेत्र के कई युवा देश की रक्षा में अपना महत्वपूर्ण योगदान दे रहे है।

इस मौके पर प्रदेश कांग्रेस के संयुक्त सचिव मुकेश पोरवाल, वरिष्ठ कांग्रेसनेता मोहनलाल गुप्ता,मल्हारगढ़ ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष विजेश मालेचा,नगर कांग्रेस अध्यक्ष किशोर उणियारा, मंडलम अध्यक्ष विष्णु फरक्या,सुरेंद्रसिंह शक्तावत, किसान कांग्रेस के पूर्व ब्लॉक अध्यक्ष दिनेश पाटीदार, दिनेश गुप्ता काचरिया,बंशीलाल पाटीदार पटेल,रामप्रसाद फरक्या,छोटेलाल सैनी,दिलीप मोहनलाल गुप्ता,अनिल उस्ताद आदि मौजूद थे।

इसी उपलक्ष में आर्मी जवान के परिवार द्वारा स्वागत समारोह का आयोजन रखा गया। जिसमें परिजनों, गांव के नगरिकों एवं आसपास तथा दुरदराज से आए रिश्तेदारों ने भी सुनील का आत्मिय अभिनंदन कर उज्जवल भविष्य की कामना की।

## न्यूज कालम



## माहेश्वरी समाज के महेश सोमानी अध्यक्ष निर्वाचित, पंकज डागा निर्विरोध बने सचिव

**मंदसौर।** स्थानीय रुद्राक्ष माहेश्वरी भवन में रविवार को श्री माहेश्वरी समाज मंदसौर के सांगठनिक चुनाव अत्यंत उत्साहपूर्ण वातावरण में संपन्न हुए। मुख्य निर्वाचन अधिकारी दिनेश डागा एवं निर्वाचन अधिकारी एडवोकेट नवीन कुमार जैन (कोठारी) ने परिणामों की घोषणा करते हुए बताया कि अध्यक्ष पद के लिए हुए त्रिकोणीय मुकाबले में महेश (बंकट) सोमानी ने बाजी मारी है। समाज के कुल 236 मतदाताओं में से 199 ने मताधिकार का प्रयोग किया, जिसमें महेश सोमानी को 85 मत प्राप्त हुए। उनके प्रतिद्वंद्वी गोपालदास पसारी को 59 और महेंद्र कुमार दुरग को 52 मत मिले, जबकि 3 मत निरस्त घोषित किए गए। वहीं सचिव पद के लिए पंकज डागा के रूप में एकमात्र नामांकन प्राप्त होने के कारण उन्हें सर्वसम्मति से निर्विरोध निर्वाचित घोषित किया गया। जीत के बाद नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को निर्वाचन अधिकारियों द्वारा प्रमाण पत्र प्रदान किए गए और समाजजनों ने हर्ष व्यक्त करते हुए उन्हें बधाई दी।

## पुलिस ने पकड़ी ड्रग्स बनाने वाले केमिकल की बड़ी खेप

**एक नाबालिग अभिरक्षा में, मुख्य आरोपी फरार**



**मन्दसौर।** नशे के खिलाफ जारी अभियान में भावगढ़ पुलिस ने अवैध मादक पदार्थ बनाने में प्रयुक्त होने वाले प्रतिबंधित केमिकल एसिटिक एनहाइड्राइड की भारी मात्रा जब्त की है। पुलिस अधीक्षक विनोद कुमार मीणा एवं एएसपी तेर सिंह बघेल के मार्गदर्शन व एसडीओपी कीर्ति बघेल के निर्देशन में प्रभारी थाना प्रभारी सुरेन्द्र सिंह सिसोदिया की टीम ने निम्बोद-बेहपुर रोड चांदाखेड़ी फंटा पर चेकिंग के दौरान एक टीवीएस मोटरसाइकिल को रोका। पुलिस को देखकर वाहन पर सवार दो व्यक्ति भागने लगे, जिनमें से पीछे बैठा व्यक्ति अंधेरे का फायदा उठाकर भागने में सफल रहा, जबकि वाहन चला रहे एक विधि विरुद्ध बालक को पुलिस ने घेराबंदी कर हिरासत में लिया। वाहन के बीच रखी कैन से 27 किलोग्राम एसिटिक एनहाइड्राइड बरामद हुआ, जिसकी बाजार कीमत 60 हजार रुपये है। पूछताछ में सामने आया कि यह केमिकल रणायरा (रतलाम) निवासी युवराज सिंह पिता भगवान सिंह राजपूत द्वारा बड़ी मात्रा में ड्रग्स तैयार करने के लिए मंगवाया गया था। पुलिस ने मामले में धारा 8/15, 9।, 25 एनडीपीएस एक्ट के तहत अपराध पंजीबद्ध कर फरार आरोपी युवराज सिंह की तलाश शुरू कर दी है।

## यशवी ने स्केटिंग में जीते 2 कांस्य पदक, नेशनल के लिए चयनित

**पिपलिया मंडी।** नगर के प्रतिष्ठित पुस्तक व्यापारी सौभाग्य



जनरल स्टोर के श्री विक्रम सिंह जैन की सुपोत्री एवं श्री पंकज जैन की सुपुत्री होनहार बालिका यशवी ने खेल के क्षेत्र में नगर का नाम रोशन किया है। यशवी ने भोपाल में 27अप्रैल से 30 अप्रैल 2026 तक आयोजित रीजनल स्केटिंग चैंपियनशिप में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए 2 कांस्य पदक हासिल किए। इस शानदार उपलब्धि के साथ यशवी ने आगामी नेशनल स्केटिंग चैंपियनशिप में अपना स्थान सुनिश्चित कर लिया है। यह लगातार दूसरा वर्ष है जब यशवी नेशनल स्तर पर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगी। गौरतलब है कि यशवी ने पिछले वर्ष भी अंडर-12 आयु वर्ग में नेशनल चैंपियनशिप में कांस्य पदक जीतकर नेशनल चैंपियन बनने का गौरव प्राप्त किया था। यशवी की इस निरंतर सफलता से नगर, परिवार एवं क्षेत्रवासियों में हर्ष व्याप्त है। शुभचिंतकों ने यशवी को बधाई देते हुए कहा, "यशवी की मेहनत और लगन सभी विद्यार्थियों के लिए प्रेरणादायक है। उसने न केवल विद्यालय का, बल्कि पूरे क्षेत्र का नाम राष्ट्रीय स्तर पर ऊँचा किया है। हम उसकी आगामी नेशनल चैंपियनशिप में उत्कृष्ट प्रदर्शन की कामना करते हैं।

## राजेश व्यास होंगे नवागत एसपी, पूर्व एसपी जायसवाल का हुआ तबादला

**अंकित जायसवाल का एसपी रेल के पद पर भोपाल ट्रांसफर**

**नीमच।** मध्य प्रदेश शासन ने शनिवार रात को मध्य प्रदेश के



आईपीएस कैडर के अफसरो के तबादला आदेश जारी कर दिए। नीमच सहित के जिलों के एसपी को बदला गया है। नीमच एसपी रहे अंकित जायसवाल को नीमच से भोपाल ट्रांसफर कर एसपी रेल बनाया गया है वही नीमच 2016 की बैंच के आईपीएस अधिकारी राजेश व्यास बनाया गया है। श्री व्यास वर्तमान में इंदौर में उपयुक्त है। वे बेहद ईमानदार और कर्तव्य निष्ठ अफसर माने जाते हैं। नीमच एसपी रहे अंकित जायसवाल का भी कार्यकाल बहुत अच्छा रहा है, उन्होंने अपने कार्यकाल में अपराधों का ग्राफ गिराया वहीं कई बड़ी कार्रवाई की। पूर्व एचपी श्री जायसवाल का कार्यकाल बहुत अच्छा रहा है ऐसा ही मजबूत कार्य प्रणाली के लिए नवागत एसपी श्री व्यास भी जाने जाते हैं। जिले में अपराधों पर लगाम लगी रहेगी ऐसा सभी का मानना है।



बिरसा अंबेडकर फूले समाज कल्याण समिति द्वारा मनाया

## भगवान बुद्ध का जन्मोत्सव एवं अन्तर्राष्ट्रीय श्रमिक दिवस

**महिदपुर।** 1 मई 2026 को डॉक्टर बी आर अम्बेडकर मांगलिक भवन पर बाप समिति के सदस्यो ने बड़े हर्षोल्लास के साथ भगवान गौतम बुद्ध का जन्मोत्सव मनाया। सर्वप्रथम भगवान बुद्ध जी के छाया चित्र पर समिति के सदस्यो द्वारा माल्यार्पण किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता बालूसिंह वर्मा द्वारा की गई। इसी अनुक्रम में समिति के सहसचिव अनिल दावरे और पिपल्या हामा से पधारे शिवनारायण गवली ने भगवान बुद्ध के जीवन चरित्र पर प्रकाश डाला और अंतरराष्ट्रीय श्रमिक दिवस पर श्रमिको के योगदान को याद किया। इसी के साथ श्रमिक भाई कुलदीप मालवीय का पुष्पमाला से स्वागत सम्मान किया गया तत्पश्चात मिठाई वितरण किया गया। कार्यक्रम में अनेक समाजजन उपस्थित हुए जिनमे डॉक्टर जगदीश परमार वैदिक दावरे, नागजी परिहार, यशराज परमार आदि उपस्थित थे। कार्यक्रम के अंत में आभार डॉक्टर जगदीश परमार ने माना। उक्त जानकारी समिति सचिव सुरेश दामेचा द्वारा दी गई।

## प्रथम चरण का डिजिटल सर्वे प्रगणक एवं सुपरवाइजरों के द्वारा ऑनलाइन जारी



**महिदपुर।** भारत सरकार के जनगणना निदेशालय द्वारा जारी कार्यक्रम अनुसार जनगणना 2027 के लिए प्रथम चरण का डिजिटल सर्वे प्रगणक एवं सुपरवाइजरों के द्वारा ऑनलाइन किया जा रहा है तहसील महिदपुर ग्रामीण के 212 ब्लॉक के लिए 209 प्रगणक दिनांक 1 मई 2026 से 30 मई 2026 तक मोबाइल ऐप के माध्यम से मकान का सूचीकरण दर्ज करेंगे इसी तारतम्य में आज एसडीएम श्री अजय हिंगे एवं सीईओ जनपद श्रीमती मीना झा द्वारा फील्ड का भ्रमण किया गया एवं जनगणना कार्य को सुचारू रूप से संचालन होने के लिए प्रगणकों से चर्चा की गई श्री अजय हिंगे ने बताया कि जनगणना के इस प्रथम चरण में अनुभाग महिदपुर के अंतर्गत तीनचार्जअधिकारी बनाए गए हैं जिसमें झारडा तहसील ग्रामीण महिदपुर तहसील ग्रामीण एवं नगर पालिका परिषद महिदपुर शहरी क्षेत्र इन तीनों चार्ज क्षेत्रों में जनगणना निदेशालय के निर्देशानुसार मकान की सूचीकरण का कार्य प्रगणकों द्वारा निर्धारित समय अवधि में डिजिटल मोबाइल ऐप के माध्यम से किया जाएगा श्री हिंग ने समस्त नागरिकों से अपील की है कि वह जानकारी दर्ज करवाने में प्रगणकों का सहयोग करें सही जानकारी दर्ज करवाए एवं शासन को जनगणना से प्राप्त आंकड़ों से विकास की योजनाओं को बनाने में मदद मिलेगी।

## गेहूं खरीदी केंद्र का भारतीय किसान संघ पदाधिकारियों ने किया निरीक्षण



**सुसनेर।** गत दिन भारतीय किसान संघ के जिला उपाध्यक्ष बने सिंह यादव एवं तहसील अध्यक्ष प्रेम सिंह परमार ने सुसनेर उपार्जन केंद्र पहुंचकर गेहूं खरीदी व्यवस्था का निरीक्षण किया। इस दौरान केंद्र पर किसानों की तुलाई प्रक्रिया सुचारू रूप से संचालित होती पाई गई। निरीक्षण के दौरान पदाधिकारियों ने मौके पर मौजूद किसानों से चर्चा कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने संबंधित कर्मचारियों को निर्देश दिए कि खरीदी कार्य पूरी पारदर्शिता और समयबद्ध तरीके से किया जाए, जिससे किसानों को किसी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े। पदाधिकारियों ने किसानों से अपील करते हुए कहा कि वे अपने निर्धारित स्लॉट बुकिंग के अनुसार ही गेहूं लेकर केंद्र पर पहुंचे और समय पर तुलाई कराएं, ताकि अव्यवस्था की स्थिति न बने। उन्होंने बताया कि केंद्र पर व्यवस्थाएं संतोषजनक हैं और किसानों की सुविधा के लिए आवश्यक इंतजाम किए गए हैं। भारतीय किसान संघ ने यह भी स्पष्ट किया कि यदि किसी किसान को खरीदी से संबंधित कोई समस्या आती है, तो वह किसान हेल्पलाइन नंबर 9993925108 पर संपर्क कर अपनी समस्या दर्ज करा सकता है। साथ ही संघ कार्यालय सुसनेर द्वारा किसानों को हर संभव सहयोग देने का आश्वासन भी दिया गया है।

## यातायात जागरूकता अभियान, ट्रैक्टर-ट्रॉलियों पर लगाए गए रिफ्लेक्टर



**सुसनेर।** यातायात जागरूकता अभियान के तहत पुलिस अधीक्षक विनोद कुमार सिंह (आगर) के निदेर्शानुसार थाना प्रभारी अक्षय सिंह बेस द्वारा शनिवार को अपने स्टाफ के साथ उपार्जन केंद्र मयूर वेयरहाउस, सोयत रोड पर विशेष अभियान चलाया गया। इस दौरान केंद्र पर आने वाले ट्रैक्टर-ट्रॉलियों पर रिफ्लेक्टर लगाए गए, ताकि रात के समय होने वाली सड़क दुर्घटनाओं को रोका जा सके। अभियान के दौरान पुलिस टीम ने किसानों और वाहन चालकों को यातायात नियमों के पालन के लिए भी जागरूक किया। उन्हें बताया गया कि बिना रिफ्लेक्टर के चलने वाले वाहन रात में दुर्घटनाओं का कारण बन सकते हैं। ऐसे में ट्रैक्टर-ट्रॉलियों पर रिफ्लेक्टर लगाना बेहद जरूरी है। थाना प्रभारी अक्षय सिंह बेस ने बताया कि यह अभियान आगे भी जारी रहेगा और क्षेत्र में सड़क सुरक्षा को लेकर लगातार प्रयास किए जाएंगे।

शाही इमाम पंजाब का महिदपुर में उद्बोधन

# समाजजनजों को दिया नबी अलयहिस्सलाम की शिक्षाओं पर चलने और मानवता व बराबरी का संदेश

दैनिक अवन्तिका ▸▸ महिदपुर





ईश्वर अल्लाह एक ही है वो ही सबका रब है वो ही सारी कायनात का मालिक है। अपने मुल्क के प्रति वफादार रहो। मुल्क की खिदमत करना रक्षा करना इस्लाम का संदेश है। उन्होंने जोर देते हुए कहा कि इंसान के व्यवहार से किसी को तकलीफ नहीं पहुंचनी चाहिए और हर व्यक्ति के साथ मानवता व सम्मान का व्यवहार होना चाहिए। उन्होंने कहा कि जो व्यक्ति एक अल्लाह पर ईमान रखता है और हजरत मुहम्मद स.अ.व. को मानता है, वह कभी ऊंच-नीच में विश्वास नहीं करता, बल्कि इंसानों के बीच बराबरी स्थापित करता है और किसी की बेइज्जती नहीं करता।

शाही इमाम ने कहा कि यदि किसी के मन में यह विचार है कि वह किसी हिंदू, सिख, दलित, जैन या बौद्ध भाई के साथ मेलजोल नहीं रख सकता, तो उसने नबी अलयहिस्सलाम की शिक्षाओं को सही रूप में नहीं समझा। उन्होंने बताया कि इस्लाम सभी इंसानों के साथ बराबरी, सम्मान और भाईचारे का संदेश देता है। उन्होंने आगे कहा कि हदीसों में स्पष्ट रूप से बताया गया है कि अन्य धर्मों के लोगों की इबादतगाहों का सम्मान किया जाए, उनके साथ बदतमीजी न की जाए और उनकी और उनके घर की इज्जत की हिफाजत की जाए। शाही इमाम ने कहा कि सच्चा मुसलमान वही है जो दूसरों को इज्जत देता है। जो दूसरों की इज्जत छीनने की कोशिश करता है, वह न तो सच्चा मुसलमान हो सकता है और न ही अल्लाह के रसूल का सच्चा नुमाइंदा हो सकता है।

उक्त बात दशहरा मैदान में विशाल सभा को सम्बोधित करते हुए शाही इमाम पंजाब हजरत मौलाना मोहम्मद उस्मान रहमानी लुधियानवी ने हजारों के बीच कही। पंजाब शासन द्वारा राज्यमंत्री का दर्जा प्राप्त शाही इमाम लुधियानवी ने कहा कि मस्जिद इबादत और नमाज के अलावा जरुरतमंदों को रोटी, कपड़ा और मकान के लिए हमनें कितना योगदान दिया है यह बात हम अपने दिल से पूछे और जीवन में इस काम को आगे बढ़ाए यहीं बड़ी खिदमत है। अंत में उन्होंने मानवता, आपसी भाईचारे और माता-पिता की सेवा व उनसे मोहब्बत करने का संदेश देते हुए मुल्क की तरक्की और खुशहाली की दुआओं के बाद अपने उद्बोधन को विराम दिया।

इस विशाल कार्यक्रम का आयोजन मजलिस एत्तेहाद ए उम्मत ने शहर काजी सैयद मसउद अली की अध्यक्षता में किया। कार्यक्रम का संचालन मौलाना हारुन नागोरी, मोलाना मुफ्ती नौशाद नागोरी ने किया। आभार प्रदर्शन मौलाना शकील नागोरी ने माना। कार्यक्रम के प्रारंभ में समिति की ओर से गुलदस्ता भेंट कर स्वागत किया गया। कार्यक्रम में सात हजार से ज्यादा श्रोता मौजूद थे वहीं नागोरी पब्लिक स्कूल के मैदान में हजारों महिलाओं ने टीवी स्क्रीन पर मौलाना के भाषण को सुना।


### शाही इमाम का ऐतिहासिक स्वागत

पंजाब के शाही इमाम श्री लुधियानवी के महिदपुर पहुंचने पर भीमाखेड़ा नाके से खुली जीप में नागोरी जमातखाने पहुंचने पर सड़क के दोनो किनारे हजारो लोगो ने पुष्पवर्षा कर स्वागत किया जो महिदपुर के इतिहास में पहली बार था। पंजाब शासन का विशेष शस्त्र बल सुरक्षा की दृष्टि से निरंतर साथ चल रहा था। शाही इमाम ने नगर के विभिन्न संगठनों व समाजसेवी संस्था से चर्चा कर उनके काम की तारीफ की।

देवास में बिजली पोल की केबल में आग

# रहवासियों ने रेत डालकर बुझाई, दमकल की गाड़ी सूचना के बाद भी नहीं पहुंची

दैनिक अवन्तिका ▸▸ देवास



देवास के विजयनगर क्षेत्र में शनिवार देर रात एक बिजली के पोल पर लगी केबल में आग लग गई। दमकल के समय पर नहीं पहुंचने के कारण रहवासियों ने रेत डालकर आग बुझाई, जिससे एक बड़ा हादसा टल गया।

यह घटना शनिवार रात करीब 1 बजे विजयनगर इलाके में हुई। बिजली के पोल पर लटकी केबल में अचानक आग लग गई, जो देखते ही देखते जंक्शन बॉक्स तक पहुंच गई। इससे पूरा हिस्सा जलकर क्षतिग्रस्त हो गया।

**गाड़ी सूचना के बाद भी नहीं पहुंची**

आग लगने से आसपास के लगभग 8 से 10 घरों की बिजली आपूर्ति बाधित हो गई। रहवासियों ने तत्काल दमकल विभाग को सूचना दी, लेकिन दमकल की गाड़ी समय पर मौके पर नहीं पहुंच सकी।

इसके बाद लोगों ने खुद ही रेत की बाल्टियां भरकर आग बुझाने का प्रयास शुरू किया। सूचना मिलने पर बिजली कंपनी के कर्मचारी भी घटनास्थल पर पहुंचे। रहवासियों और कर्मचारियों ने मिलकर करीब आधे घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया।

रहवासी शेखर खान ने बताया कि केबल पूरी तरह जल चुकी थी। उन्होंने कहा, अगर आग पोल के जरिए आगे बढ़ती तो बड़ा हादसा हो सकता था, क्योंकि पास में कई वाहन खड़े थे। दिनेश बैरागी और नरेंद्र पवार ने भी बताया कि मोहल्ले के लोगों ने एकजुट होकर आग बुझाई, जिससे एक बड़ी घटना टल गई। घटना के बाद इलाके में कुछ समय तक बिजली बाधित रही।

## रबी विपणन वर्ष 2026-27 के तहत गेहूं खरीदी सुचारू

**अब तक 1.64 लाख मीट्रिक टन से अधिक उपार्जन**

**ब्यावरा-राजगढ़** । राजगढ़ जिला आपूर्ति अधिकारी ने बताया गया कि रबी विपणन वर्ष 2026-27 के अंतर्गत जिले में पंजीकृत किसानों से गेहूं खरीदी का कार्य सुचारू रूप से जारी है। जिले में कुल 108 खरीदी केंद्र निर्धारित किए गए हैं, जहां किसानों से व्यवस्थित तरीके से उपार्जन किया जा रहा है। वर्तमान स्थिति के अनुसार जिले के 42,256 किसानों से अब तक 1,64,957 मीट्रिक टन गेहूं की खरीदी की जा चुकी है। उपार्जित गेहूं का लगभग 94.37 प्रतिशत परिवहन किया जा चुका है, जबकि 97.19 प्रतिशत के लिए स्वीकृति पत्रक जारी किए जा चुके हैं।जिला प्रशासन द्वारा असामयिक वर्षा की संभावना को देखते हुए खरीदी केंद्रों पर आवश्यक सावधानियां बरती गई हैं। केंद्र प्रभारियों को निर्देशित किया गया है कि खरीदे गए गेहूं को तिरपाल एवं अन्य संसाधनों के माध्यम से सुरक्षित रखा जाए। प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि अब तक किसी भी खरीदी केंद्र से गेहूं खराब होने की सूचना प्राप्त नहीं हुई है। खरीदी प्रक्रिया सुचारू रूप से संचालित हो रही है। किसानों से आग्रह है कि स्लॉट प्राप्त होने पर ही संबंधित समिति प्रबंधक से संपर्क कर अपनी बारी में उपज लेकर केंद्र पर पहुंचे, जिससे अनावश्यक भीड़ से बचा जा सके और व्यवस्था सुगम बनी रहे।

## छाबडा को मिली आप के संगठन में गठन की जिम्मेदारी

**सारंगपुर।** आम आदमीं पार्टी के ट्रेंड विंग के प्रदेश उपाध्यक्ष अश्वेन्द्र छाबडा को सारंगपुर विधानसभा की जिम्मेदारी सौंपी गई हैं। मध्यप्रदेश आम आदमी पार्टी के प्रभारी दिल्ली सरकार के पूर्व कानून केबिनेट मंत्री आदरणीय जितेंद्र सिंह तोमर एवं सह प्रभारी विधायक अखिलेश त्रिपाठी द्वारा श्री छाबडा को आम आदमी पार्टी सारंगपुर विधानसभा की जिम्मेदारी सौंपी गई है। छाबडा को विधानसभा में पुरी कार्यकारिणी का गठन करना है एवं बुथ लेवल से लेकर ब्लॉक अध्यक्ष विधानसभा अध्यक्ष तक की समस्त पदों पर पदाधिकारी नियुक्त किए जाएँगे।

# नपा अध्यक्ष के प्रयासों से 15 हितग्राहियों को अनुग्रह सहायता राशि के 36 लाख का लाभ मिला

दैनिक अवन्तिका ▸▸ खाचरौद

मध्यप्रदेश सरकार द्वारा चलाई जा रही अत्यंत महत्वपूर्ण योजना मुख्यमंत्री जनकल्याण संबल योजना अंतर्गत नगर के 15 हितग्राहियों को 36 लाख रुपए की अनुग्रह सहायता राशि का लाभ नगर पालिका अध्यक्ष गोविंद भरावा के अथक प्रयासों से मिला। उक्त जानकारी देते नगर पालिका अध्यक्ष गोविन्द भरावा ने बताया कि उक्त योजना में पंजीकृत श्रमिक की मृत्यु होने पर शासन की और से मृतक परिजन के परिवारजनो को अनुग्रह सहायता राशि प्रदान की जाती हैं। परंतु विगत लगभग 1 वर्ष से अधिक समय से नगर के मृतक श्रमिको के परिवारजनों को उक्त राशि नही मिल पाई थी, जिस हेतु लगातार पत्राचार भी शासन स्तर पर किया जाता रहा तथा स्वयं भरावा द्वारा भोपाल जाकर समक्ष में भी अवगत कर निवेदन किया गया था। जिसके परिणामस्वरूप नगर के 15 हितग्राहियों के परिजनों को अनुग्रह सहायता राशि दुर्घटना मृत्यु पर 4 लाख एवं सामान्य मृत्यु पर 2 लाख प्रत्येक को प्रदान की गई।

**श्रमिकों का विवरण इस प्रकार है**

श्रमिक प्रकाश, द्वारकाधीश सेन, जमनाबाई राधेश्याम की दुर्घटना में मृत्यु होने पर प्रत्येक को 4-4 लाख एवं श्रमिक सलीम मंसूरी, गोवर्धन अम्बाराम, अमजद हुसैन, मंजू, सरताज बी, सलीम खान, दिनेश व्यास, हरमा जी, कृष्णा गोयल, सलीम खा, हेमलता गोहर, नाहरू मोहम्मद की सामान्य मृत्यु होने पर प्रत्येक के परिजनों को 2-2 लाख रुपए की सहायता राशि शासन स्तर से सीधे हितग्राहियों के खाते में प्रदान की गई।

किसानों के लिए बडी सौगात:

# समस्याओं के समाधान के लिए शुरू हुई सीएम किसान हेल्पलाइन

दैनिक अवन्तिका ▸▸ सारंगपुर




अन्नादाताओं को सशक्त बनाने और उनकी खेती-किसानी से जुडी समस्याओं का मौके पर ही समाधान सुनिश्चित करने के लिए सरकार ने महत्वपूर्ण कदम उठाया है। सारंगपुर एसएडीओ राजेश राजपूत ने बताया कि किसान कल्याण तथा कृषि विकास विभाग द्वारा सीएम किसान हेल्पलाइन का विधिवत शुभारंभ किया गया है। अब किसानों को अपनी समस्याओं के निराकरण के लिए दफ्तरों के चक्कर नहीं काटने पडेंगे, बल्कि एक फोन कॉल पर उनकी मुश्किलों का हल निकाला जाएगा।

**ये है हेल्पलाइन नंबर 155253**

एसएडीओ श्रीराजपूत ने बताया कि विभाग द्वारा जारी किए गए टोल-फ्री नंबर 155253 पर कॉल करके क्षेत्र का कोई भी किसान अपनी शिकायत दर्ज करा सकता है। इस हेल्पलाइन की सबसे बडी विशेषता यह है कि यहाँ न केवल शिकायतों का पंजीकरण होगा, बल्कि कृषि विशेषज्ञों और वैज्ञानिकों द्वारा किसानों को सीधा मार्गदर्शन और तकनीकी परामर्श भी दिया जाएगा।

**इन समस्याओं का होगा समाधान**

श्रीराजपूत ने बताया कि हेल्पलाइन के माध्यम से किसान कई विषयों पर सहायता प्राप्त कर सकते हैं। जिनमें खेती-बाडी और तकनीक में आधुनिक कृषि यंत्रों का उपयोग और उन्नात खेती के तरीके। फसल प्रबंधन में बुवाई से लेकर कटाई तक की प्रक्रिया और बीमारियों से बचाव तथा सरकारी योजनाओं में केंद्र एवं राज्य शासन की कृषि हितैषी योजनाओं की जानकारी और लाभ लेने की प्रक्रिया सहित मौसम आधारित कृषि परामर्श और मिट्टी परीक्षण संबंधी जानकारी दी जाएगी। यह हेल्पलाइन किसानों और सरकार के बीच एक सेतु का काम करेगी।

**आधुनिक कृषि की ओर एक बढता कदम**

श्री राजपूत ने बताया कि इस दौर में कृषि तकनीक में तेजी से बदलाव आ रहे हैं। ऐसे में किसानों को उन्नात कृषि पद्धतियों से जोडना अनिवार्य है।

### बोले जिम्मेदार

हमारा उद्देश्य है कि किसान को तकनीक और योजना का लाभ लेने के लिए परेशान न होना पडे। 155253 नंबर पर कॉल करते ही विशेषज्ञ उनकी समस्याओं का त्वरित निराकरण सुनिश्चित करेंगे।

**राजेश राजपूत, वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी, सारंगपुर**

**किसानों से अपील**

एसएडीओ श्रीराजपूत ने अपील की है कि किसान भाई इस सुविधा का अधिक से अधिक लाभ उठाएं। चाहे बीज की उपलब्धता की समस्या हो, फसल बीमा का मामला हो या खाद-उर्वरक की जानकारी, 155253 हमेशा उनकी मदद के लिए उपलब्ध है। यह पहल ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूती प्रदान करने और समृद्ध किसान-समृद्ध प्रदेश के संकल्प को साकार करने की दिशा में एक क्रांतिकारी बदलाव साबित होगी। अब तकनीक और समाधान, दोनों किसान के एक कॉल की दूरी पर हैं।



## आंगनवाड़ी केंद्र में लाड़ली उत्सव का आयोजन में स्वास्थ्य परीक्षण

**सारंगपुर।** समीपस्थ आंगनवाड़ी केंद्र कालूखेड़ा में शनिवार को लाड़ली उत्सव कार्यक्रम का गरिमामय आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम के दौरान मुख्य रूप से बालिकाओं के स्वास्थ्य, शिक्षा और शासन की जनहितकारी योजनाओं पर जोर दिया गया। कार्यक्रम की शुरूआत में उपस्थित सभी लाड़ली बालिकाओं का जशोदा चौहान द्वारा तिलक लगाकर आत्मीय स्वागत किया गया। उत्सव के दौरान बालिकाओं के उत्साहवर्धन हेतु विभिन्ना गतिविधियों का आयोजन हुआ। कार्यक्रम में विशेष रूप से स्वास्थ्य विभाग से एएनएम रीता पाण्डेय उपस्थित रहीं, जिन्होंने बालिकाओं का स्वास्थ्य परीक्षण किया। इस दौरान किशोरियों को मासिक धर्म स्वच्छता और शारीरिक स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करते हुए महत्वपूर्ण जानकारी साझा की गई। साथ ही, आशा सहयोगिनी सोनू परमार द्वारा आयरन की गोली के सेवन के लाभ, वजन और लंबाई के महत्व के बारे में विस्तार से समझाया गया।

## जिले में प्रथम आई दिशा का सम्मान



**सारंगपुर।** पटाड़िया धाकड़ स्थित शासकीय हाई सेंकडरी स्कूल की छात्रा दिशा कारपेंटर ने कक्षा 12वीं में जिले में प्रथम स्थान प्राप्त कर क्षेत्र का नाम रोशन किया। इस उपलब्धि पर भारतीय बौद्ध महासभा के संगठक एडवोकेट जगदीश मंडोलिया के नेतृत्व में छात्रा का शनिवार को सपरिवार छात्रा के घर पहुंचकर उसका सम्मान किया। उन्होंने दिशा को भगवान बुद्ध की प्रतिमा भेंट कर उसके उज्वल भविष्य की कामना की। इस दौरान जिला उपाध्यक्ष रेखा मंडोलिया भी मौजूद रहीं। जानकारी के अनुसार जगदीश मंडोलिया, दिशा के पूर्व शिक्षक रह चुके हैं और कक्षा 10वीं में उन्होंने ही उसे पढ़ाया था। अपनी शिष्या की सफलता की खबर मिलते ही वे भावुक हो उठे और स्वयं गांव पहुंचकर उसे बधाई दी। उन्होंने कहा कि दिशा की मेहनत और लगन अन्य विद्यार्थियों के लिए प्रेरणादायक है। ऐसे प्रतिभाशाली छात्रों को सम्मानित करना समाज का दायित्व है। दिशा की इस सफलता से गांव में खुशी का माहौल है। ग्रामीणों और परिजनों ने उसे बधाई देते हुए उसके उज्वल भविष्य की कामना की।

## सुठालिया सिंचाई परियोजना डैम प्रभावित किसानों ने भरी हुंकार



**ब्यावरा।** सुठालिया के समीपस्थ ग्राम गुर्जर खेड़ी में डैम प्रभावित किसानों की किसान महापंचायत आयोजित की गई। जिसमें मध्य प्रदेश कैबिनेट द्वारा 22 अप्रैल 2026 को डैम प्रभावित किसानों का मुआवजा चार गुणा करने के निर्णय का स्वागत किया गया परंतु रनिंग में चल रही सुठालिया सिंचाई परियोजना जिसमें लगभग 70 प्रतिशत मुआवजा दो गुने रेट से भुगतान कर दिया गया उसके लिए स्पष्ट निर्देश जारी नहीं करने का किसानों ने कड़ा विरोध किया है। किसानों का कहना है कि जब एक ही परियोजना के लिए जमीन ली जा रही है तो मुआवजे के लिए दो अलग-अलग मानक क्यों कुछ को दोगुना और कुछ को चार गुना दर से भुगतान करना न्याय के सिद्धांतों के विरुद्ध है। बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया की सरकार द्वारा चार गुना मुआवजा देने का आदेश जारी नहीं किया गया तो इस परियोजना से प्रभावित चारों जिले गुना, राजगढ़, भोपाल और सीहोर के 65 गांवों के किसान उग्र आंदोलन करने पर बाध्य होंगे।

## जल गंगा संवर्धन अभियान अंतर्गत जल स्रोत पूजन का किया आयोजन



**ब्यावरा।** मध्य प्रदेश शासन एवं मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद के संयुक्त तत्वावधान में 14 मार्च से 30 जून 2026 तक जल गंगा संवर्धन अभियान चलाया जा रहा है जिसके अंतर्गत द्वितीय चरण में जल स्रोतों का पूजन एवं रंग रोगन से संबंधित गतिविधियां आयोजित किए जाने के निर्देश प्राप्त हुए। नवांकुर संस्था गुरुजी सेवा समिति कुरावर द्वारा आगामी कार्य योजना को लेकर बैठक का आयोजन किया गया जिसमें समिति द्वारा किए जाने वाले कार्यों पर चर्चा की तथा जल स्रोत पूजन कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमें परामर्शदाता हरिओम जाटव ने सहभागिता की और समिति द्वारा किए जा रहे हैं कार्यों का अवलोकन किया तथा उपस्थित समिति के प्रतिनिधियों से चर्चा करते हुए दस्तावेजी करण एवं गतिविधियों के आयोजन के संबंध में छात्र-छात्राओं से संपर्क कर परीक्षा असाइनमेंट एवं प्रोजेक्ट रिपोर्ट के बारे में भी विस्तृत जानकारी दी इस अवसर पर नवांकुर संस्था के अध्यक्ष सुनील राज, हरिओम मीना, धर्मेंद्र चंद्रवंशी, नटवर सिंह, अंशुल शर्मा, निक्कू शिवहरे आदि उपस्थित रहे।

## भविष्य निधि की ब्याज राशि आपके खातों में जल्द आएगी

**एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली**

कर्मचारी भविष्य निधि संगठन (ईपीएफओ) से जुड़े सदस्यों के पीएफ खातों में जल्द ही वित्तीय वर्ष 2025-26 की ब्याज धनराशि का हस्तांतरित किया जाएगा।

संभावना जताई जा रही है कि अगले कुछ महीनों के अंदर ब्याज की पूरी धनराशि ईपीएफओ द्वारा खातों में जमा हो जाएगा। इसको लेकर मंत्रालयों के स्तर पर प्रक्रिया तेजी से चल रही है। सूत्रों का कहना है कि श्रम एवं रोजगार मंत्रालय ने ब्याज संबंधी फाइल मंजूरी के लिए वित्त मंत्रालय को भेजी है, जिस पर जल्द मंत्रालय की मंजूरी मिलने की संभावना है। वहीं, ईपीएफओ के स्तर पर ब्याज की धनराशि खातों में जमा कराने की तैयारी पूरी है। बताया जा रहा है कि जैसे ही वित्त मंत्रालय पीएफ खाते में जमा अंशधारकों की धनराशि पर 8.25 प्रतिशत की दर से ब्याज को मंजूरी देगा तो खातों में धनराशि हस्तांतरित करने की प्रक्रिया को शुरू होगा।

## वोडा-आइडिया की एजीआर देनदारी को 27% घटाया

**एजेंसी ▸▸ मुंबई**

सरकार ने कर्ज में डूबी दूरसंचार कंपनी वोडाफोन आइडिया को राहत देते हुए उसकी समायोजित सकल राजस्व (एजीआर) देनदारी करीब 27 प्रतिशत घटाकर 64,046 करोड़ रुपये कर दी है। इसके साथ बकाया भुगतान पर पांच वर्ष की मोहलत भी दी गई है।

### बोझ : व्यावसायिक और छोटे गैस सिलेंडर की कीमतों में इजाफा

# गैस के दाम बढ़े, बाजार पर दिखेगा असर

**एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली**

महंगाई बढ़ने का एक दौर और आता नजर आ रहा है। केंद्र सरकार ने

व्यावसायिक और पांच किलोग्राम के एलपीजी सिलेंडर की कीमतों में इजाफा किया है। कमर्शियल सिलेंडर की कीमत में 993 रुपये और पांच किलो के सिलेंडर के दाम में 261 रुपये 50 पैसे की वृद्धि की गई है।



घरेलू गैस सिलेंडर के दाम में कोई बदलाव नहीं किया गया है, लेकिन पेट्रोलियम मंत्रालय के सूत्रों ने निकट भविष्य में पेट्रोल और डीजल के मूल्य में इजाफे से इनकार नहीं किया है। पश्चिम एशिया संकट, होर्मुज जलडमरूमध्य बंद होने की वजह से अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल के दाम बढ़े हैं। इससे तेल कंपनियों पर भी दबाव बढ़ा है। कच्चे तेल की कीमत 120 डॉलर के करीब है। पेट्रोलियम मंत्रालय में संयुक्त सचिव सुजाता शर्मा कह चुकी हैं कि तेल कंपनियों को पेट्रोल पर 20 और डीजल पर सौ रुपये प्रति लीटर का नुकसान हो रहा है। ऐसे में माना जा रहा है कि सार्वजनिक क्षेत्र की तेल कंपनियां आने वाले दिनों में पेट्रोल और डीजल की कीमतों में वृद्धि कर सकती है।

**तीन महीने में 1303 रुपये बढ़े दाम :** कीमतें बढ़ने के बाद दिल्ली में कमर्शियल गैस सिलेंडर 2,078.50 से बढ़कर 3,071.50 रुपये का हो गया है। कीमत में पिछले तीन महीने में 1303 रुपये की वृद्धि हुई। वहीं, पांच किलो के सिलेंडर की कीमत 549 रुपये से बढ़कर 810 रुपये 50 पचास पैसे हो गई है। प्रवासी मजदूरों, छात्रों ने लाखों की तादाद में छोटा सिलेंडर खरीदा है।

**कल से दिखने लगेगा असर:** ऐसे आसार है कि रविवार से ही कीमतों पर असर दिखने लगेगा। चाय पीने से लेकर रेस्टोरेंट के भोजन पर महंगाई का असर पड़ेगा। इससे पहले तीन बार कीमतें बढ़ने से चाय-समोसे, मैगी से लेकर अन्य खाद्य उत्पादों की कीमतों में 70 फीसदी तक की बढ़ोतरी हुई थी।

**अंतरराष्ट्रीय कंपनियों के लिए विमान ईंधन महंगा :** घरेलू विमानन कंपनी के लिए विमान ईंधन की कीमतों में बदलाव नहीं किया गया है। वहीं, अंतरराष्ट्रीय विमानन कंपनियों के लिए विमान ईंधन की कीमत 76.55 डॉलर प्रति किलोलीटर बढ़ाकर 1,511.86 डॉलर प्रति किलोलीटर कर दी है।

## नए वित्त वर्ष की जोरदार शुरूआत

**एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली**

देश का जीएसटी संग्रह अप्रैल 2026 में सर्वकालिक उच्च स्तर पर पहुंच गया है। शुक्रवार को जारी आंकड़ों के मुताबिक अप्रैल महीने में कुल जीएसटी राजस्व 2.43 लाख करोड़ रुपये प्राप्त हुआ, जो अब तक का सबसे बड़ा मासिक आंकड़ा है। यह पिछले वित्त वर्ष के इसी महीने की तुलना में 8.7 फीसदी ज्यादा है।

इससे पहले सबसे अधिक संग्रह अप्रैल 2025 के महीने में हुआ था, जो 2.37 लाख करोड़ रुपये था। नए आंकड़े बताते हैं कि वैश्विक अनिश्चितताओं के बावजूद, कारोबारी गतिविधियों में तत्काल कोई रुकावट नहीं आई है और नए वित्त वर्ष की शुरूआत मजबूत आर्थिक गतिविधियों के साथ हुई है। गौरतलब है कि सितंबर 2025 में जीएसटी दरों में कटौती के बाद इसके राजस्व में लगातार प्रवाह बना हुआ है। व्यापक जीएसटी सुधारों के तहत करीब 375 वस्तुओं पर कर दरें घटाई गईं और चार स्लैब को मिलाकर पांच एवं 18 प्रतिशत के दो कर स्लैब कर दिए गए। हालांकि कुछ विलासिता वाले एवं तंबाकू उत्पादों पर 40 प्रतिशत की उच्च दर बरकरार रखी गई है।

# विदेशियों के निवेश से जुड़े नियम सरल बनाए जाएंगे

**एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली**

भारत में विदेशी कंपनियों के लिए निवेश प्रक्रिया से जुड़े नियम जल्द आसान होने वाले हैं। सरकार ऐसे नियम लाने जा रही है, जिनके तहत अगर किसी विदेशी कंपनी में चीनी हिस्सेदारी 10 फीसदी तक है, तो उसे भारत में निवेश के लिए अलग से सरकारी मंजूरी नहीं लेनी होगी।


नए नियम जल्द ही विदेशी मुद्रा प्रबंधन अधिनियम (फेमा) कानून के तहत अधिसूचित किए जाएंगे।

गुरुवार को एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि नए नियम को लेकर अधिसूचना जल्द जारी हेगी। ध्यान रहे कि केंद्रीय मंत्रिमंडल ने बीते महीने (मार्च में) वर्ष 2020 के प्रेस नोट-3 में बदलाव को मंजूरी दी थी, जिसके बाद अब विदेशी कंपनियां भारत के किसी भी क्षेत्र में ऑटोमेटिक रूट से निवेश कर सकेंगी। इसमें 10 फीसदी तक चीनी हिस्सेदारी वाली कंपनियों को भी निवेश की छूट दी गई। हालांकि यह छूट चीन, हांगकांग में रजिस्टर्ड कंपनियों पर लागू नहीं होगी।

कुछ खास क्षेत्रों में आने वाले एफडीआई प्रस्तावों को 60 दिनों के भीतर मंजूरी दी जाएगी।

# राहत: एनपीएस में अब सीधे बैंक खाते में आएगा चिकित्सा भत्ता

### पेंशनर को यह भत्ता स्वचालित तरीके से बिना कागजी प्रक्रिया या आवेदन के मिलेगा



**एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली**

केंद्र सरकार ने राष्ट्रीय पेंशन प्रणाली (एनपीएस) के तहत आने वाले पेंशनरों के लिए बड़ा फैसला लिया है। अब उन्हें निश्चित चिकित्सा भत्ता पाने के लिए कोई बिल या दावा जमा नहीं करना पड़ेगा। यह राशि सीधे उनके बैंक खाते में भेजी जाएगी।

वित्त मंत्रालय ने हाल ही में इस संबंध में आदेश जारी किया है। इसके मुताबिक, राष्ट्रीय पेंशन प्रणाली के पात्र पेंशनर और पारिवारिक पेंशनर को यह भत्ता स्वचालित तरीके से मिलेगा यानी अब पहले की तरह कागजी प्रक्रिया या आवेदन की जरूरत नहीं होगी।

नई व्यवस्था में पेंशन देने वाले बैंक अपनी सेंट्रल पेंशन प्रोसेसिंग इकाइयों के जरिए यह भुगतान करेंगे। इसके लिए पहले केंद्रीय पेंशन लेखा कार्यालय (सीपीएओ) पात्रता की जांच करेगा और बैंक को अनुमति देगा, जिसके बाद पैसा सीधे खाते में जमा कर दिया जाएगा। विशेषज्ञों के मुताबिक, इस फैसले से बुजुर्ग पेंशनरों को बड़ी राहत मिलेगी, क्योंकि अब उन्हें मेडिकल बिल जमा करने या दफ्तरों के चक्कर लगाने की जरूरत नहीं पड़ेगी। साथ ही, भुगतान तेज और पारदर्शी होगा।

**हर तीन महीने में आएगा पैसा:** सरकार ने यह भी तय किया है कि यह राशि हर तीन महीने (तिमाही) में खाते में जमा की जाएगी, ताकि पेंशनरों को नियमित रूप से लाभ मिलता रहे। अगर कोई पेंशनभोगी अपना बैंक या ब्रांच बदलता है, तो ट्रांसफर की प्रक्रिया मौजूदा सीपीएओ दिशानिर्देशों के अनुसार होगी।

## जीवन प्रमाणपत्र देना अनिवार्य रहेगा

सरकार ने साफ किया है कि पेंशनभोगियों को हर साल नवंबर में अपना ह्यजीवन प्रमाणपत्रह्न जमा करना होगा, जिसे वे डिजिटल तरीके से या बैंक जाकर दे सकते हैं। अगर यह प्रमाणपत्र नवंबर में जमा नहीं किया गया, तो दिसंबर से पेंशन और चिकित्सा भत्ते के भुगतान पर असर पड़ सकता है।




### आठ विकेट की बड़ी जीत से सुपर किंग्स की उम्मीदें कायम

# चेन्नई के आगे मुंबई फिर धड़ाम

### गायकवाड़ और कार्तिक के नाबाद अर्धशतक

**एजेंसी ▸▸ चेन्नई**

चेन्नई सुपर किंग्स एक बार फिर अपने चिर प्रतिद्वंद्वी मुंबई इंडियंस पर भारी पड़ी। चेन्नई ने रविवार को लो स्कोरिंग मुकाबले में मुंबई को आठ विकेट से हराकर प्लेऑफ की अपनी उम्मीदें कायम रखी हैं। यह चेन्नई की मुंबई पर विकेट के हिसाब से सबसे बड़ी जीत है।

चेन्नई की 2023 के बाद यह मुंबई पर सात मुकाबलों में छठी जीत है। चेन्नई ने तीसरी बार मुंबई को एक सत्र में दोनों मुकाबलों में शिकस्त दी। इससे पहले 2014 और 2023 में ऐसा किया था। मुंबई की छठी हार के साथ आगे बढ़ने की राह लगभग खत्म हो गई है।

अंशुल कंबोज और नूर की अगुआई में गेंदबाजों के अनुशासित प्रदर्शन से चेन्नई ने पहले मुंबई को सात विकेट पर 159 रन पर रोक दिया। मुंबई की ओर से नमन धीर (57) ही चेन्नई के गेंदबाजों के सामने टिक पाए। चेन्नई ने लक्ष्य 18.1 ओवर में दो विकेट खोकर हासिल कर लिया। कप्तान रुतुराज गायकवाड़ ने नाबाद 67 और कार्तिक शर्मा ने नाबाद 54 रन बनाए। दोनों ने तीसरे विकेट के लिए 75 गेंदों में अटूट 98 रन की साझेदारी निभाई। बुमराह ने अपने पहले और पारी के दूसरे ओवर में सैमसन को आउट कर चेन्नई को पहला झटका दिया। उर्विल (24) ने गायकवाड़ के साथ दूसरे विकेट के लिए 49 रन जोड़कर पारी को संभाला। उर्विल ने कृष भगत के पहले ही ओवर में दो दर्शनीय छक्के जड़े। इनमें से एक बार गेंद को उन्होंने शानदार हेलिकॉप्टर शॉट के जरिए दर्शकों के बीच भेजा।

इस ओवर में 18 रन बने। हालांकि गजनफर के अगले ओवर में वह आउट हो गए। इसके बाद गायकवाड़ को इंपैक्ट प्लेयर कार्तिक का अच्छा साथ मिला। दोनों की टीम को जीत दिलाकर लौटे। कार्तिक (20 साल छह दिन) चेन्नई की ओर से म्हात्रे (17 साल 291 दिन) के बाद अर्धशतक जड़ने वाले दूसरे सबसे युवा खिलाड़ी हैं।



### सात साल बाद टॉस जीतकर बल्लेबाजी

मुंबई ने टॉस जीतकर चेन्नई के खिलाफ सात साल में पहली बार बल्लेबाजी की। इससे पहले उसने 2019 में हैदराबाद में खेले गए फाइनल में ऐसा किया था। तब टीम ने आठ विकेट पर 149 रन बनाए थे और चेन्नई को 148 पर रोककर एक रन की रोमांचक जीत के साथ खिताब जीता था। वहीं चेपॉक स्टेडियम में दो साल बाद किसी टीम ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी की। इससे पहले हैदराबाद ने 2024 के फाइनल में कोलकाता के खिलाफ ऐसा किया था।

## मेजबानी के लिए भारत को सुधार की जरूरत

**न्यूयॉर्क, एजेंसी।** ओलंपिक खेलों और अन्य प्रमुख वैश्विक प्रतियोगिताओं में डोपिंग रोधी कार्यक्रम का प्रबंधन करने वाली संस्था अंतरराष्ट्रीय परीक्षण एजेंसी के प्रमुख ने कहा है कि यदि भारत 2036 खेलों की मेजबानी करना चाहता है, तो उसे ह्यशासन और संरचनात्मक स्तर पर कई सुधारह्न करने होंगे। उन्होंने भारत में डोपिंग के मामलों की उच्च दर, खिलाड़ियों को ह्यपरीक्षण से पहले अग्रिम सूचना दिए जानेह्न और उनका नमूना नहीं देने पर चिंता व्यक्त की है। भारत 2030 में अहमदाबाद में राष्ट्रमंडल खेलों की मेजबानी करेगौ। खिलाड़ियों को अग्रिम सूचना : एजेंसी के महानिदेशक बेंजामिन कोहेन ने एक रिपोर्ट में कहा है कि अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक समिति ने संदेश दिया है कि यदि भारत 2036 खेलों की मेजबानी करना चाहता है, तो उसे ह्यशासन और संरचनात्मक स्तर पर कई सुधार करने होंगे।

## महिला टी-20 विश्व कप : यास्तिका-नंदिनी टीम में, प्रतिका-अमनजोत बाहर

**एजेंसी ▸▸ मुंबई**

भारत ने महिला टी-20 विश्व कप के लिए 15 खिलाड़ियों की टीम में ह्यअनकैप्डह्न (कोई अंतरराष्ट्रीय मैच नहीं खेला हो) खिलाड़ी नंदिनी शर्मा और विकेटकीपर-बल्लेबाज यास्तिका भाटिया को शामिल किया है। हालांकि प्रतिका रावल को टीम से बाहर कर दिया गया जबकि ऑलराउंडर अमनजोत कौर चोट के कारण टीम में जगह नहीं बना पाईं।

**हरमन को कमान :** हरमनप्रीत कौर सभी टीमों की कप्तानी करेंगी जबकि स्मृति मंधाना उप-कप्तान होंगी। चुनी गई टीम विश्व कप से पहले मेजबान इंग्लैंड के खिलाफ खेली जाने वाली तीन मैचों की टी-20 अंतरराष्ट्रीय सीरीज में भी हिस्सा लेगी। यह सीरीज 28 मई से शुरू होगी।

**रावल को टेस्ट टीम में जगह :** इंग्लैंड और वेल्स में 12 जून से 5 जुलाई तक होने वाले विश्व कप के लिए शनिवार को भारतीय टीम चुनी गई। प्रतिका रावल को हालांकि इंग्लैंड के खिलाफ होने वाले एकमात्र टेस्ट मैच के लिए टीम में शामिल किया गया है। यह मुकाबला 10 से 13 जुलाई के बीच लॉर्ड्स के मैदान पर खेला जाएगा। हरलीन देओल, प्रतिका रावल और सयाली सतघरे को इंग्लैंड के खिलाफ तीन मैचों की वनडे सीरीज के लिए भारत ए टीम में शामिल किया गया है।

## मुंबई महिला लीग में जाधव सबसे महंगी

मुंबई। मुंबई में पहली टी-20 महिला लीग की नीलामी में टीनएजर इरा जाधव सबसे महंगी खिलाड़ी रहीं। उन्हें आकाश टाइगर्स ने 10 लाख रुपये में खरीदा। नीलामी में 363 खिलाड़ियों पर बोली लगी और फ्रेंचाइजियों ने कुल 1.47 करोड़ रुपये खर्च कर 50 खिलाड़ियों को टीमों में शामिल किया। आकाश ने फातिमा जाफर (4.25 लाख), और मुंबई फाल्कन्स ने सिमरन शेख (7 लाख) तथा हर्ली गाला (5 लाख) को हासिल किया।

**Vividh FIN Solutions**
अनुभवी अकाउण्टेंट की आवश्यकता है
जिसे TDS, PF, GST, Balance Sheet Finalization का अनुभव हो, फुल टाइम, वेतन योग्यतानुसार।
Vivek Sharma
Mob.: 9406650396, 9826669932
Viveksharma142000@yahoo.co.in
248, 2nd Floor, Giriraj Heritage, Madhav Club Road, Ujjain

**मकान बेचना है**
गणेशपुरा मक्सी रोड मेन चौराहा, गली नंबर 1 में 20x40 में निर्मित सर्वसुविधा युक्त मकान बेचना है।
संपर्क
8717818385

**विज्ञप्ति**
क्षीरसागर कॉलोनी स्थित भूखण्ड क्रमांक 3 नजर अली मार्ग, पथ क्रमांक 3, उत्तरमुखी खुला भूखण्ड 46 फीट बाय 66 फीट विक्रय किया जाना है। वास्तविक इच्छुक व्यक्ति ही स्वयं सम्पर्क करें, मध्यस्थता स्वीकार्य नहीं है।
चन्द्रकान्त शुक्ला
मो. 9406801039

**आवश्यकता है**
दुकान पर काम करने हेतु युवक-युवती की। पेन्ट-शर्ट बनाने वाले कारीगर की भी आवश्यकता है।
संपर्क करें
9575555715, 9425094114

**कर्मचारी की आवश्यकता**
क्षिप्रा ढाबे पर अनुभवी वेटर हेल्पर किचन हैल्पर तंदूर वाला और सिक्युरिटी गार्ड की तुरंत आवश्यकता है
पता- हरिफाटक फ्लाईओवर ब्रिज इंदौर रोड उज्जैन, 761-0571808

**तुरंत लोन**
होम लोन, बिजनेस लोन, ट्रांसफर्म लोन, पर्सनल लोन, ऑफिस वर्क, फील्ड वर्क के लिए गर्ल्स वेतन 10500 रु.
पता: श्री फाइनेंस सर्विस, हार फूल की गली, फ्रीगंज, उज्जैन
मो. 9981248359

**प्लाट बेचना है**
गणेशपुरा, मक्सी रोड, संजोग गेस एजंसी के सामने 19'x55' और 15'x55' साइज के प्लाट बेचना है । प्रस्तावित फोरलेन से मात्र 100 फिट की दूरी पर। ब्रोकर बंधु कृपया क्षमा करे।
मो. 9131720147, 9424045696

**आवश्यकता है**
मार्केटिंग / सेल्समैन वेतन 12000 से 15000 योग्यतानुसार
(समय प्रात: 7.30 से 6 बजे तक लन्च 1 से 2.30)
नोट: जरूरतमंद एवं अनुभवी की आवश्यकता
पेट्रोल खर्च अतिरिक्त दिया जाएगा
संपर्क
मो.9575477077

**आवश्यकता है**
कारखाने में (उज्जैन) पैकेजिंग कार्य हेतु महिलाओं एवं आदमियों की
संपर्क करें
9300405252

**आवश्यकता है**
कर्मचारियों की आवश्यकता रेस्टोरेंट में कार्य करने हेतु रोटी वाली बाई एवं दो वेटर की आवश्यकता है
संपर्क मोबा.
9827 820 470

**अवश्यकता है**
पेन्ट बनाने वाले कारीगरों की व शर्ट व सफारी बनाने वाले कारीगरों की आवश्यकता है।
मेमोरियल टेलर्स शहीद पार्क फ्रीगंज (उज्जैन)
मो. 9425094114

**आवश्यकता**
होटल हिमालया ग्रीन
खाना खजाना मक्खन वाला रेस्टोरेन्ट देवास रोड, उज्जैन (म.प्र.)
1- तवा रोटी बनाने वाले
2- वेटर
3- चायनीज एवं साऊथ इंडियन सेफ
10, ए विनय नगर देवास रोड, उज्जैन (म.प्र.)
मो. 9575279117

**रद्दी बेचना है**
अखबारी फ्रेश रद्दी, थोक रेट में टनों से 10-10 किलो के बंडल में बेचना है
संपर्क
7773077762

**अवश्यकता है**
दुकान पर काम करने हेतु युवक और युवती की। कोट पेन्ट बनाने वाले कारीगर की व शर्ट व सफारी बनाने वाले कारीगरों की आवश्यकता है। प्रोमिस टेलर मेट्रो टॉकीज के सामने (उज्जैन)
संपर्क करें
7974817308, 9516848052

**रेंट पर देना/आवश्यकता**
1- उज्जैन मेन रोड चिमनगंज मंडी के सामने 2400 स्क्वे. फीट का शोरूम रेंट पर देना है। ऑफिस, बैंक के लिए
2- साड़ी शोरूम पर सेल्सगर्ल व सेल्समेन की आवश्यकता है। वेतन 10000 से 20000 रुपए
संपर्क
9826398272

**कर्मचारियों की आवश्यकता है**
इंदौर में रियल स्टेट कंपनी के ऑफिस में महिला एवं पुरुष कर्मचारियों की आवश्यकता है। अनुभवी और फ्रेशर दोनों संपर्क करें, सेल्स एग्जीक्यूटिव एंड टेलीकॉलिंग
सुपर कॉरिडोर और विजयनगर इंदौर
मोबा. +91 89629 44070

**वॉटर प्रुफिंग**
करवाएं काफी कम रेट में
विजीट चार्ज 499/-
ईट का कॉवा वॉटर प्रूफिंग भी किया जाता है।
बदली के ड्रायवर की आवश्यकता हो तो संपर्क करें
9977140280

## न्यूज कॉलम

### शेयर मार्केट में मुनाफे का झांसा देने वाला एडवाइजरी कंपनी का डायरेक्टर गिरफ्तार

**इंदौर।** शेयर मार्केट और डीमैट अकाउंट खुलवाने के नाम पर ठगी के मामले में फरार चल रहे आरोपी को पुलिस ने दबोच लिया है। अब उससे पूछताछ कर पूरे नेटवर्क की जानकारी जुटाई जा रही है। तुकोगंज पुलिस ने शनिवार रात एडवाइजरी कंपनी संचालक मनीष पांडे को हिरासत में लिया। वह रेसकोर्स रोड स्थित अपने ऑफिस के पास से पकड़ा गया। इस मामले में पहले विनोद दीक्षित के नेतृत्व में कंपनी पर दबिश दी गई थी, जिसमें कुछ कर्मचारियों को पकड़ा गया था। पुलिस के अनुसार, रेसकोर्स रोड पर संचालित इन्फिनिक्स इन्फोटेक नाम की एडवाइजरी कंपनी के खिलाफ अप्रैल में कार्रवाई की गई थी। देपालपुर और अन्य जिलों के युवकों ने शिकायत की थी कि कंपनी शेयर मार्केट में मुनाफे और डीमैट अकाउंट खुलवाने के नाम पर लाखों रुपए की ठगी कर रही है। जांच में सामने आया कि इस कंपनी के संचालक मनीष पांडे सहित अन्य लोगों को आरोपी बनाया गया था। शनिवार को पुलिस ने मनीष को पकड़ लिया और उससे पूछताछ की जा रही है। पुलिस को यह भी जानकारी मिली है कि कंपनी को एडवाइजरी के लिए सॉफ्टवेयर उपलब्ध कराने वाला विशाल नाम का युवक है। अब पुलिस मनीष से पूछताछ कर उसके नेटवर्क और अन्य सहयोगियों की जानकारी जुटा रही है। इस मामले में पहले भी कुछ आरोपियों को गिरफ्तार किया जा चुका है, जिन्हें बाद में जमानत मिल गई थी। मनीष पांडे लंबे समय से पुलिस से बच रहा था। सूत्रों के मुताबिक, कार्रवाई के बाद भी वह ऑफिस आता-जाता रहा। फिलहाल पुलिस उससे पूछताछ कर रही है और आगे की कार्रवाई जारी है।

### बैंक कर्मचारी बनकर बुजुर्ग महिला को निवेश के झांसे में लेकर डेढ़ लाख रुपये हड़पे

**इंदौर।** भंवरकुआं थाना क्षेत्र में धोखाधड़ी के दो मामले सामने आए हैं। दोनों मामलों में पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। एक मामले में बदमाश ने बैंक कर्मचारी बनकर बुजुर्ग महिला को कॉल किया और उनके दो बैंक खातों से 1 लाख 49 हजार 727 रुपए निकाल लिए। दूसरे मामले में एक युवक ने यूट्यूब पर विज्ञापन देखा। विज्ञापन पर क्लिक करते ही वह एक वेबसाइट पर पहुंचा, जहां निवेश का लालच देकर बदमाशों ने उससे तीन लाख रुपए ठग लिए। दोनों मामलों में पुलिस जांच कर रही है। भंवरकुआं पुलिस के मुताबिक, शिवमोती नगर निवासी राखी आहुजा (71) की शिकायत पर अज्ञात आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज किया है। बदमाश ने महिला को कॉल कर खुद को स्टेट बैंक ऑफ इंडिया का कर्मचारी बताया और पेंशन योजना के नाम पर बातचीत शुरू की। उसने महिला से कहा कि यदि बैंक डिटेल अपडेट नहीं की गई तो उनकी पेंशन बंद हो जाएगी। इसके बाद बदमाश ने उनके बैंक खातों की जानकारी, पासवर्ड और ओटीपी हासिल कर लिया। फिर स्क्रीन शेयरिंग के जरिए उनके दो बैंक खातों से 1 लाख 49 हजार 727 रुपए निकाल लिए। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

**यूट्यूब विज्ञापन के जरिए तीन लाख की ठगी-** भंवरकुआं थाना क्षेत्र में रामप्रीत गुर्जर की शिकायत पर अज्ञात आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज किया है। फरियादी ने पुलिस को बताया कि उसने यूट्यूब पर एक कंपनी का विज्ञापन देखा। विज्ञापन के जरिए वह एक वेबसाइट पर पहुंचा, जहां निवेश पर ज्यादा मुनाफे का लालच दिया है। फरियादी इस झांसे में आ गया और उससे तीन लाख रुपए की धोखाधड़ी कर ली गई। पुलिस ने मामला दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है।

### इंदौर आकर मां-बेटे लेते थे एमडी-डोडाचूरा का ऑर्डर, 16 लाख रुपए का माल बरामद

**इंदौर।** इंदौर क्राइम ब्रांच ने एमडी ड्रग्स और डोडाचूरा की तस्करी करने वाले मां-बेटे को गिरफ्तार किया है। दोनों रतलाम से इंदौर आकर ड्रग्स सप्लाई का नेटवर्क चला रहे थे। पुलिस ने इनके पास से करीब 16 लाख रुपए का मादक पदार्थ और अन्य सामान बरामद किया है। इंदौर क्राइम ब्रांच को मुखबिर से सूचना मिली थी कि रतलाम जिले के पिपलौदा निवासी नावेद खान और उसकी मां मुमताज शहर में ड्रग्स की सप्लाई के लिए आने वाले हैं। सूचना के आधार पर टीम ने पत्थर गोदाम रोड पर जाल बिछाकर दोनों को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने जब तलाशी ली तो उनके बैग से 159 ग्राम एमडी ड्रग्स और 990 ग्राम डोडाचूरा बरामद हुआ। अंतरराष्ट्रीय बाजार में इसकी कीमत करीब 16 लाख रुपए बताई जा रही है। साथ ही बाइक सहित कुल 16 लाख 80 हजार रुपए का माल जब्त किया गया है। डीसीपी क्राइम ब्रांच राजेश कुमार त्रिपाठी के मुताबिक, दोनों आरोपी लगातार इंदौर आकर ड्रग्स के ऑर्डर लेते थे। उनकी गतिविधियों पर नजर रखने के बाद यह कार्रवाई की गई। जांच में सामने आया है कि नावेद गैरेज पर काम करता है, जबकि उसकी मां दिहाड़ी मजदूरी करती है। ज्यादा पैसे कमाने के लालच में दोनों ड्रग्स सप्लाई के नेटवर्क से जुड़ गए। ये लोग ऑर्डर लेने के बाद स्थानीय डिस्ट्रीब्यूटर से माल लेकर सप्लाई करते थे। फिलहाल क्राइम ब्रांच आरोपियों से पूछताछ कर रही है और यह पता लगाने की कोशिश की जा रही है कि ड्रग्स कहां से लाई जाती थी और शहर में किन लोगों को सप्लाई की जाती थी। पुलिस को कुछ अहम सुराग भी मिले हैं, जिनके आधार पर आगे और गिरफ्तारियां होने की संभावना है। डीसीपी ने बताया कि 1 जनवरी 2026 से अब तक एनडीपीएस एक्ट के तहत 26 मामले दर्ज किए गए हैं, जिनमें 41 आरोपियों की गिरफ्तारी हो चुकी है।

### हाईकोर्ट में नौकरी लगाने का झांसा, फर्जी नियुक्ति आदेश और सील भी की तैयार

**इंदौर।** इंदौर की एक महिला को हाईकोर्ट में नौकरी लगाने का झांसा देकर ठगी करने वाले आरोपी को तुकोगंज पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। उसने खुद को हाईकोर्ट का कर्मचारी बताया था और महिला से 25 हजार रुपए लेकर उन्हें उच्च न्यायालय जबलपुर की फर्जी सील लगा हुआ फर्जी ज्वाइनिंग लेटर भी दे दिया। तुकोगंज पुलिस के मुताबिक मामले में स्वाति बाथम निवासी तलावली चंदा ने शिकायत दर्ज कराई थी। महिला ने पुलिस को बताया था कि लक्ष्मण मेहरा नाम के व्यक्ति ने खुद को हाईकोर्ट का कर्मचारी बताकर उन्हें सहायक क्लर्क के पद पर नौकरी दिलाने का झांसा दिया और महिला से नौकरी के नाम पर 25 हजार रुपए नकद ले लिए और उन्हें उच्च न्यायालय जबलपुर का फर्जी सील लगा हुआ फर्जी ज्वाइनिंग लेटर दे दिया। महिला को संदेह हुआ तो उन्होंने हाईकोर्ट रिसेप्शन पर जाकर लेटर की जांच करवाई तो वह फर्जी निकला। जिस पर महिला ने थाने में शिकायत की। पुलिस ने केस दर्ज कर आरोपी की तलाश शुरू की। टीआई जितेंद्र चौहान के नेतृत्व में एक टीम बनाई गई और आरोपी लक्ष्मण (31) पिता देवी सिंह मेहरा निवासी ग्राम खुरपा, जिला नरसिंहपुर हाल पता विजय नगर इंदौर को गिरफ्तार किया। आरोपी ने ठगी को अंजाम देने के लिए कुछ पैतरे अपनाए। जब वह मेघदूत चौपाटी पर मुलाकात करने गया तो उसने खुद को रसूखदार कर्मचारी बताया और विश्वास जीतने के लिए फर्जी आवेदन पत्र भी उपलब्ध कराया। जालसाजी करने के लिए उसने महिला को गीता भवन चौराहे बुलाया और फर्जी ज्वाइनिंग लेटर दिया, ताकि उसे शक ना हो। इधर, पुलिस आरोपी से पूछताछ कर ये जानकारी निकाल रही है कि उसने ऐसे कितने बेरोजगारों को ठगी का शिकार बनाया है और इसमें कौन-कौन शामिल हैं।

### जानापाव के पास दो युवकों की मौत का मामला अब हत्या में बदल गया

**इंदौर।** महू के मानपुर थाना क्षेत्र में जानापाव के पास दो युवकों की मौत का मामला अब हत्या में बदल गया है। जिसे पुलिस पहले सड़क हादसा समझ रही थी, वह दरअसल रंजिश के चलते किया गया हमला निकला। घायल युवक के चौंकाने वाले बयान के बाद पुलिस ने केस की दिशा बदल दी है। घायल युवक बलराम ने पुलिस को बताया कि 29 अप्रैल की रात वह अपने दोस्तों के साथ नांदेड़ में एक शादी से लौट रहा था। शादी के दौरान ही कुछ लड़कों से उनकी मामूली कहासुनी हुई थी। रास्ते में दो बाइक और एक्टिवा पर सवार करीब 6 बदमाशों ने उन्हें रोका और जानबूझकर उनकी गाड़ी को टक्कर मार दी। बलराम के मुताबिक, गिरने के बाद बदमाशों ने उन पर चाकुओं से हमला कर दिया। इस हमले में शैलेंद्र (निवासी कुलवाड़ी) और अतुल मकवाना की मौत हो गई, जबकि बलराम के सिर और पैरों में गंभीर चोटें आई हैं। पुलिस ने अब इस मामले में हत्या का मुकदमा दर्ज कर लिया है। इधर, इंसाफ की मांग को लेकर मृतकों और घायल के परिजन ने शनिवार सुबह से ही मानपुर थाने को घेर रखा है। परिजन का कहना है कि पुलिस ने जिन संदिग्धों को पकड़ा है, उनकी शक्ल दिखाई जाए, लेकिन पुलिस अभी पहचान उजागर नहीं कर रही है।

---

**प्राधिकरण नहीं ले रहा रुचि : छावनी अनाज मंडी के लिए मोरोद में वन विभाग से नहीं मिली जमीन**

# मोरोद में मंडी बनाने का सपना अधर में ही अटका

दैनिक अवन्तिका ▶▶ इंदौर

छावनी अनाज मंडी के लिए मोरोद में वन विभाग से जमीन नहीं मिली है, जिसके बाद कृषि उपज मंडी प्रशासन का मोरोद में मंडी बनाने का सपना अधर में ही अटक गया है। वर्षों बाद भी कृषि उपज मंडी को शिफ्ट नहीं किया जा सका है। बताया जा रहा है कि विकास प्राधिकरण ने कृषि उपज मंडी को मोरोद में बनाने से हाथ खींच लिए हैं।

इसके लिए आईडीए ने यह तर्क दिया कि वन विभाग से जमीन दिलाना कृषि उपज मंडी का कार्य है, लेकिन इसके पीछे जो कहानी सामने आई वह आईडीए की छावनी कृषि उपज मंडी की जमीन को हथियाने की योजना पर पानी फिरने जैसा है।



सूत्रों का कहना है कि पूर्व में आईडीए ने कृषि उपज मंडी प्रशासन से पूर्व में यह अनुबंध किया था कि वह मोरोद में कृषि उपज मंडी को विकसित करके देंगे। जिसके एवज में छावनी उपज मंडी की जमीन आईडीए लेगा लेकिन इस मंशा पर वर्तमान के मंडी सचिव ने पानी फेरते हुए आईडीए को दो टूक जवाब दे दिया कि वह छावनी मंडी की जमीन आईडीए को नहीं देंगा।

यदि मोरोद में वन विभाग से जमीन मिलती है, तो मंडी प्रशासन ही मोरोद में मंडी बनवाने का कार्य कर लेगा। मंडी के इंजीनियर ही मोरोद में मंडी निर्माण करवाने का कार्य संभाल लेंगे। मोरोद में आधुनिक उपज मंडी को बनाने का प्रस्ताव करीब 15 साल पहले बना था। आज तक राजस्व विभाग ने जमीन वन विभाग से लेकर कृषि उपज मंडी को हस्तांतरित नहीं की है। यहां जिस जमीन पर वन विभाग दांवा कर रहा है उसी के बीच में राजस्व विभाग की जमीन भी सम्मिलत है, लेकिन राजस्व विभाग ने आज तक जमीन को लेने के लिए कोई पहल नहीं की है। राजस्व विभाग यदि अपनी जमीन को लेने के लिए कदम उठाते हुए यहां सीमांकन कराएगा तो राजस्व विभाग के पास कितनी जमीन है यह स्पष्ट हो जाएगा। इसके बाद वन विभाग से कितनी जमीन लेना है उसके लिए एक लंबी प्रकिया से गुजरने के बाद वन विभाग से जमीन कृषि उपज मंडी को हस्तांतरित होगी। इसके लिए कृषि उपज मंडी प्रशासन को जमीन लेने के लिए काफी संघर्ष करना पड़ेगा। छावनी उपज मंडी को मोरोद में शिफ्ट करने के बाद मंडी प्रशासन की मंशा है कि वह छावनी मंडी की बेशकीमती जमीन जो शहर के बीचों बीच स्थित है पर मसाला मंडी बनाएं।

#### मसाला मंडी नहीं होने से किसान परेशान

शहर में फिलहाल कोई मसाला मंडी नहीं है। इस कारण किसानों को मसाला की उपज बेचने के लिए परेशान होना पड़ता है और व्यापारी उनके माल को सस्ते भाव में खरीद कर स्वयं ही मुनाफा कमाते है। इसके विपरीत मसाला की खेती करने वाले किसान स्वयं को ठगा सा महसूस करते है। प्रदेश में भोपाल और नीमच में ही मसाला मंडी है इन्हें छोड़ कर अन्य जिलों में कोई मसाला मंडी नहीं होने से किसान परेशान ही रहते हैं। यदि इंदौर में मसाला मंडी बनेगी तो भविष्य में इससे शहर में मसाला कारोबार भी विकसित होगा। आईडीए सीईओ परीक्षित झाड़े ने बताया कि यह बात बिल्कुल सही है कि छावनी मंडी की जमीन का अधिग्रहण आईडीए द्वारा किए जाने पर मोरोद में मंडी विकसित करने का आईडीए से प्रपोजल हुआ था, लेकिन मंडी प्रशासन द्वारा छावनी उपज मंडी की जमीन देने से इंकार करने पर आईडीए ने मोरोद में कृषि उपज मंडी को विकसित करने से इंकार कर दिया। मंडी सचिव ओपी खेड़े ने बताया कि हम छावनी उपज मंडी जब भी शिफ्ट होगी, तो छावनी उपज मंडी की जमीन पर मसाला मंडी विकसित करेंगे। फिलहाल मोरोद में कृषि उपज मंडी विकसित करने में जमीन को लेकर स्थिति स्पष्ट नहीं हुई है जिसके लिए राजस्व विभाग को पत्र लिखा गया है।

---

**नवकारसी विवाद ने पकड़ा तूलः सोशल मीडिया पर कोल्ड वार**

## कब तक यूं झगड़ते रहेंगे : आचार्य मुक्तिसागर सूरि

दैनिक अवन्तिका ▶▶ इंदौर

महावीर जन्म कल्याणक दिवस पर आयोजित नवकारसी कार्यक्रम में व्यवधान को लेकर शुरू हुआ विवाद थम नहीं रहा है। श्वेतांबर जैन समाज के विभिन्न धड़ों में यह मुद्दा चर्चा में है। महासंघ को भेजे गए मानहानि नोटिस के बाद विवाद और गहरा गया है।

विवाद के करीब 29 दिन बाद जारी महासंघ के स्पष्टीकरण ने स्थिति स्पष्ट करने के बजाय नए सवाल खड़े कर दिए हैं। समाज के कई वर्गों का मानना है कि इस वक्तव्य में अपेक्षित संतुलन, संवेदनशीलता और आत्ममंथन का अभाव रहा। स्पष्टीकरण की भाषा और समय को लेकर भी असंतोष सामने आया है, जिससे महासंघ की विश्वसनीयता पर प्रश्नचिह्न खड़े हुए हैं। यह मुद्दा अब सोशल मीडिया के विभिन्न समूहों में भी प्रमुखता से उठाया जा रहा है। समाजजनों के बीच आरोप-प्रत्यारोप, प्रतिक्रियाएं, अपील और समझाइश का सिलसिला जारी है, जिससे विवाद और चर्चा का केंद्र बना हुआ है।



**आचार्य मुक्तिसागर सूरि ने हस्तक्षेप कर शांति की अपील की-** विवाद को शांत करने के प्रयास में जैन संत आचार्य मुक्तिसागर सूरि ने समाज के सोशल मीडिया ग्रुप में हस्तक्षेप करते हुए दोनों पक्षों से संयम और संवाद का आग्रह किया है। उन्होंने अपने संदेश में कहा कि महावीर जन्म कल्याणक जैसे पवित्र अवसर से जुड़ा विवाद एक महीने बाद भी थम नहीं रहा, जो चिंताजनक है। उन्होंने समाज को भगवान महावीर के क्षमा और सहिष्णुता के सिद्धांतों का पालन करने की सलाह दी।

**क्षमा ही धर्म का आभूषण-** आचार्य ने अपने संदेश में कहा कि समाज में मतभेद होना स्वाभाविक है, लेकिन समाधान का मार्ग संघर्ष नहीं, बल्कि क्षमा और संवाद है। उन्होंने उदाहरण देते हुए समझाया कि जैसे शरीर के अंग आपस में टकराने पर भी हम उन्हें दंडित नहीं करते, उसी तरह समाज के भीतर भी आपसी समझ और सहनशीलता जरूरी है।

#### एकता का आह्वान भविष्य के लिए सुझाव

आचार्य मुक्तिसागर सूरि ने दोनों पक्षों से आपसी मतभेद भुलाकर समाजहित में कार्य करने की अपील की। उन्होंने सुझाव दिया कि भविष्य में सभी जैन संप्रदाय मिलकर एकजुट होकर आयोजन करें, ताकि देश और दुनिया में एकता का संदेश जाए।

**नेतृत्व और कार्यशैली पर उठे सवाल-** इस पूरे विवाद ने महासंघ नेतृत्व की कार्यशैली को भी सवालों के घेरे में ला दिया है। समाज के एक वर्ग का मानना है कि समय पर संवाद और समन्वय के अभाव ने विवाद को बढ़ाया। साथ ही, एकला चलो जैसी कार्यशैली और परामर्श की कमी को लेकर भी असंतोष सामने आया है।

---

## एमबीए छात्र की संदिग्ध मौत

### अचानक तबीयत बिगड़ने पर दोस्त अस्पताल ले गए जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया

दैनिक अवन्तिका ▶▶ इंदौर

इंदौर के भंवरकुआ इलाके में रहने वाले एक एमबीए छात्र की संदिग्ध परिस्थितियों में शनिवार को मौत हो गई। मृतक मूल रूप से बैतूल का रहने वाला था। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

जानकारी के मुताबिक छात्र अमित पुत्र सुरेश यादव भोलाराम उस्ताद मार्ग स्थित किराए के कमरे में रहता था। शनिवार को अचानक उसकी तबीयत बिगड़ गई, जिसके बाद उसका दोस्त उसे इलाज के लिए एमवाय अस्पताल लेकर पहुंचा। यहां डॉक्टरों ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया।

पुलिस के अनुसार अमित के पिता बैतूल में शिक्षक हैं, जबकि उसका एक बड़ा भाई माता-पिता के साथ ही रहता है। फिलहाल मौत के कारण स्पष्ट नहीं हो पाए हैं।

**डिश एंटिना लगाते हुए गिरे युवक की मौत-** इंदौर के लसूड़िया में रहने वाले एक व्यक्ति की एमवाय अस्पताल में उपचार के दौरान मौत हो गई। उसे डिश एंटिना लगाते हुए छत से गिरने के बाद 13 अप्रैल को अस्पताल में भर्ती कराया गया था। तब से उनका इलाज चल रहा था। पुलिस ने मामले में मर्ग कायम किया है।

पुलिस के मुताबिक राजेश (46) पुत्र श्यामलाल विनेखा निवासी पिंक सिटी 13 अप्रैल को निरजपुर इलाके में एक घर की दूसरी मंजिल पर डिश एंटिना लगा रहा था। इस दौरान पैर फिसलने के चलते वह नीचे आ गिरा। सिर में गंभीर चोट लगने के चलते उनका इलाज चल रहा था, शनिवार देर रात उसे डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया।

राजेश के परिवार में उनके दो बेटे ओर एक बेटी है। पुलिस हादसे को लेकर लापरवाही बरतने के मामले में जांच कर रही है।

---

## बेटी की हत्या करने वाले पिता को उम्रकैद

दैनिक अवन्तिका ▶▶ इंदौर

चरित्र संदेह में अपनी ही नाबालिग बेटी की हत्या करने वाले आरोपी पिता को जिला कोर्ट ने आजीवन कारावास की सजा सुनाई। आरोपी ने बेटी का गला घोंटकर हत्या करने के बाद शव को घर में रखे ड्रम में छिपा दिया था।

घटना 27 नवंबर 2018 की है। सुदामा बाई ने परदेशीपुरा थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि वह अपने पति बबलेश, बेटी रानी और बेटे अंकुश के साथ फिरोज गांधी नगर स्थित किराए के मकान में रहती थी। घटना के दिन जब वह रात करीब 8.30 बजे घर लौटी, तो पति ने बेटी रानी के बारे में पूछने पर कहा कि वह इलाज के लिए गई है। इसके बाद आरोपी ने पत्नी के चरित्र पर संदेह जताते हुए विवाद शुरू कर दिया और आरोप लगाया कि बेटी भी इसमें उसकी मदद करती है। विवाद के दौरान आरोपी ने कुल्हाड़ी से पत्नी पर हमला करने की कोशिश की। विरोध करने पर उसने पहले से तैयार जहर पिलाने का प्रयास किया। जब पत्नी ने जहर पीने से मना कर दिया तो आरोपी ने खुद जहर पी लिया और जहरीली गोलियां भी खा ली। इसके बाद परिजन उसे उपचार के लिए एमवाय अस्पताल ले गए। अस्पताल में उपचार के दौरान जब बेटी के बारे में पूछा गया तो आरोपी ने खुलासा किया कि उसने रानी की हत्या कर शव को घर में रखे ड्रम में छिपा दिया है। परिजन जब घर पहुंचे, तो कमरे में रखे ड्रम के अंदर बेटी का शव मिला।

स्कूल किराये पर देना है
नर्सरी से आठवी मान्यता प्राप्त (एमपी बोर्ड) स्कूल किराये पर देना है।
लोकेशन- घोंसला के पास, महिदपुर रोड पर
टोटल एरिया 28500 स्क्वेयर फीट
6000 स्क्वेयर फीट पर बिल्डिंग बना हुआ।
प्लेज ग्राउंड एवं संपूर्ण फर्नीचर के साथ
मो. 8770738811

सीमेन्ट आर्टिकल के थोक एवं खेरची विक्रेता
ए.के. ट्रेडर्स
फ्रन्ट एलीवेशन, फैन फ्लावर, फ्लावर बार्डर, कालम कुम्भी, कवेलु ब्लाक, बिल्सी, राजधानी पैटर्न मेहराब खम्बे डिजाईन वाले, लालटेन, तोड़ी पे. आर.सी.सी. चेम्बर, ड्रेनेज लाईन एवं समस्त
ऑफिस : 220/5, नामदार, रवीदास धर्मशाला के सामने, उज्जैन (म.प्र.)
अखलाक हुसैन, मुस्तकिम हुसैन
मोबाइल 9827253852, 83192 9962, 7869555897

हस्तरेखाएं बोलती है कब? क्यों? कैसे?
जीवन की कठिन परेशानियों व्यापार नहीं चलना, विवाह या प्रेम विवाह में बाधा, कर्ज का बोझ, गृह कलेश, मानसिक अशांति व आर्थिक समस्याओं का सटीक हल प्राप्त करें। शुद्ध जन्म पत्रिका बनवाने व पत्रिका मिलान हेतु सम्पर्क करें।
पं. रुपेश रमेशचंद्र नाहर
(M.A. Astrologer)
प्रसिद्ध ज्योतिषाचार्य, भारतीय ज्योतिष विज्ञान संस्थान
नानाखेड़ा बस स्टेण्ड के पीछे, ए-5/8, महाकाल वाणिज्य केन्द्र, सांई पैलेस होटल के सामने, उज्जैन
नोट- फोन पर समय लेकर मिले। समय दोपहर 1 से 5 बजे तक
मोबाइल- 9827007312, 98277-33384
(web.www.jyotishdham.in)

उज्जैन में पहली बार मालवा का
नया स्वाद नया व्यंजन
दाल टिक्कड़
कोयले की आंच पर सीके हुए
पार्सल सुविधा उपलब्ध
होटल सांई दरबार
A PURE VEGETARIAN RESTAURANT
22, बख्तार मार्ग, होटल सांई पैलेस के पास, फ्रीगंज, उज्जैन
फोन नं. 0734-4061888 मो. 9009866000

पारिवारिक यात्रा स्पेशल स्लीपर बस द्वारा
केदारनाथ/अमरनाथ यात्रा 2026
गंगोत्री, यमनोत्री, केदारनाथ, बद्रीनाथ, हरिद्वार ऋषिकेश, मथुरा, गोकुल, वृन्दावन एवं अन्य तीर्थ स्थलों के दर्शन
स्लीपर बस किराया, चाय, नाश्ता, भोजन तथा ठहरने की उत्तम व्यवस्था के साथ
यात्रा अवधि- 15 से 17 दिन रहेगी।
अमरनाथ यात्रा की बुकिंग चालू है
- संपर्क -
गिरीश श्रीवास्तव मो. 8817438104
विपीन श्रीवास्तव मो. 9826063354
अन्नपूर्णा बस सर्विस
कोयला फाटक चौराहा, उज्जैन (म.प्र.)

झारडा
मकान बेचना है
Size 12.5x30
मैन रोड नाग मंदिर चौक, शांतिलाल दसेड़ा के पास, झारडा
नागदा
मकान बेचना है
Size 20x40
श्रीराम कॉलोनी सरस्वती स्कूल के पास, नागदा
संपर्क : गोपाल सोनी- मो. 9806179344

जय श्री महाकाल
ऑल कंस्ट्रक्शन वर्क के लिए एजेक्स फ्लोरी 2300 के.जी. किराये से 24 घंटे उपलब्ध है।
ए.के. सिंह मो. 7748813792
सिविल इंजीनियर की आवश्यकता है।
देवास रोड, आरके क्लब कॉलोनी, अभिलाषा के पीछे, उज्जैन

बिना ऑपरेशन कान के मवाद से मुक्ति
कटे कान जुड़वाएं
किडनी की पथरी का अंत तुरंत
निःशुल्क दवा प्राप्त करें
डॉ. पी.पी. ओझा
कर्ण रोग विशेषज्ञ
9425360006,9425107617
प्रति शनिवार को मिले
निकास चौराहा बुधवारिया, उज्जैन

मुद्रक/प्रकाशक सुरेन्द्र मेहता द्वारा अवन्तिका प्रकाशन के लिए अवन्तिका ऑफसेट, 2, रानी लक्ष्मीबाई मार्ग, उज्जैन से मुद्रित एवं प्रकाशित। सम्पादक : सुरेन्द्र मेहता। फोन - उज्जैन : 0734-4041777, 9827771777, इन्दौर : 0731-4085777, 9827772777 e-mail : awantikapress@yahoo.com